* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

15 मार्च, 2023
चैत्र, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 144

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

भारत दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश, टॉप 20 प्रदूषित शहरों में 19 एशिया के










# राजीव अरुण एक्का ने इडी से मांगा समय

## आज 11 बजे होनी थी पूछताछ, विधानसभा सत्र का दिया हवाला

- सोमवार को भेजा था समन इडी कर चुकी थी तैयारी
- विशाल चौधरी के कार्यालय में बैठ कर सरकारी फाइलें निबटाने का है आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव आइएएस राजीव अरुण एक्का ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से समय मांगा है। सूत्रों के मुताबिक उन्होंने विधानसभा सत्र चलने का हवाला दिया है। उन्होंने कहा है कि 23 मार्च तक विधानसभा सत्र चलेगा। इसलिए 15 मार्च को उपस्थित नहीं हो पायेंगे। वह सत्र के बाद इडी के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। गौरतलब है कि इडी ने 15 मार्च को उन्हें सुबह 11 बजे एयरपोर्ट रोड स्थित अपने कार्यालय में हाजिर होने के लिए सोमवार को समन भेजा था। एक्का से पूछताछ के लिए इडी टीम ने पूरी तैयारी कर ली थी। जानकारी के अनुसार उनसे पूछे जानेवाले तीन दर्जन सवाल तैयार किये गये हैं। सूत्रों के मुताबिक राजीव अरुण एक्का ने एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाले के सिलसिले में इडी की छापामारी के दौरान बरामद कतिपय दस्तावेजों के बारे में उनसे सवाल किये जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इडी को विशाल चौधरी की मोबाइल से एक्का के संबंध में कुछ साक्ष्य मिले हैं, जिससे मनी लांड्रिंग की पुष्टि हुई है। जांच एजेंसी एक्का से जानना चाहेगी कि विशाल चौधरी से उनके क्या संबंध हैं। क्या दोनों के बीच पैसों का लेन-देन भी होता रहा है। एक्का झारखंड के तीसरे आइएएस अधिकारी हैं, जिनसे इडी पूछताछ करेगी। इससे पहले पूजा सिंघल और साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ की जा चुकी है।

**जांच के लिए एक सदस्यीय कमेटी का गठन :** इडी द्वारा एक्का को समन भेजने के कुछ घंटे बाद राज्य सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए एक सदस्यीय कमिटी नियुक्त कर दिया। कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग ने झारखंड हाइकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में इस कमिटी का गठन किया। यह कमिटी छह माह में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।

**क्या है पूरा मामला :** पिछले सप्ताह राजीव अरुण एक्का पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने गंभीर आरोप लगाये थे। उन्होंने 22 सेकेंड का एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया था कि सत्ता के दलाल विशाल चौधरी के ऑफिस में बैठ कर राजीव अरुण एक्का सरकारी फाइलें निपटाते हैं। इसके बाद भाजपा नेताओं ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिल कर कार्रवाई की मांग की थी। भाजपा नेता इडी के अधिकारियों से भी मिले थे और वीडियो सौंपा था। इसके बाद ही इडी ने उन्हें समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है।

**वीडियो जारी होने पर सीएम के प्रधान सचिव पद से हटाये गये थे :** आरोप लगाये जाने के समय एक्का सीएम के प्रधान सचिव थे। उनके पास सूचना एवं जनसंपर्क, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी था। वीडियो जारी होने के तत्काल बाद उन्हें इन सभी पदों से हटा दिया गया और उन्हें पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बना दिया गया। मरांडी ने दावा किया था कि यह वीडियो क्लिप पिछले साल अप्रैल की है, जब एक्का टेंडर मैनेज करने वाली फाइल को विशाल चौधरी के ऑफिस में बैठ कर निपटा रहे हैं। वीडियो में एक महिला भी दिख रही है, जो विशाल की स्टाफ है। वीडियो में पैसों के लेन-देन की बात भी हो रही है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिये निर्देश

# कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाई ओवर का निर्माण समय पर हो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची में बन रहे कांटाटोली फ्लाई ओवर और सिरमटोली फ्लाई ओवर के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर के जंक्शन पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने की दिशा में उठाये जा रहे तकनीकी पहलुओं की जानकारी जुडको और पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर्स से ली। मुख्यमंत्री ने दोनों फ्लाई ओवर के जंक्शन पर स्मूथ ट्रैफिक के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

**यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर दिये निर्देश :** मुख्यमंत्री ने दोनों फ्लाई ओवर के निर्माण के क्रम में यूटिलिटी शिफ्टिंग को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने इंजीनियर्स से कहा कि अगर फ्लाई ओवर को लेकर किसी तरह की तकनीकी अड़चन आ रही है, तो उसका अविलंब समाधान निकाला जाये। उन्होंने कहा कि दोनों ही फ्लाई ओवर का निर्माण तय समय तक हर हाल में हो जाना चाहिए। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना डाडेल और पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार मौजूद थे।

**224 करोड़ की लागत से बन रहा कांटाटोली फ्लाई ओवर :** बता दें कि रांची के कांटाटोली फ्लाई ओवर का निर्माण 224 करोड़ की लागत से हो रहा है। शुरुआत में इसके निर्माण को लेकर 40 करोड़ की डीपीआर बनी थी, लेकिन धीरे-धीरे इसकी लागत 224 करोड़ रुपये तक जा पहुंची।

**337 करोड़ की लागत से सिरमटोली फ्लाई ओवर का हो रहा निर्माण :** वहीं, सिरमटोली फ्लाई ओवर के निर्माण की लागत 337 करोड़ रुपये है। यह फ्लाई ओवर सिरमटोली से राजेंद्र चौक होते हुए मेकन गोल चक्कर तक जायेगा। राजेंद्र चौक से होते हुए मेकन कॉलोनी तक चार लेन में इसका निर्माण होगा। वहीं, ब्रिज का एक हिस्सा राजेंद्र चौक से नेपाल हाउस की ओर उतरेगा। यह हिस्सा दो लेन का होगा। चार लेनवाले ब्रिज की लंबाई 1632 मीटर और दो लेन वाले की लंबाई 295 मीटर होगी।

# पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार वेदप्रताप वैदिक का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वह 78 साल के थे। वैदिक सुबह गुड़गांव स्थित अपने घर में करीब साढ़े नौ बजे के आसपास शौचालय गये थे और वह वहीं बेहोश हो गये। शौचालय का दरवाजा तोड़ कर उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मृत्यु हो गयी। इससे पूर्व वैदिक पूरी तरह स्वस्थ थे और कल भी वह दिल्ली गये थे। डाक्टरों ने दिल का दौरा पड़ने को मृत्यु का संभावित कारण बताया है। उनके परिवार में एक पुत्र और एक पुत्री हैं। उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था। वैदिक पीटीआइ की हिंदी समाचार एजेंसी 'भाषा' के संस्थापक-संपादक रहे थे। वह पहले टाइम्स समूह के समाचारपत्र नवभारत टाइम्स में संपादक (विचार) रहने के साथ ही भारतीय भाषा सम्मेलन के अंतिम अध्यक्ष थे। उनके निधन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेताओं और पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है।

### नियोजन नीति को लेकर हेमंत पर बरसे बाबूलाल

# मुख्यमंत्री यदि कार्रवाई नहीं करेंगे, तो जांच एजेंसी करेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** एक के बाद एक खुलासे होने के बाद भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन पर मंगलवार को बरस गये। उन्होने नियोजन नीति का मामला उठाते हुए कहा कि हमारी मांग बस इतनी है कि राज्य के मुख्यमंत्री सामने आकर बतायें कि उन्होंने कैसी नियोजन नीति बनायी है। अब तक वह 1932 का ढोल पीटते रहे, फिर यह कौन सी नियोजन नीति लाये हैं।

इधर सात लाख युवा अगर विरोध कर रहे हैं, इसमें बीजेपी कहां है? प्रदेश की जनता हमसे पूछेगी तो हम क्या जवाब देंगे। इतनी छोटी बात को मुख्यमंत्री को सामने आकर बताना चाहिए। वहीं राजीव अरुण एक्का पर मरांडी ने कहा कि पहले भी मुख्यमंत्री अपराधियों को बचाने का प्रयास करते रहे हैं, यह दूसरा नमूना है।

पहला नमूना जो अवैध तरीके से पत्थरों की ढुलाई हो रही थी, उसमें उन्होने कितनी अच्छी तरीके से कारीगरी दिखायी कि उसमें जांच बिठायी, लेकिन बस ट्रेन में अवैध ढुलाई की जांच होगी। ट्रेन में जांच करके क्या मिलेगा! पत्थर का उत्खनन जहां से हुआ, वहां से जांच की जाये। राजीव अरुण एक्का को बचाने के लिए पहले उन्होंने क्या किया। बस इनका विभाग चेंज किया।

ट्रांसफर कोई सजा नहीं होती। हम लोगों ने मांग की थी कि इनको निलंबित किया जाये। इनके ऊपर एफआइआर होनी चाहिए थी।

# पत्रकार बंधुओं के सहारे भाजपा की रोजी-रोटी चल रही है: हेमंत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा के लिए किन-किन शब्दों का उपयोग करूं, यही सोच रहा हूं। सीएम ने कहा कि भाजपा अब किन-किन सहारों के भरोसे अपनी राजनीतिक रोटी सेंकेगी, यह तो आनेवाले समय में पता चलेगा, लेकिन वर्तमान स्थिति में मैं यही कह सकता हूं कि भारतीय जनता पार्टी की फिलहाल पत्रकार बंधुओं के सहारे ही रोजी रोटी चल रही है। सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को बजट सत्र के आठवें दिन शाम को सदन स्थगित होने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। पंचायती राज विभाग के प्रधान राजीव अरुण एक्का की जांच के लिए बनायी गयी जांच कमेटी पर भाजपा के द्वारा उठाये गये सवाल का वह जवाब दे रहे थे।

बता दें कि पंचायती राज विभाग के प्रधान राजीव अरुण एक्का को इडी द्वारा समन भेजा गया है और पूछताछ के लिए बुधवार सुबह 11:00 बजे इडी ऑफिस बुलाया गया है। विशाल चौधरी के ऑफिस में बैठ कर राजीव अरुण एक्का फाइलें निपटाते दिखे थे। वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के पद से हटा कर पंचायती राज विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया। इस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो हाइकोर्ट के रिटायर्ड चीफ जस्टिस विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में इस मामले की जांच करेगी। कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।

# अवैध माइनिंग को लेकर हाइकोर्ट ने बनायी तीन सदस्यीय कमेटी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मंगलवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने मामले में आइजी रैंक के अधिकारी समेत माइनिंग विभाग के दो सीनियर अधिकारियों की तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। इन दो सीनियर अधिकारियों को जियोलॉजी और माइनिंग की जानकारी होनी जरूरी है। गृह सचिव इन तीन सदस्यों वाली कमेटी को गठित करेंगे। इस कमेटी को लातेहार, गढ़वा और पलामू के डीसी जांच में सहयोग करेंगे। कमेटी तीनों जिलों में अवैध माइनिंग की जांच कर रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगी। कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा कि झारखंड में राजस्व का प्रमुख सोर्स माइनिंग है, इसके बाद भी अवैध माइनिंग हो रही है। इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।






# नियोजन नीति पर उबाल से सदन की गरमाहट बरकरार

## झारखंड विधानसभा बजट सत्र का आठवां दिन : विपक्ष का विरोध जारी, पहली पाली की कार्यवाही बाधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में नियोजन नीति को लेकर उबाल बरकरार है। एक तरफ युवा '60-40 नाय चलतौ' को लेकर ट्वीटर पर कैंपन चला रहे हैं, दूसरी तरफ सदन में इस मुद्दे की गरमाहट बरकरार है। बजट सत्र की बैठक के आठवें दिन विपक्ष ने एक बार फिर नियोजन नीति को लेकर हंगामा किया। भाजपा विधायक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए अड़े रहे। हंगामे की वजह से पहली पाली की कार्यवाही नहीं हो सकी। दूसरी पाली में बजट पर चर्चा हुई।

**प्रश्नकाल रहा बाधित :** मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायकों ने तेवर दिखा दिया था। वह पीले रंग की टी-शर्ट पहन कर पहुंचे थे। जिस पर '60-40 नाय चलतौ' लिखा हुआ था। उन्होंने सदन के बाहर प्रदर्शन किया और सरकार के विरोध में नारे लगाये। दोपहर 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन में नारेबाजी की, मेज थपथपाया और तालियां बजा कर भी विरोध किया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने बार- बार आग्रह किया कि प्रश्नकाल चलने दिया जाये। उन्होंने कहा कि हमको भी एक दो सवाल लेकर बोहनी करने दिया जाये। रोज-रोज का हंगामा कर प्रश्नकाल बाधित करना ठीक नहीं है। भाजपा विधायक नियोजन नीति पर सरकार से जवाब की मांग पर अड़े रहे और हंगामा करते रहे। इसके बाद अध्यक्ष ने कार्यवाही 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया :** सदन की कार्यवाही 12.30 बजे फिर शुरू होने के बाद भी विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया गया। इसी बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को व्यवस्थित करने के लिए भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को बात रखने को कहा। नीलकंठ ने कहा कि सदन में दो-तीन दिनों से व्यवधान हो रहा है। विपक्ष की भावना का आदर करते हुए सदन चले। विपक्ष ने एकमात्र विषय को सदन में रखा है। राज्य के शिक्षित बेरोजगार प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन में सरकार बताये कि 1932 का क्या हुआ। 2016 से पहले की जो नियोजन नीति सरकार लागू करने जा रही है, वह क्या है। साथ ही उन्होनें पूछा कि 60-40 क्या है। सरकार इन सभी विषयों को स्पष्ट करे। इन विषयों पर मुख्यमंत्री का जवाब दिलाया जाये। मुख्यमंत्री सदन में उपस्थित नहीं थे। इसे लेकर विपक्ष ने निशाना साधा और फिर हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही भोजन अवकाश तक के लिए स्थगित कर दी गयी। प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और शून्यकाल पर चर्चा नहीं हो सकी।

**सरकार के जवाब से पहले विपक्ष निकला बाहर :** भोजन अवकाश के बाद कृषि बजट पर चर्चा शुरू हुई। चर्चा के बीच में ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच छींटाकशी शुरू हो गयी। विपक्ष ने सरकार को घेरने का प्रयास किया, तो सत्ता पक्ष ने बजट की सराहना की। सरकार का जवाब आने से पहले विपक्ष के सदस्य बहिष्कार कर सदन के बाहर चले गये।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,700 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो



# योगी ने ध्वस्त कर दिया माफिया सरगना अतीक अहमद का साम्राज्य

## ▪ कभी पूर्वांचल में आतंक का पर्याय माना जाता था, आज मांग रहा पनाह

## ▪ कैसे एक तांगेवाले का बेटा बन गया जुर्म की दुनिया का बेताज बादशाह

## ▪ आज उसकी जान की भीख मांग रही है उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन

**माफिया कोई भी हो मिट्टी में मिला दूंगा, ये शब्द हैं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के। जैसे ही उन्होंने माफियाओं को मिट्टी में मिलाने की बात कही, उत्तरप्रदेश के बड़े से बड़े माफिया, गुंडों और यहां तक कि कई राजनेताओं का हलक सूख गया। सदन में सपा नेताओं की योगी आदित्यनाथ ने बखिया उधेड़ दी। योगी ने गरज कर कहा कि समाजवादी पार्टी पेशेवर माफियाओं की सरपरस्त है। अतीक अहमद समाजवादी पार्टी के द्वारा पोषित माफिया है, लेकिन उसकी कमर को तोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया है। योगी राज में माफिया अपनी दुम को दूसरे राज्यों में दबाये हुए हैं। कई बड़े माफिया जेल में बंद हैं। वे जेल से निकलना भी नहीं चाहते। पहले योगी आदित्यनाथ ने मुख्तार अंसारी के साम्राज्य को मिट्टी में मिला दिया और अब अतीक अहमद का साम्राज्य धुआं-धुआं हो रहा है। योगी के नाम से अतीक कांप चुका है। उसकी पत्नी उसके जीवन की दुहाई मांग रही है। एक वक्त था, जब अतीक पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था। आज वह खुद खौफजदा है। होना भी यही चाहिए। कैसे एक मजबूत सरकार माफियाओं को मिट्टी में मिला सकती है, यह योगी आदित्यनाथ ने कर दिखाया है। कैसे एक तांगेवाले का बेटा अतीक अहमद देखते ही देखते इतना बड़ा डॉन बन गया? कैसे हजारों करोड़ का साम्राज्य उसने खड़ा कर दिया? कैसे गुजरात की जेल में बंद अतीक यूपी में मर्डर करवा रहा है? क्या है अतीक अहमद और राजू पाल हत्याकांड का कनेक्शन? कैसे आज उसी का कर्म कोढ़ बन कर उसका सर्वनाश कर रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

तारीख 24 फरवरी 2023, शुक्रवार को प्रयागराज में दिनदहाड़े बम और गोलियां चलती हैं। चार-पांच हमलावरों ने बसपा विधायक रहे राजू पाल हत्याकांड के आखिरी गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी। हत्या के बाद उमेश पाल की पत्नी जया पाल की चीख ने उत्तरप्रदेश को हिला डाला। उन्होंने चीत्कार कर कहा, मेरे पति की हत्या जेल में बंद माफिया अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ, उसकी पत्नी शाइस्ता परवीन और उसके दोनों बेटों ने करवायी है। जया पाल ने इन सभी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। यूपी पुलिस की 10 टीमें तुरंत एक्टिव हुईं। पुलिस ने अतीक के दो बेटों समेत कुल नौ लोगों को हिरासत में लिया। उमेश पाल पूजा पाल को न्याय दिलाने के लिए 18 साल से मुकदमा लड़ रहा था। पूजा पाल उसकी चचेरी बहन थी। उसकी चचेरी बहन पूजा की शादी के ठीक 10 दिन बाद 25 जनवरी 2005 को उसके पति राजू पाल की हत्या कर दी गयी। राजू पाल की हत्या के बाद उस वक्त के सपा सांसद अतीक अहमद, उसके भाई अशरफ और कई लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। मामले की जांच शुरू हुई। राजू पाल की हत्या के बाद उपचुनाव में अतीक का भाई विधायक बन गया। फिर साल 2007 और 2012 में उसी सीट से राजू की पत्नी पूजा पाल ने चुनाव जीता। राजू पाल की हत्या के बाद आये दिन उमेश पाल को जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। शादी के एक हफ्ते के अंदर उसकी विधवा हुई चचेरी बहन पूजा पाल को न्याय तो नहीं मिला, लेकिन एक और हत्या हो गयी।

### कैसे एक तांगा चलानेवाला का बेटा जुर्म की दुनिया का बेताज बादशाह बन गया

70 का दशक। तब के इलाहाबाद और आज के प्रयागराज में नये-नये शिक्षा केंद्रों, स्कूल-कॉलेजों का निर्माण चरम पर था। नये-नये उद्योग-धंधे लग भी रहे थे और फलफूल भी रहे थे। अलग-अलग विभागों से सरकारी ठेके बाढ़ की तरह बंट रहे थे। जिले में पैसों की चमक दिखने लगी। अमीरों की तादाद बढ़ने लगी। इधर नये खून में झटपट अमीर बनने का चस्का लग चुका था। जल्दी और शॉर्टकट तरीके से पैसा कमाने के लिए वे कुछ भी करने को तैयार थे। उन दिनों शहर में चांद बाबा की दहशत थी। इसी दहशत के बीच अचानक से चकिया मोहल्ले के एक नये लड़के का नाम सुर्खियों में आना शुरू हुआ। नाम था अतीक अहमद। फिरोज तांगेवाले का बेटा। पहलवान था। बहुत ही जल्द वह युवाओं में मशहूर होने लगा। पढ़ाई में कमजोर, लेकिन क्राइम की दुनिया में अव्वल। अतीक अहमद नाम का उदय हो चुका था। वैसे तो अतीक अहमद का जन्म 1960 में प्रयागराज के धूमनगंज कसारी नसारी में हुआ था, लेकिन मात्र सत्रह साल की उम्र में उसका नया जन्म हुआ। जुर्म की दुनिया में। अतीक के पिता तांगा चलाने के साथ-साथ कुश्ती लड़ा करते थे। अतीक भी पिता को देख कुश्ती लड़ा करता। यहीं से इलाके में उसका नाम पहलवान भी पड़ा। अतीक ने इंटर तक ही पढ़ाई की। साल 1979 में 17 साल का अतीक 10वीं कक्षा में फेल हो गया। उसी दौरान वह इलाके में रंगदारी वसूलने लगा। पहली रंगदारी उसने अपने मोहल्ले में ही वसूली। रंगदारी वसूलते-वसूलते वह क्राइम की दुनिया में एक कदम और आगे बढ़ गया। 1979 में ही पहली बार अतीक का नाम हत्या के केस में सामने आया। मो गुलाम हत्याकांड में अतीक का नाम पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। यह मामला केस धारा 302 के तहत खुल्दाबाद थाने में दर्ज हुआ। मुकदमा संख्या 431 /79। इसके बाद उसका धंधा चल निकला। उसके नाम का खौफ बढ़ने लगा। देखते ही देखते एक तांगेवाला का बेटा क्राइम की दुनिया का बेताज बादशाह बन गया। समय के साथ उसे बड़े-बड़े सरकारी ठेके मिलने लगे और वह जम कर पैसा कमाने लगा। जैसे-जैसे अपराध की दुनिया में उसका नाम बड़ा होता गया, वैसे-वैसे अपराध की दुनिया में कई नाम उसके सामने बौने साबित होने लगे। बाहुबली चांद बाबा के विरोधी और पुलिस भी अतीक को शह देने लगी थी। अब अतीक अहमद का नाम प्रयागराज के सबसे बड़े माफिया चांद बाबा और कपिल मुनि करवरिया से ऊपर गिना जाने लगा। वह पूरे प्रदेश में जमीन कब्जा करना, हत्या, लूट, डकैती और फिरौती की घटनाओं को अंजाम देने लगा। सात सालों में अतीक चांद बाबा से भी ज्यादा खतरनाक हो गया था। जिस पुलिस ने कभी अतीक को शह दे रखी थी, अब उसी पुलिस की नाक में अतीक ने दम कर दिया। पुलिस बदनाम हो चुकी थी। उसे अपनी छवि सुधारनी थी। पुलिस दिन-रात उसे तलाशने में जुट गयी। एक दिन अतीक पुलिस के हत्थे चढ़ गया। लोगों को लगा कि अब अतीक का काम खत्म हो गया। उन दिनों प्रदेश में वीर बहादुर सिंह की सरकार थी और केंद्र में राजीव गांधी की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, उस वक्त अतीक की गिरफ्तारी के बाद उसे छुड़ाने के लिए दिल्ली से फोन आया था। इस एक फोन कॉल ने दर्शा दिया कि अतीक की राजनीतिक पकड़ क्या है। वह कितना बड़ा बन चुका था।





माफियागिरी के सात सालों में प्रयागराज के कांग्रेस सांसद से उसके अच्छे संबंध बन चुके थे। अतीक की आपराधिक गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए यूपी सरकार ने 1985 में गुंडा और 1986 में गैंगस्टर की कार्रवाई की। साथ ही और कड़ी निगरानी के लिए 17 फरवरी 1992 को इसकी हिस्ट्रीशीट खोली गयी, जिसका हिस्ट्रीशीट नंबर 39 ए है। उसके गैंग का नंबर आइएस -227 है।

### क्राइम के बाद सोचा, चेहरा साफ किया जाये, सो राजनीति में आजमायी किस्मत

अतीक अहमद अब बड़ा हाथ मारना चाहता था। समाज सेवक का चोला ओढ़ना चाहता था। सो अब बारी थी राजनीति में एंट्री की। अतीक 1989 में प्रयागराज पश्चिमी सीट से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी चांद बाबा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरा। अतीक पहली बार में ही चांद बाबा को निगल गया। चांद बाबा को हरा कर वह विधायक बन गया। अब उसकी एंट्री राजनीति में ऑफिशियली हो गयी। वह विधायक बन चुका था। इसके बाद उसने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और राजनीति के दम पर अपराध की दुनिया में एक अलग मुकाम स्थापित कर लिया। यह वह दौर था, जब माफिया सांसद या विधायक बन कर सफेद लिबास पहन अपने काले कारनामों की मैल ढकना चाहते थे। लेकिन जनता की नजर में उनका खौफ बरकरार रहे, उसके लिए अपने अपराध का स्तर भी दिन पर दिन हाइ-टेक करते रहते। अतीक अहमद पांच बार विधायक और एक बार सांसद चुना गया। एक समय ऐसा आ गया, जब उसके खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई से बड़े-बड़े वकील और यहां तक कि जज तक उससे दूरी बनाने लगे। अतीक अहमद राजनीतिक गलियारे में रसूख बनाने के लिए हर हथकंडा अपना रहा था। इसी कड़ी में 1995 में उसे पहचान मिली। उसका नाम लखनऊ में हुए गेस्ट हाउस कांड में आया। सपा सरकार को बचाने के लिए उसने तत्कालीन बसपा प्रमुख मायावती और उनके दल के तमाम लोगों को बंधक बना लिया। लखनऊ के थाना हजरतगंज में अतीक पर मुकदमा दर्ज हुआ। उसकी विवेचना क्राइम ब्रांच, अपराध अनुसंधान विभाग लखनऊ (सीआइडी) ने की थी। इसमें उसका नाम प्रमुख अभियुक्त के रूप में दर्ज किया गया। इसके साथ ही प्रयागराज के धूमनगंज थाने में एक ही दिन में 114 केस अतीक के खिलाफ दर्ज किये गये। साल 1996 में सपा के टिकट पर वह विधायक बना। साल 1999 में अपना दल के टिकट पर प्रतापगढ़ से चुनाव लड़ा और हार गया। फिर 2002 में अपनी पुरानी इलाहाबाद पश्चिमी सीट से 5वीं बार विधायक बना।

### राजू पाल की हत्या और अतीक का कनेक्शन

साल 2002 में अतीक पर नस्सन की हत्या का आरोप लगा। साल 2003 में यूपी में मुलायम सिंह यादव की सरकार बनी। अतीक वापस सपा में शामिल हो गया। साल 2004 में मुरली मनोहर जोशी के करीबी भाजपा नेता अशरफ की हत्या हुई। इस हत्या में भी अतीक का नाम आया। मुकदमा दर्ज हुआ। लगातार हमले में नाम आने के बाद अतीक अब डॉन के नाम से जाना जाने लगा था। साल 2004 में देश में लोकसभा के चुनाव हुए। प्रयागराज की पश्चिम सीट के विधायक अतीक अहमद फूलपुर लोकसभा से ही सांसदी का चुनाव जीत गया। शहर पश्चिमी विधायक की कुर्सी खाली हो गयी। अब अतीक अपने छोटे भाई अशरफ को वहां से विधायक बनाना चाहता था। उपचुनाव की तारीख आयी, तो अतीक के खास रहे राजू पाल ने भी बसपा के टिकट पर विधायकी लड़ने का एलान कर दिया। 2004 के अक्टूबर महीने में अतीक को बड़ा सियासी झटका लगा। राजू पाल ने अशरफ को हरा दिया। इसी जीत के साथ राजू पाल अतीक का दुश्मन बन गया। विधायक बनने के तीन महीने बाद 15 जनवरी 2005 में राजू पाल ने पूजा पाल से शादी कर ली। शादी के ठीक 10 दिन बाद 25 जनवरी 2005 में राजू पाल की हत्या कर दी गयी। राजू पाल की हत्या के बाद उस वक्त के सपा सांसद अतीक अहमद, उनके भाई अशरफ, फरहान, रंजीत पाल, आबिद, गुफरान के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। मामले की जांच शुरू कर दी गयी। राजू की हत्या के बाद उपचुनाव में अतीक का भाई विधायक बन गया। फिर साल 2007 और 2012 में उसी सीट से राजू की पत्नी पूजा ने चुनाव जीता।



माफिया अतीक अहमद के आवास को तोड़ता बुल्डोजर।

### अतीक का खराब टाइम शुरू

सल 2005 में विधायक राजू पाल हत्याकांड के बाद अतीक अहमद का बुरा वक्त शुरू हो गया। साल 2007 में यूपी की सत्ता बदली। मायावती सूबे की मुखिया बन गयीं। सत्ता जाते ही सपा ने अतीक को पार्टी से बाहर निकाल दिया। सीएम बनते ही मायावती ने ऑपरेशन अतीक शुरू किया। 20 हजार का इनाम रख कर अतीक को मोस्ट वांटेड घोषित किया गया। अतीक की करोड़ों की संपत्ति सीज कर दी गयी। इमारतें गिरा दी गयीं। खास प्रोजेक्ट अलीना सिटी को अवैध घोषित करते हुए ध्वस्त कर दिया गया। मायावती सरकार में अतीक पर एक ही दिन में 100 से ज्यादा मुकदमे दर्ज कराये गये। उसके पूरे गैंग का चार्टर तैयार हुआ। पुलिस ने अपने रिकॉर्ड में गैंग का नाम आइएस (इंटर स्टेट) 227 लिखा। उस वक्त अतीक के गैंग में 120 से ज्यादा सदस्य थे। इन दिनों सांसद रहते हुए अतीक फरार रहा।

### साल 2012: जेल से चुनाव लड़ा, 10 जजों ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया

अतीक फरार था। उसको पकड़ने के लिए पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया। एक दिन दिल्ली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया, हमने अतीक को गिरफ्तार कर लिया है। वह दिल्ली के प्रीतमपुरा के एक अपार्टमेंट में मौजूद था। यूपी पुलिस अतीक को अपने साथ ले गयी और उसे जेल में बंद कर दिया गया। साल 2012 में यूपी विधानसभा चुनाव हुए। अतीक ने जेल के अंदर से पर्चा भरा। इलाहाबाद हाइकोर्ट में जमानत की अर्जी लगायी। हाईकोर्ट के 10 जजों ने इसकी सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। एक जज सुनवाई के लिए राजी हुए। अतीक को जमानत मिल गयी। इस बार अतीक खुद राजू पाल की पत्नी के खिलाफ चुनाव लड़ा, लेकिन फिर जीत नहीं पाया। हालांकि राज्य में सपा सरकार बन गयी। पूजा पाल से चुनाव हारने के बाद अतीक सपा के टिकट पर श्रावस्ती से चुनाव लड़ा। हार गया। दिसंबर 2016 में मुलायम सिंह ने अतीक को कानपुर कैंट से टिकट दिया। 14 दिसंबर को अतीक और उसके 60 समर्थकों पर इलाहाबाद के शियाट्स कॉलेज में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप लगा। अतीक एक निलंबित छात्र की पैरवी करने कॉलेज गया था। उसने कॉलेज के अधिकारियों को भी धमकाया। वीडियो वायरल हो गया। यह मामला चल ही रहा था कि 22 दिसंबर को अतीक 500 गाड़ियों के काफिले के साथ कानपुर पहुंचा। खुद 'हमर' पर सवार था। हमर कार, जिसकी कीमत उस समय आठ करोड़ बतायी गयी थी। उस वक्त अतीक का ये काफिला सुर्खियां बना था। इसी बीच पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव बने। अतीक को पार्टी से बाहर निकाल दिया। शियाट्स कॉलेज मामले में हाइकोर्ट ने अतीक को गिरफ्तार करने के आदेश दे दिये। फरवरी 2017 में अतीक को गिरफ्तार कर लिया गया। हाइकोर्ट ने सारे मामलों में उसकी जमानत कैंसिल कर दी। इसके बाद से अब तक अतीक जेल में ही है।

### योगी आदित्यनाथ ने अतीक अहमद के साम्राज्य को मिट्टी में मिला दिया

अब बारी अतीक के आतंक और जुर्म के दमन की थी। 2017 में भाजपा की सरकार बानी। योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। फिर क्या था, मानो अपराधियों और मफियाओं के लिए काल बन कर आये योगी। योगी राज में पुलिस ने अतीक और उसके गुर्गों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। इसी का नतीजा है कि आज अतीक गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। अतीक का भाई अशरफ बरेली जेल में बंद है। उसका एक बेटा उमर लखनऊ और दूसरा बेटा प्रयागराज नैनी जेल में बंद है। अतीक की पत्नी के खिलाफ भी 25 हजार का इनाम घोषित हो चुका है। वहीं, उसके दो नाबालिग बेटे भी उमेश पाल हत्या कांड के बाद पुलिस की रडार पर हैं। अतीक गैंग पर पिछले दिनों योगी सरकार का बुलडोजर भी जम कर चला है। पुलिस ने गैंग के 14 सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए गुंडा एक्ट में कार्रवाई की। वहीं 22 की हिस्ट्रीशीट खुली और दो गुर्गों को जिला बदर किया गया। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अब तक 415 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। 68 शस्त्र लाइसेंस भी रद्द कर दिये। यही नहीं, 751 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियों को भी जमींदोज किया गया है। वहीं अतीक अहमद की पत्नी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिख कर पति की जान बचाने की गुहार लगायी है। क्या से क्या हो गया अतीक। एक वक्त ऐसा था, जब अतीक पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था। आज वह खुद खौफ में है।

अतीक के खिलाफ अब तक 250 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इनमें मायावती सरकार में एक ही दिन में दर्ज किये गये 100 से ज्यादा मुकदमे भी शामिल हैं। बाद में इन्हें हाइकोर्ट के आदेश पर स्पंज कर दिया गया था। बड़ी संख्या में उसके मुकदमे वापस लिये जा चुके हैं, जबकि सबूतों और गवाहों के अभाव में तमाम मुकदमों में वह बरी हो चुका है। मौजूदा समय में भी अतीक के खिलाफ 53 मुकदमे एक्टिव हैं। इनमें 42 मुकदमे कोर्ट में पेंडिंग हैं, जबकि 11 मामलों में अभी जांच पूरी नहीं हो सकी है। अतीक अहमद के खिलाफ उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कौशांबी, चित्रकूट, प्रयागराज ही नहीं, बल्कि बिहार राज्य में भी हत्या, अपहरण, जबरन वसूली आदि के मामले दर्ज हैं। अतीक के खिलाफ 17 धारा 302, 12 गैंगस्टर एक्ट, 8 आर्म्स एक्ट और 4 गुंडा एक्ट के मामले दर्ज हैं।

**बजट सत्र : भाजपा के सभी विधायक 60:40 नाय चलतौ लिखी टी शर्ट पहन कर पहुंचे सदन**

# विधिसम्मत नियोजन नीति के लिए भाजपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

**कहा- नियोजन नीति को लेकर हेमंत सरकार की नीति स्पष्ट नहीं**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन मंगलवार को भाजपा विधायकों ने विधानसभा गेट पर नियोजन नीति के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। सभी विधायक 60:40 नाय चलतो लिखा टी शर्ट पहन कर पहुंचे। इस दौरान 60:40 नाय चलतो, 1932 की भेलो का नारे लगाये। भाजपा विधायक मनीष जयसवाल ने कहा कि नियोजन नीति को लेकर सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। कैसे इस मामले पर राज्य में गतिरोध कायम रहे और युवा दर-दर भटकते रहे, इस पर सरकार काम कर रही है। सरकार के पास न तो रोजगार देने की नीति है और न ही नीयत। उन्होंने कहा कि सरकार पिछले दरवाजे से नियोजन नीति ला रही है, जबकि सत्र चल रहा है, तो इस नीति को पहले सदन में लाना चाहिए था।

## राज्य के शिक्षित बेरोजगार प्रताड़ित हो रहे : नीलकंठ

**रांची।** सदन में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति को लेकर भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। विपक्ष ने सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाजिर हो का नारा लगाया। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया जा रहा था। इसी बीच स्पीकर ने सदन को व्यवस्थित करने के लिए भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को बात रखने को कहा। नीलकंठ ने कहा कि सदन में दो तीन दिनों से व्यवधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की भावना का आदर करते हुए सदन चले। विपक्ष ने एकमात्र विषय को सदन में रखा है। राज्य के शिक्षित बेरोजगार प्रताड़ित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदन में सरकार बताये कि 1932 का क्या हुआ। 2016 से पहले की जो नियोजन नीति सरकार लागू करने जा रही है, वह क्या है। साथ ही उन्होंने पूछा कि 60-40 क्या है। सरकार इन सभी विषयों को स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष ने सर्वसम्मति से आपको स्पीकर की कुर्सी पर बैठाया है, जो मामले विपक्ष उठा रहा है, उस पर मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए।

# विपक्ष को नियोजन नीति का समर्थन करना चाहिए: बंधु



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एक तरफ जहां नियोजन नीति को लेकर रार छिड़ी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ सरकार इसे अपनी उपलब्धि बता रही है। नियोजन नीति को लेकर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा है कि हेमंत सरकार जो नयी नियोजन नीति लायी है, वह हेमंत सरकार की संवेदनशीलता का परिणाम है। विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना की बजाय सकारात्मक परिप्रेक्ष्य में झारखंड के आम लोगों के हित के बारे में सोचना चाहिए। विपक्ष की तरफ से की जा रही कार्रवाई की बंधु तिर्की ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि राजनीति हर हाल में हो, लेकिन यह आम लोगों की सुरक्षा, उनके विकास और उनके हित की कीमत पर कभी नहीं होनी चाहिए।

### पूरी तरह सही है नियोजन नीति

नयी नियोजन नीति पूरी तरह तार्किक है और जब प्रत्येक राज्य का स्थानीयता के संदर्भ में अपना कानून है, तो फिर झारखंड को ही इससे परहेज क्यों करना चाहिए? झारखंड की जमीनी हकीकत को देख कर कोई भी व्यक्ति खतियान आधारित स्थानीयता नीति की गंभीरता और सार्थकता को आसानी से समझ सकता है। लेकिन न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए और आम लोगों एवं युवाओं की जरूरतों के साथ ही बड़ी संख्या में युवाओं की आयु सीमा पार होने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए झारखंड के लोगों के हित में नियोजन नीति की घोषणा की गयी है। इसे सभी का समर्थन मिलना ही चाहिए न कि राजनीति के चलते अनावश्यक आलोचना की जानी चाहिए।

# सीपी सिंह ने पूर्व स्पीकर के लिए सरकारी आवास की मांग की

**कमेटी बनाने के लिए स्पीकर से आग्रह किया है: मंत्री आलमगीर आलम**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन मंगलवार को भोजनावकाश के बाद पूर्व स्पीकर और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के लिए सरकारी मकान, चालक और सहायक देने का मामला उठाया। सीपी सिंह ने कहा कि यह पद बहुत महत्वपूर्ण होता है। पूर्व स्पीकर सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सके, यह व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही सीपी सिंह ने स्पीकर और सरकार से एक कमेटी बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार स्पीकर के चुनाव के समय कोई राजनीतिक दल कैंडिडेट खड़ा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में यह व्यवस्था है कि पूर्व स्पीकर को कई सरकारी सुविधाएं दी जाती हैं। इस पर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने सदन को जानकारी दी कि दूसरे राज्यों में पूर्व स्पीकर को सुविधा देय है। इस पर उन्होंने कमेटी बनाने के लिए स्पीकर से आग्रह किया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने भी कमेटी बनाने पर सहमति प्रदान की। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने स्पीकर से आग्रह किया कि पूर्व स्पीकर को सुविधा देने के लिए जो कमेटी बने, वही कमेटी विधायकों का वेतन भत्ता बढ़ाने पर भी विचार करे।

## 24 प्रखंडों का सृजन करने के लिए लिये गये निर्णय को लागू किया जाये: डॉ लंबोदर महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने 10 वर्ष पूर्व झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद परिषद की बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के 24 प्रखंडों को सृजन करने के लिए लिये गये निर्णय को लागू करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग झारखंड विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में शून्यकाल के दौरान की। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में चतरा जिले के जारी, पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली, रामगढ़ जिले के चैनगड्डा, धनबाद जिले के मैथन, चिरकुंडा, पुटकी और राजगंज, रांची जिले के पिठौरिया, तमाड़ पूर्वी, सोनाहातु और जोन्हा, सरायकेला खरसावां जिले के सन्नी, पलामू जिले के रामगढ़, पश्चिम सिंहभूम जिले के टोकलो, बोकारो जिले के पिड्राजोरा, अमलाबाद, माराफारी, बरमसिया, खैराचातर, महुआटांड़, चतरोचट्टी और उपरघाट, खूंटी जिले के बीरबांकी और लातेहार जिले के मुरपा को प्रखंड बनाने का निर्णय लिया गया है। मगर 10 वर्ष के बाद भी उक्त निर्णय को अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने सदन के माध्यम से से उक्त निर्णय के आलोक में कंडिका (एक) में अंकित स्थानों में प्रखंडों का सृजन करने का निर्णय लेने की मांग की है।

**झारखंड विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव:**

# मॉडल और उत्कृष्ट विद्यालयों में भी होगी संताली भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को साढ़े बारह बजे तक स्थगित सदन के दूसरी बार शुरू होते ही ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाने की बात विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने की। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी अहम मुद्दा है। ऐसे में राज्य सरकार से यह उम्मीद करते हैं कि 1932 खतियान का क्या हुआ। 2016 से पहले की नियोजन नीति क्या है और 60:40 क्या है, इसे स्पष्ट करे।



### डीवीसी विस्थापितों को कब मिलेगा जमीन का पट्टा : अकेला

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सदन में कहा कि तिलैया जलाशय निर्माण के दौरान चौपारण प्रखंड के हराई और बहमर गांव के लोगों को विस्थापित कर श्रीनगर गांव में बसा दिया गया। ऐसा साल 1951-52 में किया गया, लेकिन अब तक उन्हें जमीन का कागज नहीं दिया गया। इस वजह से वे कई लाभ से वंचित रह जा रहे हैं। इसके जवाब में कल्याण मंत्री जोबा मांझी ने कहा कि एक माह के भीतर इसकी जांच करायी जायेगी और नियम संगत लाभ दिया जायेगा।

### शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पद सृजन शुरू : आलमगीर

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के दौरान विधायक समीर मोहंती ने पूर्वी सिंहभूम के तीन उत्कृष्ट और 19 मॉडल स्कूलों में शिक्षक नियुक्ति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यहां स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है, लेकिन इस नियुक्ति में संताली भाषा के शिक्षक नहीं हैं। इस सवाल का जवाब देते संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि 27 जनवरी को जारी पत्र के आधार पर संताली भाषा के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पद सृजन शुरू किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि अगले महीने नियुक्ति हो जायेगी।

# सदन में सरकार ने माना, राज्य के विवि में 40 फीसदी से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली

**माले विधायक विनोद सिंह के सवाल पर सरकार की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया जवाब**





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बजट सत्र के दूसरे चरण के आठवें दिन सदन में माले विधायक विनोद सिंह ने अनुसूचित प्रश्न के जरिए राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में 300 से ज्यादा जेआरएफ पास अभ्यर्थियों को शिक्षकों के अभाव में शोध निदेशक नहीं मिल रहे हैं। वहीं विश्वविद्यालयों में स्वीकृत पदों के 40 फीसदी से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली हैं।

इस पर सरकार की ओर से मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने जवाब देते हुए कहा, यह सही है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में 40 फीसदी से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली हैं। लेकिन शोध निदेशकों का अभाव नहीं है। उन्होंने बताया कि रांची यूनिवर्सिटी में जेआरएफ पास अभ्यर्थियों की संख्या 142 है, जबकि शोध निदेशक 92 हैं। वहीं विनोबा भावे यूनिवर्सिटी में जेआरएफ पास अभ्यर्थियों की संख्या 88 है, जबकि शोध निदेशकों की संख्या 42 है। सिदो-कान्हू मुर्मू यूनिवर्सिटी में जेआरएफ पास अभ्यर्थियों की संख्या 19 है, जबकि शोध निदेशकों की संख्या 63 है। शोध निदेशकों की राज्य में कमी नहीं है।

जहां तक बात विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का है, तो इसके लिए राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों के मुख्यालय और अंगीभूत कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय को इकाई मान कर आरक्षण रोस्टर क्लीयरेंस की प्रक्रिया का प्रस्ताव कार्मिक विभाग को भेजा है। शिक्षकों की नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता।

**वृष** कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

**मिथुन** कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

**कर्क** कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

**सिंह** जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, उलझनें दूर होंगी।

**कन्या** राजनीतिक लाभ, अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, परेशानियों में कमी होगी।

**तुला** धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

**वृश्चिक** जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

**धनु** सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**मकर** व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ।

**कुंभ** प्रेम प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**मीन** परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

## पारा टीचरों के मानदेय में नहीं हुई 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी : दीपिका

रांची। सदन में विधायक दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्यभर के पारा टीचर (सहायक अध्यापक) दो वर्षों से मानदेय में 10 फीसदी बढ़ोतरी के इंतजार में हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड ने अब आश्वासन दिया है कि पारा शिक्षकों के आकलन परीक्षा के बाद ही इस संबंध में कदम उठाये जायेंगे। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची द्वारा इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लिये जा चुके हैं। अभी परिषद माध्यमिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित करने में लगा है। इसके बाद आकलन परीक्षा ली जायेगी। विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने स्कूली शिक्षा विभाग से जानकारी मांगी थी कि अब तक 47 हजार सहायक अध्यापकों के मानदेय में 10 फीसदी बढ़ोतरी क्यों नहीं हुई। जबकि दिसंबर 2021 में शिक्षा मंत्री एवं सचिव के साथ हुई वार्ता में कहा गया था कि पारा शिक्षकों के लिए आकलन परीक्षा तीन माह के अंदर करा ली जायेगी। इस पर विभाग ने लिखित सूचना उपलब्ध कराते बताया है कि विभागीय मंत्री के साथ बैठक में गैर टेट पास एवं ट्रेंड पारा शिक्षकों के मानदेय में आकलन परीक्षा पास करने पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत बोनस देने की बात हुई थी। झारखंड सहायक सेवाशर्त नियमावली 2021 के अनुसार ऐसे सभी कार्यरत ट्रेंड शिक्षक (संप्रति पारा शिक्षक) जिनके सर्टिफिकेट वैध होंगे, वे आकलन परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। आकलन परीक्षा के लिए चार मौके दिये जायेंगे। राज्य के प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के 61,161 सहायक अध्यापकों में से 56,633 के एकेडमिक और अन्य सर्टिफिकेटों का सत्यापन किया जा चुका है। अभी राज्य में चल रही मैट्रिक, इंटर की परीक्षा के बाद आकलन परीक्षा ली जायेगी।

# शिक्षा मंत्री की तबीयत बिगड़ी

## रांची के पारस हॉस्पिटल से चेन्नई ले जाये गये




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछले कई दिनों से झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो शारीरिक रूप से अस्वस्थ चल रहे हैं। 14 मार्च की अहले सुबह तीन बजे अस्वस्थ होने के बाद उन्हें पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। सीएम हेमंत सोरेन ने अस्पताल जाकर शिक्षा मंत्री से मुलाकात की और चेन्नई जाकर जांच कराने की सलाह दी। इसके बाद उन्हें विशेष विमान से चेन्नई ले जाया गया।

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के पुत्र राजू महतो ने जानकारी दी है कि वह सुबह तीन बजे अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। उनकी तबीयत को देखते हुए उन्हें रांची के पारस हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। इसके थोड़ी देर बाद वह स्वस्थ महसूस करने लगे। वहीं उन्होंने भोजन भी किया।

इसी बीच सीएम की सलाह पर उन्हें विशेष विमान से चेन्नई ले जाने की तैयारी की जाने लगी और अब से कुछ ही देर पहले विशेष विमान द्वारा उन्हे चेन्नई ले जाया गया। बता दें झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जैसे ही शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के अस्वस्थ होने की जानकारी मिल, वैसे ही वह उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने अस्पताल पहुंच गये। वहां पहुंच कर सीएम ने डॉक्टरों और मंत्री के परिजनों से स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान हेमंत सोरेन ने उन्हें चेन्नई ले जाकर जांच कराने का सुझाव दिया।

**गढ़वा में जिस कब्रिस्तान के चलते मामला फंसा है, वह अवैध रूप से गैरमजरूआ भूमि पर अवस्थित है**

# एनएच-75 का काम गढ़वा में 90 फीसदी तक हो चुका है पूरा : रवींद्र तिवारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल रोड सेफ्टी काउंसिल (एनआरएससी) सदस्य रवींद्र तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-75 का काम गढ़वा में 90 फीसदी तक पूरा हो चुका है। शेष काम अब इसलिए अटक गया है, क्योंकि राज्य सरकार एक विशेष समुदाय को खुश करने में लग गयी है। राज्य सरकार को विकास के प्रति न्यायपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के अचला नावाडीह गांव में खाता संख्या-114, 88 (प्लॉट सं 139,47) में रकबा 1.85 एकड़ और 0.58 एकड़ जमीन गैरमजरूआ है। इस पर अवैध तरीके से कब्रिस्तान बना लिया गया है। इससे इस एनएच पर 600 मीटर का काम बाधित है। तिवारी रांची के कडरू स्थित पर्ल रिजेंसी होटल में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पिछले दिनों नयी दिल्ली जाकर सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर कब्रिस्तान जमीन पर फ्लाईओवर बनाने की मांग की है, जो नाजायज और प्रावधान के विपरीत है। इस एनएच का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 जुलाई 2022 को देवघर से किया था। मार्च 2023 में इसे जनता को समर्पित किया जाना था। लेकिन राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण इसमें अब अड़ंगा लग रहा है। इन मसलों को लेकर सड़क परिवहन मंत्री (केंद्र) को लेटर लिखकर शिकायत भी कर दी गयी है। तिवारी ने कहा कि गढ़वा में एनएच-75 का काम पूरा होने से शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी। इससे बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ आने-जाने में मदद मिलेगी। परियोजना में लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। भूमि की अनुपलब्धता के कारण 22.30 किमी लंबे राजमार्ग में मात्र 1.700 किमी के कार्य पर ग्रहण लगा हुआ है। गढ़वा में जिस कब्रिस्तान के चलते मामला फंसा है, उसके लिए गढ़वा सीओ कार्यालय ने अभिलेखों की जांच में पाया था कि कब्रिस्तान अवैध रूप से गैर मजरूआ भूमि पर अवस्थित है। इस पर दफनाने के लिए बंदोबस्ती का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीओ ने अतिक्रमण हटाने को 6 मार्च 2019 को आदेश भी जारी किया था। इसके बाद सड़क निर्माण का विरोध करने वाले झारखंड हाइकोर्ट गये। 11 दिसंबर 2020 को मामला जब हाइकोर्ट के सामने आया तो याचिकाकर्ता के पास कोई भी सबूत या दस्तावेज नहीं था। इसके बाद याचिका वापस ले ली गयी थी। गढ़वा डीसी ने 26 दिसंबर 2022 को भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल की। 15 जनवरी तक इस पर काम पूरा करते हुए रोड निर्माण के कार्य को प्रारंभ कराना था। पर इस पर किसी कारण से कोई कार्रवाई नहीं हुई और डीसी भी बदल दिये गये।

## साइंस ओलंपियाड में सेक्रेड हॉट स्कूल के छात्रों को गोल्ड मेडल




**कोडरमा(आजाद सिपाह)।** एसओएफ द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड में सेक्रेड हॉट स्कूल के 12 छात्रों को गोल्ड मेडल मिला है। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बताया कि इस परीक्षा में बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का मान बढ़ाया है। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों में मो. अफसर, रोली यादव, अनन्या कुमारी, बासु गौतम, मो. फरहान, आर्यन राज, नीरज यादव, सृष्टि मिश्रा, अनीश कुमार, शिवम कुमार, अनशिका सिंह और समृद्धि जायसवाल के नाम शामिल हैं। यह परीक्षा एकेडमिक को ऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार और किशोर कुणाल की देखरेख में हुयी थी। छात्रों के इस सफलता पर सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय तिवारी, राकेश पांडेय, संजय मिश्रा, सुमित साव, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, फैयाज कैशर, जेपी सिंह, रमेश कुंज, रंजीत सिंह, विक्की कुमार, सतीश कुमार, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, विशाल आनंद, कामिनी सहाय ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## 24 बोतल शराब के साथ दो को किया गिरफ्तार



**कोडरमा(आजाद सिपाह)।** आरपीएफ कोडरमा ने मंगलवार को ऑपरेशन सतर्क के तहत 24 बोतल शराब के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुये आरपीएफ इंस्पेक्टर जवाहरलाल ने बताया कि 14 मार्च को सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव, आरक्षी अभय कुमार तथा आरक्षी मदन कुमार झा प्लेटफार्म सं. 04-05 पर आपराधिक निगरानी कर रहे थे। निगरानी के क्रम में कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 04/05 पर गाड़ी संख्या 18624 अप रात्रि लगभग 01:25 बजे आगमन पर उक्त गाड़ी के एस्कॉर्ट पार्टी के आरक्षी दीपेश कुमार के साथ मिलकर जनरल बोगी को चेक करने पर बाथरूम के पास संदिग्ध अवस्था में दो लोगों के पास काला एवं ग्रे रंग का पीठू बैग मिला। शंका होने पर पूछताछ के क्रम मे उन्होंने अपना नाम रोहित कुमार, पिता स्व. अमित कुमार पासवान, सा केऊरा, थाना पुनपुन, जिला-पटना (बिहार) एवं छोटू कुमार, पिता-जय मंगल बिंद, सा तेलियाईंन, थाना पुनपुन, जिला पटना (बिहार) का रहने वाला बताया। दोनों बैग को चेक करने पर प्रत्येक बैग में 12-12 बोतल इंपीरियल ब्लू रिजर्व ग्रेन व्हिस्की बरामद हुयी। जिसके बाद जप्ती सूची बनाते हुए शराब को जप्त किया गया तथा पकड़े गये व्यक्तियो को गिरफ्तार किया गया। सभी जप्तशुदा अंग्रेजी शराब व गिरफतार दोनों व्यक्तियो को उत्पाद विभाग कोडरमा के सुपुर्द कर दिया गया।

## जन्म मृत्यु निबंधन कार्य को लेकर बैठक



**कोडरमा(आजाद सिपाह)।** उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जन्म मृत्यु निबंधन कार्य से संबंधित समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनगणना निदेशालय रांची के सहायक निदेशक राम भास्कर द्विवेदी द्वारा सभी निबंधन इकाइयों के रजिस्ट्रारों की समीक्षा एवं प्रशिक्षण दिया गया। जिला अंतर्गत सभी निजी अस्पतालों के रजिस्ट्रार के आईडी से जोड़कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि आंगनवाडी सेविकाओं को नोटिफायर के रूप में सुचारू रूप से कार्य किए जाने की आवश्यकता है, साथ में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा सभी रजिस्ट्रारों को शत प्रतिशत जन्म मृत्यु का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने हेतु निर्देश दिया गया। उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार द्वारा जन्म-मृत्यु निबंधन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी कृष्णमूर्ति, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## सहारा इंडिया में जमा पैसे के भुगतान की मांग



**कोडरमा(आजाद सिपाह)।** मंगलवार को संयुक्त ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले कोडरमा जिला मुख्यालय के समीप सहारा इंडिया द्वारा जमा पैसे का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में जमाकताओं एवं अभिकताओं ने एक दिवसीय भूख हड़ताल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष भागीरथ सिंह एवं संचालन देवेंद्र बरनवाल ने किया। धरना को सम्बोधित करते हुए सीटू नेता संजय पासवान ने केंद्र सरकार से हस्तक्षेप कर करोड़ों जमाकताओं को उनका पैसा वापस दिलाने की मांग की। इस भूख हड़ताल प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिंद्र कुमार शर्मा, संतोष गोप, सुभाष कुमार सिंह, सोनू कुमार, कृष्णा वर्मा, भोला कुमार, प्रभादेवी, अनुराधा देवी, पूनम कुमारी, इंदु गुप्ता, अशोक लाल, राजेश पाठक, बीरबल सिंह, सुरेंद्र भारती, कमल देव प्रसाद, संजय सिन्हा, रऊफ अंसारी, राजेश कुमार सिंह उर्फ राजू भैया, दिनेश कुमार, मोहम्मद अजीज, तारकेश्वर राणा, अंबिका प्रसाद, मंजूर आलम, मनोज मालाकार, राजेंद्र साहू, सरिता देवी, चिंता सिंह, सीता प्रसाद, सुरेश कुमार गुप्ता, मोहम्मद मेराज, कलवा देवी, सुनीता देवी, सखावत मियां, बसंती देवी, सुरेश रजक, अशोक शर्मा, सर्बिया देवी, अंजू देवी, मुनिया मासूमा, तृप्ति सरकार, जय प्रकाश यादव, गुलाबी देवी, बाबूलाल गाना, आशा देवी, राजेंद्र प्रसाद यादव, दुलारी देवी, सरोज पांडे, विश्वनाथ सिंह, रंजू देवी समेत अन्य में जमाकर्ता एवं अभिकर्ता शामिल हुये।

## विभिन्न योजनाओं को लेकर ब्लॉक में बैठक

**बड़कागांव (आजाद सिपाह)।** बड़कागांव प्रखंड सभागार में विभिन्न योजनाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अधूरा 26 आवास में एक सप्ताह के अंदर 16 आवास पूरा करने, प्रधानमंत्री 244 आवास में 27 मार्च तक 130 आवास पूर्ण करने एवं मनरेगा योजना से संचालित 2020-21 के पूर्व लंबित योजनाओं को 30 मार्च तक पूर्ण करने, श्रम बजट के अनुसार मानव दिवस सृजित करने का निर्देश मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को दिया गया। इसके अलावा प्रति ग्राम मनरेगा के 5 योजनाओं को लगातार जारी रखने, आधार सीडिंग शत-प्रतिशत करने, 15वें वित्त के पुराने जल मीनार को मरम्मती करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर रिंकू कुमार, मनरेगा बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, मुखिया रंजीत कुमार, पारस नाथ महतो, मोहम्मद तकरीमूला खान, अनिकेत नायक, करम राम, प्रभु महतो, विमला देवी, कविता देवी, बेबी कुमारी, लीलावती कुमारी, सुलेखा कुमारी सहित संबंधित पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य मुखिया शामिल थे।

## सहकारिता बैंक लिमिटेड के चेयरमैन के लिए अर्जुन सिंह ने किया नामांकन



**हजारीबाग (आजाद सिपाह)।** झारखंड राज्य सहकारिता बैंक लिमिटेड के चेयरमैन पद के लिए अर्जुन सिंह ने मंगलवार को रांची में अपना नामांकन किया। वे बड़ी संख्या में अपने समर्थकों संग हजारीबाग से रांची पहुंचे और अपना नामांकन किया। 27 मार्च को रांची में झारखंड राज्य सहकारिता बैंक लिमिटेड के चेयरमैन का चुनाव होना है। जिसके लिए वोटिंग होगा और उसी दिन इसका रिजल्ट भी आएगा। इस दौरान अर्जुन सिंह ने कहा की शुरू से समाजसेवा के क्षेत्र में रहा हू और आगे भी समाजसेवा करता रहूंगा। मौके पर अनिरुद्ध सिंह, रवि सिंह, बिनोद कुशवाहा, भगवान सिंह, मनोज सिंह, नगीना सिंह समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# जनता दरबार में आये फरियादियों से मिलीं उपायुक्त, निष्पादन के दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के दूर-दराज गांव शहर से आये लगभग दो दर्जन फरियादियों की समस्याओं से अवगत हुयी। क्रमवार आवेदन के माध्यम से फरियादियों की समस्याओं से अवगत हो उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को उक्त मामलो के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। बताते चलें कि कई मामलों के ऑन द स्पॉट निष्पादन हुयी वहीं कई मामलों त्वरित निष्पादन हेतु उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को आवेदन हस्तांतरित कर मामले के त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, विद्युत आपूर्ति सम्बन्धित मामले, कल्याण विभाग, भू अर्जन कार्यालय समेत अन्य मामले आये। इस दौरान उपायुक्त ने विभागीय पदाधिकारियों को विभिन्न माध्यम जैसे- शोसल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य माध्यम से प्राप्त शिकायतों सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कर उक्त मामलो के निष्पादन करने के निदेश दिए। उपायुक्त ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिला स्तर पर आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम समाहरणालय परिसर मे प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित की जाती है जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम में उपस्थित होकर बेहिचक अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराएं, प्रशासन नियम संगत उक्त मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

## किसान सम्मान निधि योजना का पैसा रुका, तो इंडियन पोस्ट पेमेंट में खाता खुलवायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड कार्यालय में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के शाखा प्रबंधक आवेश कुमार एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी घनश्याम कुमार महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। आवेश कुमार ने बताया की प्रखंड के वैसे कृषक जिनका प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि किस्त रुकी है वे सभी डाकघर में खाता खुलवाये। वर्तमान समय में केंद्र सरकार ने इसके लिए इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के साथ अनुबंध किया है। ताकि उनका रुका हुआ पैसा मिल सके। किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं पहुंच पा रही है। इसलिए 13वीं किस्त की राशि हर लाभुक तक पहुंचे इसके लिए किसानों के खाते डाकघर स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खुलवाने का निर्णय लिया है। डीबीटी के तहत इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में जो भी खोले जा रहे है उसके लिए मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड और बायोमेट्रिक के लिए लाभार्थी को रहना अनिवार्य है। बैठक में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के सहायक प्रबंधक सौरभ कुमार, सलगावां डाकघर के पोस्टमास्टर राजीव रंजन मिश्र, मरहन्द डाकघर के पोस्टमास्टर प्रियांशु कुमार, जगदीशपुर डाकघर के पोस्टमास्टर प्रियंका कुमारी, सुल्ताना डाकघर के जफरुल्ला, अभिषेक कुमार, अविनाश हेम्ब्रम, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक निहारिका सिन्हा उपस्थित थे।

## भक्ति जागरण पर रात भर झूमते रहे श्रोता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**दारू।** दारू थाना के पास निर्मित शिव मंदिर में भगवान कि प्रतिमा स्थापित कर की पूणार्हुति के साथ तीन दिवसीय यज्ञ का समापन हुयी। इस अवसर पर सोमवार की रात्रि को रजरप्पा रामगढ़ की पवन सारे गामा की भक्ति जागरण कार्यक्रम की बेहतरीन प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरूआत में म्यूजिकल ग्रुप के निदेशक पवन दांगी ने गणेश वंदना के साथ किया उसके बाद माँ दुर्गा का गीत निमिया की दाढ़ मइया के गाने में दर्शक जमकर झूमे।वीना कुमारी ने हर भागड़ भोला ...गीत जाकर दर्शकों को जमकर नचाया वहीं स्वीटी ने हर हर शंभु.. गीत गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों के साथ एक बढ़कर एक झांकी की प्रस्तुति की गयी जिसने मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका समरेश ने निभायी। प्रखंड क्षेत्र के हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून, जिनगा मुखिया पिंकी देवी, इरगा मुखिया अनिता देवी, मेड़कुरी मुखिया भोला तुरी को उनके सहयोग के लिए अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

## संवेदक के सहयोग से शादी समारोह का आयोजन

**गौतम पाल**




**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** बच्चों के मनोरंजन के लिए झुमरी तिलैया शहर में खोला गया चिल्ड्रेन पार्क में संवेदक व नगर परिषद की सहयोग से अब यहां शादी समारोह का आयोजन किया जाने लगा है, जो नियम शर्त के विपरीत है। नगर परिषद के इस खेल से आम जनों में काफी रोष है, साथ ही लोगों ने इसे आमजनों के साथ धोखा बताया। लोगों ने कहा कि चिल्ड्रेन पार्क में रात 8:00 बजे के बाद पाबंदी रहती है। ऐसे में नगर परिषद नियम व शर्तें को ताक पर रखकर इकरारनामा के विपरीत जाकर ऐसे आयोजन के लिए आदेश दिया जाना कहीं से भी जायज नहीं है। करीब डेढ़ लाख की लागत से संजय सिंह के नाम इसकी बंदोबस्ती हुयी थी। फिर बाद में वर्ष 2021-2024 के लिए की गयी इसकी बंदोबस्ती डेढ़ लाख से बढ़कर 6.81लारव की बोली लगाकर सुभाष कुमार ने अपने नाम करायी थी। क्या कहते हैं अधिकारी इस संबंध में जब नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विनीत कुमार से बातचीत की गयी तो उन्होंने बताया कि यह कोई बहुत बड़ा इशू नहीं है।

## मांगों को लेकर डीसी से मिले मुखिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** प्रखंड के चट्टी कोल माइंस से प्रभावित रैयतों की मांग को लेकर महासचिव जिला मुखिया संघ हजारीबाग सह पचडा. पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने जिले के उपायुक्त नैन्सी सहाय से मिलकर पंकरी बरवाडीह, एवं आम्रपाली कोल परियोजना के तर्ज पर चट्टी बारियातू, पगार, जोरदाग तीनों गांव के प्रभावित रैयतों को प्रति टन सहायता राशि प्रदूषण नियंत्रण हेतु नियमित रूप से उपायुक्त महोदय से दिलवाने की मांग किया है। उपायुक्त को ध्यान आकृष्ट कराते हुए केरेडारी मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव ने कहा कि जिला प्रशासन महाप्रबंधक द्वारा 15 दिनों के अंदर रैयतों की मांग पूर्ण रूप से दिलाने की आश्वासन मिलने के बाद ट्रांसपोर्टिंग चालू करायी गयी थी उपायुक्त महोदया ने गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कहा कि बहुत जल्द मैं उस पर विचार करवाता हूं। उपायुक्त महोदया से मिलने वालों में अधिवक्ता तपेश्वर साव, संतोष महतो, अनिल मुण्डा, दुखन पासवान, हिरामन महतो एव अन्य लोग मौंजूद थे ।

## बड़े बकायदारों से 9,97,427 रुपये होल्डिंग टैक्स वसूला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** नगर आयुक्त नगर निगम हजारीबाग के आदेशानुसार आज फरहत अनिसी नगर प्रबंधक के नेतृत्व में निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित स्कूल, होटल ,व्यवासायिक भवन एवं वैसे आवासीय भवनों की जांच की गयी जिसके द्वारा इस वित्तिय वर्ष में अब तक होल्डिंग टैक्स का भुगतान नही किया गया है। निगम के द्वारा उक्त से संबंधित भवनों की जांच से मंगलवार को नकद तथा चेक के माध्यम से कुल 9,97,427 रुपए राजस्व की प्राप्ति हुयी। अन्य भवनों के मालिकों जैसे होटल रॉयल, रौनक एजेंसी, अनुपूर्णा रेस्ट हाउस, देवंती देवी एवं सरस्वती देवी को नगर प्रबंधक द्वारा 31 मार्च से पहले बकाया होलडिंग टैक्स की राशी जमा करने हेतु निदेश दिया गया। जनसाधारण को सूचित किया गया है कि जिन भवन मालिको ने अब तक अपने भवन का होलडिंग टैक्स भुगतान नहीं किया है वे 31 मार्च से पुर्व इसका भुगतान करना सुनिश्चित करे। नगर निगम द्वारा यह जांच की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी।

## श्री शिव-हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के होरम गांव में श्री श्री 1008 श्री शिव -हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ में देर शाम से ही कथा प्रवचन करने बाहर से आए प्रवचन करता हू का प्रवचन सुनने के लिए आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी शामिल हुये। धार्मिक चेतना में जागृत धार्मिक आस्था प्रबल सुख समृद्धि और शांति आती है। महायज्ञ का हवन कुंड की वायु जहां जहां तक जाती है वहां से सारे नेगेटिव एनजीओं का विनाश होकर देवी देवताओं का वास हो जाता है। आगे उन्होंने कहा कि या तो होने से लोगों से मेल मिलाप भी बढ़ता है। आगे यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी 16 तारीख को भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष खिरोधर महतो, सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष होरिल महतो, संगठन मंत्री राजेंद्र राणा, आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड सचिव मनोज दांगी, कामेश्वर महतो, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस तुलेश्वर राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, ज्ञकर्ता रामा नारायण दास, टेकलाल महतो, बासुदेव महतो, महादेव महतो, महावीर महतो, खेमन महतो, देवनारायण कुमार, अमरलाल, सुरेश कुमार, रामदेव महतो, नारायण, द्वारका कुमार, टेकलाल कुमार, मेघलाल महतो, महेंद्र महतो, कैलाश राणा, जितेंद्र कुमार, रामेश्वर कुमार, गणेश महतो, राजेंद्र राणा, रमेश महतो, संतोष कुमार, किरण प्रसाद, मालती देवी, अनीता देवी, एतवरिया देवी, सुशीला देवी, यशोदा देवी, अनीता देवी, गुड्डी देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पीएम इंटरनेशनल स्कूल और कॉलेज में आर्ट एंड क्राफ्ट की कक्षाएं शुरू



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय पीएम इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में आर्ट एंड क्राफ्ट की कक्षाएं शुरू किया गया । जिसको लेकर विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ऋषि पासवान, संगीता कुमारी, आशीष कुमार राधिका कुमारी, सत्यम कुमार, संध्या कुमारी, अंश कुमार, गुलाम मुस्तफा, प्रिंस कुमार, सुजल कुमार, श्वेता कुमारी,हसनैन अंसारी, अनिल कुमार, सुनील यादव, अनु कुमारी, मुस्कान खातून, मनीषा कुमारी, रतन कुमार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 30 बच्चों के समूह में शामिल हुए। विद्यालय का निर्देशक सतेंद्र प्रसाद ने बताया कि इन बच्चों को राज्य स्तरीय एवं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कराने के उद्देश्य नियमित कक्षाएं शुरू किया गया । प्रशिक्षक गोल्ड मेडलिस्ट दीपक कुमार बच्चों का पेंटिंग देखने के बाद खुशी जाहिर करते हुये कहा ग्रामीण बच्चों में भी काफी प्रतिभा छुपी हुयी है।

## बिजली विभाग ने छापेमारी कर लोगों का काटा कनेक्शन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के झरपो में मंगलवार को बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के क्रम में बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा दर्जनों लोगों का बिजली कनेक्शन को काटा गया। विभाग के एसडीईओ दुर्गा रानी व जेई अमित कुमार ने बताया कि झरपो में अभियान के क्रम में 15 लोगों के बीच 2 लाख 87 हजार 545 रूपया का बिजली बिल बकाया है। जेई अमित शर्मा ने लोगों से जल्द अपने बकाया राशि जमा करने व विभाग को सहयोग करने की बात कही कहा कि जिसका बिजली बिल अधिक बकाया रहेगा उसका कनेक्शन काटा जाएगा। झरपो के गौरी देवी, छोटन प्रसाद, चिंतामणि महतो, लक्ष्मी देवी, गल्लू महतो, गंभीर महतो, तुलसी महतो, भुनेश्वर महतो, कोल्ही महतो, प्रयाग महतो, छोटन महतो, बासुदेव महतो, कुलदीप प्रसाद, भातु महतो, कोल्ही महतो का कनेक्शन काटा गया। मौके पर विभाग के महेश प्रसाद, देवगंगा प्रसाद, अरूण कुमार, प्रकाश कुमार, लक्ष्मण कुमार, मन्नु कुमार, मनिषकांत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## मैट्रिक बोर्ड और इंटर की परीक्षाओं के लिए बनाये गये परीक्षा केंद्र

**चरही (आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड एंव इन्टर की परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र मासी मार्शल विद्यालय। चरही में मंगलवार को प्रथम पाली में मैट्रिक की परीक्षा में सब्जेक्ट नहीं रहने के कारण से परीक्षार्थी नहीं शामिल हुए वहीं इंटर की परीक्षा में दुसरे पाली में 156 में 153 शामिल हुये और 3 अनुपस्थित रहा इस विधालय में पोरजेक्ट उच्च विद्यालय चरही के क्षात्र क्षात्राएं शामिल हुए और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न हुयी। परीक्षा केंद्र में प्रधानाध्यापक बिरेंदर तिर्की द्वारा देख रेख में अनुशासनबद्ध तरीके से सीसी टीवी के निगरानी में कदाचार मुक्त पाया इस में अनूप टुडू सहित अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभा रहे थे।

## महिला समूहों के बीच बीज का वितरण

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में कृषि उन्नत योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस से जुडी धरमपुर पंचायत क्षेत्र के आठ महिला समूहों के बीच मंगलवार को गर्मा मौसम के लिए विभिन्न सब्जियों के बीजों का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधीर राय, मुखिया कांति देवी, अशोक प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

## लंबी दूरी की ट्रेनों में द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच की संख्या बढ़ायी जाये: विनोद सिन्हा

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** लंबी दूरी की ट्रेनों में पूर्व की तरह द्वितीय श्रेणी की स्लीपर कोच बहाल किये जाने को लेकर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विनोद कुमार सिन्हा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजा है। भेजे गये पत्र में श्री सिन्हा ने बताया कि लंबी दूरी की अधिकांश तीनों में द्वितीय श्रेणी की स्लीपर कोचो की संख्या घटा कर एसी कोच में तब्दील कर दी गयी है। जिससे यात्रियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा पूर्व में जहां यात्रियों को यात्रा के दौरान 500 लगते थे वही अब 1500 रुपए खर्च करना पड़ रहा है, जो यात्रियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ है। उन्होंने कहां की रेलवे किस फैसले से लंबी दूरी की ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को सफर करना अब आसान नहीं रहा। पत्र में उन्होंने अपने तर्क देते हुए कहा कि द्वितीय श्रेणी स्लीपर कोच में भीड़ अधिक रहने के कारण कोडरमा स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के 2 मिनट ठहराव के कारण यात्रियों को ट्रेन चढ़ने उतरने के क्रम में किसी यात्री का परिवार छूट जा रहा है कभी-कभी तो कई यात्री दुर्घटना के शिकार भी हो जा रहे हैं इससे आम लोगों को रेलवे के प्रति काफी रोष देखा जा रहा है। उन्होंने रेल मंत्री श्री वैष्णव से समस्या के समाधान के लिए अपील की है। सिन्हा ने पत्र की प्रतिलिपि कोडरमा सांसद के अलावा धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक को भेजा है।

## भक्ति के मार्ग से ही मिल सकती है मुक्ति



**बरकट्ठा(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत गोरहर कटहर टोला में उत्तरवाहिनी नदी के किनारे नवनिर्मित हनुमान मंदिर में महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। देवघर से आये कथावाचक छोटे सरकार एवम देवी ज्योति शास्त्री के माध्यम से शिव महापुराण एवम श्री मद्भागवत कथा का संचार प्रतिदिन हो रहा है। देवी ज्योति शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म में यज्ञ आदि करवाने से क्षेत्र में भक्ति का माहौल बनेगा। कार्यक्रम की शुरूवात कथावाचक छोटे सरकार को माला पहनाकर संतोष महतो एवं सरयू महतो ने एवम देवी ज्योति शास्त्री को माला पहनाकर लीलाबाती देवी एवं गोपली देवी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। झामुमों के केंद्रीय सदस्य बासुदेव प्रसाद ने बाबा पीयूष पाण्डेय को माला पहनाकर अभिवादन किया। इस मौके पर यज्ञ कमिटी के सरयू महतो, लखन महतो, अशोक महतो, पूर्व उपप्रमुख कोलेश्वर प्रसाद, कार्तिक महतो, नागेश्वर पासवान, अशोक महतो, गिरधारी महतो, थानू महतो, सोहन महतो, सूरज महतो, छात्रधारी महतो, डॉ गणेश महतो, राजेंद्र महतो, बैजनाथ महतो, सबिता देवी, प्रमिला देवी, एवम अन्य सदस्य शामिल थे।

## डीलर के खिलाफ बार-बार आवेदन देने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के असिया गांव निवासी श्यामलाल कुमार पिता स्व नागेश्वर प्रसाद मेहता ने डीसी के जनता दरबार में उसी गांव के जन वितरण प्रणाली राशन वितरक डिलर बालेश्वर प्रसाद मेहता अनुज्ञप्ति संख्या 04/05 के खिलाफ आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। दिए आवेदन में लिखा है की मेरे एवं मेरे परिवार के जानकारी के बिना उक्त डीलर ने स्वयं एक राशन कार्ड बनाया, जिसका राशन कार्ड संख्या 202002965953 है। उक्त राशन कार्ड की जानकारी मुझे आपके यहाँ से जन-संवाद में उपस्थित होने के बाद प्राप्त हुयी। इस बात की जानकारी के लिए मैंने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को सूचना मांगी, उक्त सूचना में पता चला कि राशन कार्ड 1 मई 2015 में बनी हुयी है, जिसे 18 दिसम्बर 2021 को निरस्त करवा दिया गया। उक्त राशन कार्ड में राशन लि गयी है, परन्तु हमारे परिवार के किसी भी सदस्य ने लाभ नहीं लिया है। जब मैंने डिलर से जांच पड़ताल किया तो डिलर ने मेरे एवं मेरे माता के साथ गाली-गलौज , धक्का-मुक्की कर भगा दिया। तब मैंने इस घटना कि जानकारी के लिए उपायुक्त को आवेदन दिया।

# समाजसेवी सह पूर्व वार्ड सदस्य राजेंद्र नायक का निधन, शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** समाजसेवी सह पूर्व वार्ड सदस्य राजेंद्र नायक का निधन सोमवार की रात हृदयगति रुकने से हो गया। जिससे पूरा शहर में शोक की लहर दौड़ गयी। जो भी उनके निधन की खबर सुना। वह अवाक रह गया। उनके निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। निधन की सूचना पर उनके शुभचिंतक आवास पर पहुंच कर परिजनों को ढांडस बंधाया।



**मुक्ति धाम पर हुआ अंतिम संस्कार, अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोग**

अंतिम संस्कार में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी स्थित गांधी घाट में किया गया। इस दौरान सामाजिक, राजनीतिक के अलावा शहर के कई लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ कर चले गये। पुत्र सागर कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दिया। बताते चलें कि सोमवार को अचानक उनके छती में दर्द उठा, जहां परिवार के लोगों ने आनन-फानन हॉप हॉस्पिटल में भर्ती कराया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। मेदांता अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।

**निधन की खबर सुन अवाक रह गए शहरवासी**

उनके निधन की खबर रामगढ़ शहर में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गयी । हर कोई उनके निधन की खबर सुनकर अवाक रह गया और उनके आवास पहुंचे परिवार वालों को ढांढस बंधाया। इन्होंने किया शोक व्यक्त

शोक व्यक्त करने वालों में विधायक सुनीता चौधरी, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विनोद किस्कू, बजरंग महतो, सरदार अनमोल सिंह, महेंद्र मुंडा, पंकज तिवारी, विजय जयसवाल, रविंद्र शर्मा, कमल बगड़िया, छोटू वर्मा, मनोज राम, भुनेश्वर राम सहित कई लोग शामिल है।

## शोकसभा का किया आयोजन

**छावनी परिषद के वार्ड नंबर 3 के पूर्व सदस्य राजेंद्र नायक के निधन पर मंगलवार को सुभाष चौक के समीप रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन द्वारा शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज सेवी अमित सिन्हा मौजूद थे। मौके पर सभी लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। शोकसभा में मो कैसर अली. मो राजू खान, नंदू मण्डल, राहुल सिंह, सल्लउद्दीन अंसारी आदि शामिल हुए। इधर राजेंद्र नायक के निधन को लेकर वाहन चालकों ने मंगलवार को उनके सम्मान में वाहनों का परिचलन बंद रखा। इधर रामगढ़ टैक्सीमेंस यूनियन के सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने स्व राजेंद्र नायक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की वे जरूरतमंद लोगों की हमेशा मदद किया करते थे। साथ ही टैक्सी मेंस यूनियन से भी वे काफी समय तक जुड़े रहे और वाहन चालकों की मदद की. श्री सिन्हा ने कहा की वार्ड नंबर 3 का सदस्य रहते हुए स्व नायक ने जरूरतमंदों की हमेशा मदद करने का कार्य किया। उनके निधन से जो क्षति हुई है उसकी भरपाई संभव नही है। अरुण सिन्हा ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन स्व राजेंद्र नायक के परिजनों के साथ है।**

## सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** पटेलनगर स्थित जेएम कॉलेज एनएसएस ईकाई एक के तत्वावधान में रीवर साइड बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत में मंगलवार से सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकास पांडेय, चोरधारा पंचायत के मुखिया राम नारायण सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह, स्वयंसेवक महेश महतो, गुलनाज, राहुल प्रसाद, लक्ष्मीकांत सिंह और बंटी कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जेएम कॉलेज एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में चीफ हाउस पंचायत में मुहल्लो की साफ सफाई, पौधारोपण, जल संरक्षण, कुआं, तालाब व नालियों में ब्लीचिंग का छिड़काव, महिला सशक्तिकरण, कोविड, एड्स, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमो की जरीए लोगो के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक तनवी प्रिया ने नृत्य प्रस्तृत कर लोगो का मन मोह लिया। सान्या फिरदोस ने शिविर के महत्त्वो पर प्रकाश डाला। शिविर को सफल बनाने में सोनाली सिंह, अंजली कुमारी, रिया, शिराज, अनवर, शुभम कुमार, प्रियांस, शिवानी, खुशबू, आरती, सोनिया, कोमल, अर्जुन, कंचन, निशा, सुमन, अंजली, स्नेहा, धंनजय कुमार, अर्पणा, आस्था, रानी, पंकज, विनिता, प्रीति सहित अन्य स्वयंसेवक जुटे है।

## डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा ने डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति की बैठक में कई निर्देश दी। इस दौरान बैठक में जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने डीसी माधवी मिश्रा, डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों को प्रबंधकीय समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की जानकारी दी गयी। गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश प्रबंधकीय समिति की बैठक के दौरान डीसी ने विभिन्न मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य, योजनाओं आदि को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। वहीं डीसी ने डीएमएफटी निधि से ली गई योजनाएं जिनका अनुमोदन न्यास परिषद से प्राप्त है के संबंध में समिति के अन्य सदस्यों के साथ चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए। वही, जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुये डीसी ने गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य ससमय संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक में ये थे उपस्थित बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता, पीपीआईए फेलो, जिला स्तरीय पदाधिकारियों कर्मियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## ग्रामीणों ने करायी प्रेमी युगल की शादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** बरियातु पंचायत के कोइया गांव के ग्रामीणों की बैठक हुयी। बताया गया कि कल रात को बड़की युवती पिंकी कुमारी पिता धर्मनाथ महतो गायब थी। काफी खोज बिन के बाद भी जब पता नहीं चला तो परिवार ने आस पास के गावों में भी जान परिचय के लोगों को सूचना दी गयी। उसका प्रेम प्रसंग गांव के ही युवक अवधेश कुमार महतो पिता दिनेश महतो से विगत तीन वर्षों से चल रहा था ।

## उग्रवादी हिंसा के शिकार परिजनों को नौकरी देने का मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता


**चतरा ।** झारखंड विधानसभा में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने टंडवा के महादेव यादव और जसमुद्दीन अंसारी को नौकरी देने का मामला उठाया । उन्होंने ने विधानसभा में प्रश्न करते हुए पुछा की प्रखंड के महादेव यादव और जसमुद्दीन अंसारी को एमसीसी उग्रवादियों के द्वारा 29 दिसंबर 1999 को अपहरण किया गया था।जहां माओवादियों ने महादेव यादव का अंगूठा , जबकि जसमुद्दीन अंसारी का हाथ काट दिया गया था। इन लोगों पर माओवादियों के चुनाव बहिष्कार के बाद भी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का आरोप एमसीसी उग्रवादियों ने लगाकर इस कुकृत्य को अंजाम दिया था। इस मामले में टंडवा थाना कांड संख्या 32/1999 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले को लेकर संयुक्त बिहार विधानसभा में तत्कालीन सिमरिया विधायक योगेंद्र नाथ बैठा ने विधानसभा में सवाल उठाया था । जिस पर तत्कालीन विभागीय मंत्री द्वारा आश्वासन संख्या 216/2001 द्वारा नौकरी देने की घोषणा की गयी थी। इसी मामले को लेकर दास ने झारखंड विधानसभा में सरकार से मांग किया कि संयुक्त बिहार विधानसभा में विभागीय मंत्री के द्वारा आश्वासन घोषणा पत्र के बावजूद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है और ना ही पीड़ित परिवार को नौकरी या मुआवजा दिया गया है। गौरतलब है कि 29 दिसंबर 1999 को हुए सिमरिया विधायक ने झारखंड विधानसभा में यह मामला उठाकर पीड़ित परिजनों को नौकरी और मुआवजा की मांग राज्य सरकार से किया है।



## सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने विधानसभा में जेपी आंदोलनकारियों को सुविधा देने का मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में 18 मार्च 1974 से 21 मार्च 1977 तक की अवधि में हुए जेल में बंद मृत एव घायल लोगों को जीवित रहने पर उन्हें या उनकी मृत्यु पर उनके आश्रितों को राज्य में पेंशन दिये जाने के मामले को सदन में उठाया। आगे संकल्प सं 4669-30 जुलाई 2015 द्वारा जेपी आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारियों को मासिक सम्मान पेंशन दिया जाता था। लेकिन जेपी आंदोलनकारियों के मृत्यु के उपरांत उन्हें आश्रितों को पेंशन की सुविधा दे नहीं है। इस मामले को लेकर विधायक किशुन कुमार दास ने बिहार सरकार के तर्ज पर झारखंड में रह रहे जेपी आंदोलनकारियों या उनके आश्रित को पेंशन की सुविधा 15000 प्रतिमाह देने की मांग किया है।



**राज्य के विश्वविद्यालयो-अंगीभूत महाविधालयो के शिक्षक प्राध्यापको को नियमित करने की मांग को उठाया**

वही विधायक किशुन कुमार दास ने वर्ष 2005 से राज्य के 22 अंगीभूत महाविद्यालय- विश्वविद्यालयों में कार्यरत बीएड प्राध्यापकों-शिक्षकेतर कर्मियों की ना तो सेवा शर्त नियमावली है न सेवा स्थायी बनाने की मामला सदन में उठाया। विद्यायक ने विश्वविधालय के अंदर महाविधालय में पढ़ाने वाले प्रोफेशर एव शिक्षकेतर को स्थायी नियमावली बनाने की मांग किया है।ताकि महा विधालय में पढ़ने वाले छात्रो को पठन पाठन में बाधा न बन सके। उत्तर में विभाग ने बताया की एनसीटीई के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालयों अंगीभूत महाविद्यालय के द्वारा सेल्फ फाइनेंसिंग मोड के तहत शिक्षकों को रखा जाता रहा है । झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2000 के आलोक में पारित कराकर विभाग को उपलब्ध किया जाता है। तत्पश्चात विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। इस मामले को सरकार को नई अधिनियम पारित कर अंगीभूत महाविधालयो के शिक्षक प्राध्यापको को नियमित करने की मांग किया है।

## चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव 2 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2023-25 के पंद्रह सदस्यीय कार्यकारिणी का चुनाव दो अप्रैल को बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में होगा। चुनाव को लेकर मंगलवार की शाम अधिसूचना जारी करते हुए चुनाव समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता वंशीधर गोप व सहायक चुनाव पदाधिकारी सुरेश बगड़िया, अधिवक्ता प्रणव कुमार मुखर्जी, राजेश अग्रवाल, अनिल कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर अग्रवाल और कमलेश्वर सिंह ने बताया कि चैंबर चुनाव को लेकर प्रत्याशी 20-22 मार्च तक शाम छह से आठ बजे तक एक हजार रुपये नामांकन शुल्क जमा कर नामांकन फार्म चैंबर कार्यालय से ले सकते हैं। नामांकन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच 23 व नामवापसी की अंतिम तिथि 24 मार्च है। प्रत्याशी सूची व मतदाता सूची का प्रकाशन 25 मार्च को होगी। दो अप्रैल को बिजुलिया स्थित चैंबर भवन में सुबह दस बजे से लेकर शाम चार बजे तक मतदान के बाद देर शाम मतों की गिनती के साथ ही चुनाव परिणाम की घोषणा की जायेगी



## प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने को लेकर मुखिया ने डीसी को सौंपा पत्र



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी ने डीसी को पत्र सौंप पंचायत क्षेत्र में रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन द्वारा स्वीकृत व अनुमोदित विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वयन करवाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। इसमें राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा से नायक टोला, आजाद नगर, भुंइया टोला, शिव नगर होते हुए बीटीटीआई मुहल्ला तक सड़क निर्माण हनुमान मंदिर से जुबिली कॉलेज होते हुए बिरसा नगर तक पुलिया व सड़क निर्माण, नायक टोला हनुमान मंदिर से पुराना थाना मुहल्ला तक पुलिया व सड़क निर्माण, दुंदुवा मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक पहुंच पथ का निर्माण, दुंदुवा से बिरसा नगर होते हुए चोरधरा के जुबिली मोड़ तक मिलान पथ सहित कई अन्य सड़कें शामिल हैं।

## भाजपा की बैठक में बूथ समिति बनाने का निर्णय

**गोला (आजाद सिपाही)।** भाजपा की बैठक मंगलवार को रजरप्पा चोक स्थित ठाकुर बड़ी मंदिर परिसर में किया गया। इसकी अध्यक्षता गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव एवं संचालन महामंत्री जितेंद्र साहु ने किया। बैठक में मुख्य मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबन गुप्ता ,ज़िला उपाध्यक्ष सह गोला मंडल प्रभारी राजू चतुवेर्दी शामिल हुए। इस दौरान बुथ समिति ओर पेज प्रमुख बनाने पर जोर दिया गया। बबन गुप्ता एवं राजू चतुवेर्दी ने कहा की अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी गंभीर है। जिसमें हर शक्ती केंद्र में दो दो अल्प कालिक सदस्य बनाए जा रहे है। बुथ समिति बनाने में प्रत्येक बुथ में 31 सदस्य टीम बनाया जाना है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष स्नेह लता चौधरी, खाद्य आपूर्ति विभाग के सांसद प्रतिनिधि डोमन नायक, पंचम चोधरी, राकेश पंडा, ललन कुशवाहा, आर एन सिंह, नंद किशोर महतो, प्रदीप बर्मन, बिकास मणि पाठक, दिपक मिश्रा, सुलेखा देवी, सुधा देवी, लखन अग्रवाल, जय किशुन, साव प्रमोद रजवार, अनुज प्रसाद , सोसल मीडिया प्रभारी उज्जवल चक्रवर्ती, संजीव सिन्हा आदि शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन रवि हाजरा ने किया।

## जयराम महतो का कुजू में कार्यक्रम आज

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मुरपा तरवाटांड़ में आगामी 15 मार्च को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले खतियानी महाजुटान का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से टाईगर जयराम महतो व मोतीलाल महतो शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी ग्रामीण विकास समिति कुजू मुरपा द्वारा दी गयी। समिति द्वारा पूरे क्षेत्र के लोगों को उक्त महाजुटान में शामिल होने का आग्रह किया गया।

## राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन को लेकर जागरूकता सभा का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोला व बंदा सचिवालय में मंगलवार को एक दिवसीय जागरूकता ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने लोगों को जानकारी देते हुये बताया कि टीबी यह एक संक्रमक बीमारी है। यह रोग किसी को भी हो सकती है अगर किसी भी व्यक्ति को 2 सप्ताह या इससे अधिक समय से लगातार खांसी हो तो उसे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में बलगम जांच करवाना चाहिए, यह जांच सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति में टीबी बीमारी का लक्षण पाया जाता है तो उसका सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज भी किया जाता है। साथ ही टीबी बीमारी की उपचार के क्रम में दी जाने वाली सहायता राशि, पोषण आहार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी।

## विधायक ने चार पंचायतों के प्रखंड क्षेत्र का मामला उठाया

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विधानसभा सत्र के दौरान मांडू थाना में पड़ने वाले चार पंचायतों का मामला उठाया। जो हजारीबाग जिला क्षेत्र के डाड़ी प्रखंड क्षेत्र में पड़ते हैं। विधायक द्वारा पूछे गए सवाल में कहा गया है कि हजारीबाग जिला क्षेत्र के रबोध, हुआग, बलसगरा और हेन्हेमोढ़ा डाड़ी प्रखंड क्षेत्र में आते हैं। परंतु इन पंचायतों का प्रशासनिक क्षेत्र मांडू थाना जिला रामगढ़ पड़ता है। जिससे ग्रामीणों को चरित्र प्रमाण पत्र या अन्य कागजात बनाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सभी पंचायतों को हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र में शामिल करने के बाबत सवाल पूछा है। जिस पर सरकार के संयुक्त सचिव द्वारा कहा गया है कि हुआग और बलसगरा संपूर्ण रूप से मांडू थाना क्षेत्र में पड़ते हैं। जबकि रबोध और हेन्हेमोढ़ा क्षेत्र का कुछ भाग मांडू थाना क्षेत्र और कुछ भाग गिद्दी थाना क्षेत्र में पड़ता है। उन्होंने जवाब में कहा है कि मांडू थाना क्षेत्र में पड़ने वाले भाग को गिद्दी थाना क्षेत्र में शामिल करने के प्रस्ताव की अनुशंसा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के आयुक्त से प्राप्त हुयी है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से अनुशंसा की मांग की गयी है। पुलिस मुख्यालय से प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा कार्यकर्ता उमेश प्रसाद की पत्नी का निधन

**टंडवा(आजाद सिपाही)।** टंडवा मंडल अंतर्गत टंडवा के भाजपा कार्यकर्ता उमेश प्रसाद की पत्नी सुनीता देवी का आकस्मिक निधन मंगलवार को हो गयी। इस दुःख की घड़ी में सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास पीड़ित परिवार के घर टंडवा पहुंचे। दास ने पीड़ित उमेश प्रसाद को ढाढस बंधाया। असमायिक निधन होने से भारतीय जनता पार्टी के नेता, कार्यकर्ता ने शोक संवेदना व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि रंजीत गुप्ता, राजेंद्र सिंह, विकास मालाकार, मुकेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद सोनी, प्रदीप नायक, आनंद गुप्ता सहित कई भाजपा नेता के नाम शामिल है।

## पतरातू में मस्जिद की ढलाई की गयी

**पतरातु(आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार के समीप स्थित मस्जिद कि आज ढलाइ हुयी। इसमें दर्जनों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। भलाइ के लिए मसाले की कढ़ाई की बोली लगायी गयी। इसमें पतरातू में लेथ दुकान चलाने वाले मोहम्मद जमाल ने 51 हजार 786 रुपए कि सर्वाधिक बोली लगाकर कढ़ाइ उठाइ। वही पेशे से होम्योपैथिक डॉक्टर मो अरशद ने 50 हजार 786 रुपए की बोली लगायी। और तीसरी सबसे महंगी कढ़ाई कपड़ा दुकान के मालिक मो शाहिद ने 41 हजार 786 रुपए रही। मौके पर रजा ए मुस्तफा कमेटी के इम्तियाज खान, लइक कुरैशी, मो अरशद, बदरुद्दीन हसन, मो इलियास, खुर्शीद असलम, मुन्ना खान, अली खान, हाफिज आसिफ, मुस्ताक, मखदूम सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। मस्जिद की ढलाई में अन्य दर्जनों ने आर्थिक रूप से योगदान दिया।

## चोरी के आरोप में पांच गिरफ्तार, भेजा जेल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** जिंदल स्टील प्लांट से निकलता ट्रेलर से सरिया की चोरी के आरोप में पांच व्यक्ति को गिरफ्तार कर बरकाकाना ओपी ने सभी आरोपी को भेजा जेल। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेलर गाड़ी संख्या एनएल 01 के 4352,ओ आर 14 यू 8649,बी आर 27 ई 7569 जो जिंदल स्टील पतरातू से लोहा सरिया लादकर प्लांट से बाहर निकलता था एवम बरकाकाना ओपी अंतर्गत हेहल दानिश पेट्रोल पंप के पीछे गाड़ी ले जाकर ड्राइवर खलाशी व स्थानीय लोगों की मदद से कई महीनों पूर्व से ट्रेलर से सरिया चोरी किया जाता था। घटना की जानकारी मिलने पर गुप्त सूचना के आधार पर पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय की अगुवाई में बासल ओपी एवम बरकाकाना ओपी की संयुक्त छापेमारी में सरिया चोरी करते रंगे हाथ पांच लोगो को गिरफ्तार किया गया है। बरकाकाना ओपी ने जांचोपरांत सभी आरोपियों को भेजा जेल। बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया चोरी की घटना को लेकर जांच जारी है।

# अब तो बहस हो

संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से की सोमवार को जैसी शुरुआत हुई, उसे अगर संकेत माना जाये, तो उससे यह उम्मीद मजबूत नहीं होती कि दूसरे हिस्से में कामकाज अपेक्षाकृत ज्यादा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से होगा। पहले दिन लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने विदेशी धरती पर देश के कथित अपमान का मुद्दा उठाया और कहा कि इसके लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उसके बाद जो हंगामा शुरू हुआ, उसमें दोनों सदनों की बैठक स्थगित करने के अलावा कोई और चारा न रहा। एक दिन पहले कर्नाटक में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर कहा था कि विदेशी धरती पर जाकर भारतीय लोकतंत्र पर हमले करना देश का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उनके सख्त तेवर को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया था कि संसद सत्र के दौरान सत्तारूढ़ पक्ष इस मुद्दे पर आक्रामक रवैया अपनायेगा। हालांकि विपक्ष ने भी अपनी तैयारी कर रखी थी। सोमवार को ही 16 विपक्षी दलों के नेताओं की एक बैठक संसद भवन में हुई थी, जिसमें खास तौर पर जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और अडाणी मसले पर जोर देने की बात तय हुई थी। ध्यान रहे, बजट सत्र के पहले हिस्से में पक्ष-विपक्ष के बीच टकराव खासतौर पर अडाणी मसले पर ही केंद्रित रहा था।

**यही स्थिति रही, तो बजट सत्र की बाकी बची अवधि भी ऐसे ही शोर-शराबे की भेंट चढ़ जायेगी। ध्यान रहे कि सत्र के इस हिस्से में ग्रांट की मांगों पर चर्चा होनी है और बजट को भी पास किया जाना है।**

ऐसे में लगता यही है कि अगर सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी के बयान को मुद्दा नहीं बना दिया होता, तो विपक्ष की ओर से उपरोक्त दोनों में से कोई मुद्दा उठाया जाता, लेकिन आखिरकार माहौल ऐसा ही बनता। यह चिंताजनक है कि संसद में शांतिपूर्ण ढंग से स्वस्थ बहस की उम्मीद लगातार कमजोर होती दिख रही है। अगर राहुल गांधी द्वारा लंदन में अलग-अलग मंचों से भारतीय लोकतंत्र के कथित अपमान के ही मसले को लिया जाये, तो क्या यह बेहतर नहीं होता कि सत्ता पक्ष के आरोप के बाद विपक्ष उस पर अपनी बात कहता। राहुल गांधी ने सही या गलत जो भी आरोप लगाये, उनके कारणों पर बात होती, उनसे उन मौकों के विवरण मांगे जाते जब उनके मुताबिक उनकी माइक बंद की गयी। इसकी जांच होती कि वे शिकायतें निराधार हैं या उनके पीछे कोई तकनीकी गड़बड़ियां जिम्मेदार हैं। इनसे संसद में कामकाज का स्तर सुधारने की गुंजाइश बनती, लेकिन ऐसा लगता है कि सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, कोई भी इन मुद्दों की जड़ तक पहुंच कर उन्हें संबोधित करने में दिलचस्पी नहीं ले रहा। यही स्थिति रही, तो बजट सत्र की बाकी बची अवधि भी ऐसे ही शोर-शराबे की भेंट चढ़ जायेगी। ध्यान रहे कि सत्र के इस हिस्से में ग्रांट की मांगों पर चर्चा होनी है और बजट को भी पास किया जाना है। इसके अलावा राज्यसभा में 26 बिल और लोकसभा में करीब नौ बिल पेंडिंग हैं। इन सब पर ढंग से चर्चा नहीं हो पाना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**संसद के उद्घाटनी सत्र में पेश की गयी कार्य रिपोर्ट में सुरक्षाबलों की उपलब्धियों को गिनाये बगैर अनसुलझे बार्डर तथा उत्तरी लद्दाख में तनावपूर्वक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सेना ने बार्डर डिफैंस के मुख्य उद्देश्य के साथ बड़ी दृढ़ता तथा परिवर्तन योग्य ढंग से निर्धारित मिशन में कामयाबी हासिल की है तथा अब हथियारबंद सेनाओं को युद्ध संबंधी सामर्थ्य बढ़ाना चाहिए, ताकि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सौंपा हुआ कार्य संपूर्ण हो सके।**

# चीन का रक्षा बजट : युद्ध की तैयारी के संकेत

कुलदीप सिंह काहलों

चीन ने 5 मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा बजट को 7.2 प्रतिशत बढ़ाकर करीब 225 अरब डालर यानी कि 1550 अरब युआन खर्च करना तय किया है, जो कि बीजिंग के सैन्य बजट में निरंतर आठवीं बढ़ौतरी है। चीन की संसद नैशनल पीपल्स कांग्रेस के प्रधानमंत्री ली केकियांग की ओर से बजट पेश करते समय हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों को युद्ध की तैयारियों की ओर अग्रसर होने का आमंत्रण दिया।

संसद के उद्घाटनी सत्र में पेश की गयी कार्य रिपोर्ट में सुरक्षाबलों की उपलब्धियों को गिनाये बगैर अनसुलझे बार्डर तथा उत्तरी लद्दाख में तनावपूर्वक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि सेना ने बार्डर डिफैंस के मुख्य उद्देश्य के साथ बड़ी दृढ़ता तथा परिवर्तन योग्य ढंग से निर्धारित मिशन में कामयाबी हासिल की है तथा अब हथियारबंद सेनाओं को युद्ध संबंधी सामर्थ्य बढ़ाना चाहिए, ताकि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से सौंपा हुआ कार्य संपूर्ण हो सके।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं का केंद्र बिंदू पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की 2027 में प्रथम शताब्दी के समय तक युद्ध सिखलाई में महारत हासिल कर सैन्य आप्रेशन हेतु तैयार-बर-तैयार रहना होगा। चीन का लक्ष्य अपनी सेना को दुनिया की सर्वोत्तम सेना बनाने का है।

**बीजिंग ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपना नजरिया बदले, नहीं तो संघर्ष के लिए तैयार रहे।**

इस समय अमेरिका की सेना सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है तथा उसका 2023 का बजट 816 बिलियन डालर है। चीन का 2025 बिलियन डालर का बजट भारत के 5.9 लाख करोड़ से 3 गुणा अधिक है। चीन का रक्षा बजट



**प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं का केंद्र बिंदू पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) की 2027 में प्रथम शताब्दी के समय तक युद्ध सिखलाई में महारत हासिल कर सैन्य आप्रेशन हेतु तैयार-बर-तैयार रहना होगा। चीन का लक्ष्य अपनी सेना को दुनिया की सर्वोत्तम सेना बनाने का है।**

बेशक अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आता है, मगर उसकी 20 लाख की पीएलए सबसे अधिक है। चीन के प्रधानमंत्री की ओर से रक्षा बजट के बारे में चर्चा करते समय बार-बार युद्ध तैयारी पर जोर देने के आखिर मायने क्या हैं? ऐसा प्रतीत होता है कि पीएलए की ओर से पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में आक्रमण शक्ति वाला संदेश छिपा हुआ तो नहीं?

## चीन का लक्ष्य तथा भौगोलिक स्थिति

बीजिंग विस्तारवादी नीति के चलते आने वाले समय में आर्थिक, औद्योगिक, तकनीक, स्पेस तथा विशेष तौर पर सेना तथा परमाणु शक्ति के तौर पर अमेरिका को पछाड़ते हुए विश्व गुरु बनने का ख्याल रखता है। जिस तरीके से चीन के जासूसी गुब्बारे अमेरिका से लेकर कनाडा तक देखने को मिले तथा अमेरिका की ओर से मिसाइल के प्रयोग से उन गुब्बारों को निशाना बनाया गया, उससे यह सिद्ध होता है कि चीन के इरादे नेक नहीं हैं।

जिक्रयोग्य यह भी है कि विश्व व्यापी रणनीतिक पक्ष से दक्षिणी चीन सागर बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसी क्षेत्र में पीएलए का फाइटर जेट अमेरिका के सर्वेक्षण वाले विमान से टकराते हुए बचा है। इससे पहले भी वर्ष 2001 में पीएलए का विमान अमेरिका के विमान से टकराया, जिसमें चीन के पायलट की मौत हो गयी, पर अमेरिका के पायलट को पीएलए की एक टुकड़ी ने उस समय दबोच लिया, जबकि उसे आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी। यह घटना हेनान घटना के तौर पर जानी जाती है। निःसंदेह दक्षिण चीन सागर विश्व भर की ऊर्जा से लेकर सैमीकंडक्टर चिप्स जैसी नाजुक जरूरतों को पूरा करता है।

इसके लिए समुद्री आवाजाही बेहद महत्वपूर्ण है। चीन के विदेश मंत्री ने अमरीका की हिंद प्रशांत नीति की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिका, भारत, जापान तथा आस्ट्रेलिया को मिलाकर बना क्वाड हो या आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमरीका को शामिल कर ए, यूके, यूएस जैसे संगठनों का उद्देश्य चीन को बिखेरने का है।

बीजिंग ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपना नजरिया बदले, नहीं तो संघर्ष के लिए तैयार रहे। इसका प्रभाव भारत पर भी पड़ना स्वाभाविक है। इसी तरीके से ताईवान मुद्दे पर अमेरिका-चीन के दरम्यान कशमकश भारत की विदेश नीति को भी प्रभावित करेगी।

## बाज वाली नजर

भारत के सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने आर्मी दिवस परेड से पहले 12 जनवरी को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि चीन से लगती सीमा पर हालात स्थिर तथा नियंत्रित जरूर हैं मगर यह आशानुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम पूर्वी लद्दाख में एल.ए.सी. के झगड़े वाले 7 स्थानों में से 5 का निपटारा कर चुके हैं।

मैं यहां स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जब पीएलए की टुकड़ियां पांच-छह मई 2020 को एलएसी को पार कर पेंगोंग त्सो झील के उत्तर-पूर्व की ओर भारतीय क्षेत्र में दाखिल होकर घिनौनी हरकतों पर उतर आयीं, फिर सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर कई बैठकों के दौरान चीनियों को भगाया न जा सका, तो हमारी सेना ने फिंगर चार के दक्षिण की ओर पड़ते 15000 फुट वाले कैलाश रेंज की रणनीतिक महत्ता वाली छह-सात चोटियों के ऊपर अगस्त 2021 में कब्जा कर लिया।

तब जाकर गोगरा-हॉट सिंप्रग, पेट्रोलिंग प्वाइंट से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हटीं, जोकि बड़ा मसला नहीं था। चीन के 225 अरब डालर के रक्षा बजट के अलावा कुछ ऐसे पहलू हैं, जो कि भारत की सुरक्षा नीति तथा युद्ध तैयारी को प्रभावित करते हैं।

मिसाल के तौर पर ड्रैगन की चीन-पाकिस्तान का आर्थिक गलियारा, ब्रह्मपुत्र दरिया के ऊपर बांधों की उसारी, हमारे पड़ोसी मुल्कों को आर्थिक तथा सैन्य सहायता से भारत की घेराबंदी करने की योजना है। हाल ही में अमेरिकी सरकार की खुफिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि भारत-चीन तथा भारत-पाकिस्तान के दरम्यान संघर्ष का माहौल बनने से युद्ध का अंदेशा है।

**(लेखक : रिटायर ब्रिगेडियर हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

## विधायकों ने मुखिया संघ के साथ मुख्यमंत्री से की मुलाकात, 10 सूत्री मांग पत्र सौंप कर लगायी गुहार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के विधायकों ने कोल्हान प्रमंडल मुखिया संघ के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। मंगलवार को मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती शामिल रहे। मांग पत्र के माध्यम से निवेदन पूर्वक कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। मांग पत्र में 15 वें वित आयोग फंड के अलावा राज्य सरकार की ओर से फंड का व्यवस्था,सभी 29 विभागों का पूर्ण अधिकार मुखियाओं को मिले, टाइड एवं अनटाइड को एक साथ सामायोजित हो, ताकि ग्रामसभा से अनुमोदित योजनाओं का निष्पादन किया जा सके। सभी पंचायत में सफाई कर्मी एवं नाइट गार्ड की बहाली, पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण, सभी मुखिया का मानदेय 10000 से बढ़ कर 20000 से 25000 रुपये तक सम्मानजनक बढ़ाया जाये, मुखियाओं को बीमा एवं पेंशन की सुविधा, सभी पंचायत भवन में कंप्यूटर ऑपरेटर की बहाली, प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि को बढ़ाया जाये, मुखिया को लोक सेवक की परिभाषा के दायरे में परिभाषित कर लोक सेवक को मिलने वाली सुविधाएं देने की मांग की गयी। उन्होंने सीएम से न्याय पूर्ण माँगों को संवेदना पूर्वक विचार करते हुए पूरा करने की अपील की। प्रतिनिधि मंडल में पलटन मुर्मू, दुलारी सोरेन,सरोस्ती टुडू, कान्हु मुर्मू, मायावती टुडू, राकेश चंद्र मुर्मू, लिना मुंडा, सींगो मुर्मू, जोबा मारदी, कालिदास टुडू, संजू, हरिन तमसोय, सिमती सरदार, रामचंद्र मुर्मू और दुलारी मुर्मू आदि शामिल रहे।

## पोटका विधायक की पहल पर दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल, जताया आभार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधायक संजीव सरदार के पहल पर दिव्यांग मागलु गोप को ट्राई साइकिल उपलब्ध होने से परिवार में खुशी देखने को मिली। सोमवार को विधायक के निर्देश पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य देव पालीत के द्वारा कल्याण विभाग की ओर से पोटका ब्लॉक मुख्यालय के बाल विकास परियोजना कार्यालय में ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया गया। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य देव पालीत ने बताया पोटका प्रखंड के हल्दीपोखर निवासी मागलु गोप पैरों से दिव्यांग है। चंलने फिरने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसकी जानकारी विधायक संजीव सरदार को दी गई। सूचना मिलते ही पोटका विधायक संजीव सरदार ने दिव्यांग मागलु गोप को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया मागलु गोप टाई साइकिल पाकर काफी खुश हुए। उन्होंने पोटका विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक संजीव सरदार को तहे दिल से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किए।

## बहरागोड़ा में कच्चे रास्ते से बालू उठाव, पूर्व विधायक ने जारी की वीडियो, मचा हड़कंप






आजाद सिपाही संवाददाता

**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित स्वर्णरेखा नदी से अवैध बालू खनन पर सरकार ने रोक लगा दी। वहीं बालू माफियाओं ने अवैध बालू उठाव और परिवहन के लिए नदी घाट तक कच्ची सड़क बनवा दी। बीते रात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने एक ट्रक को बालू ढोते हुए देख वीडियो जारी कर दिया।

पूर्व विधायक के अनुसार कुछ दिन पूर्व बहरागोडा विधायक व उनके सहयोगियो के द्वारा बालू की अवैध तस्करी करते पाए जाने पर प्रति ट्रक पर ईनाम की घोषणा की गयी थी। लेकिन गुहियापाल गांव से हाइवे तक की सडक पर रात में ट्रक कौन से सरकारी विकास योजना के लिए बालू लेकर जा रहे हैं। उधर पूर्व विधायक ने जैसे ही ट्वीट पर वीडियो डाला, जिला प्रशासन हरकत में आ गया। सोमवार को प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने नदी घाट तक के बने रास्ते का जायजा लिया, जहां जेसीबी की मदद से रास्तों को बंद किया गया। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने वीडियो जारी कर जिला प्रशासन की सुस्त कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा महीनों से चिर निद्रा में सोई प्रशासन की नींद अब खुली है। उन्होंने कहा कि नदी घाट तक जाने वाले इन रास्तों का निर्माण स्वाभाविक तौर पर एक या दो दिन में नही हो सकता। सत्ता के संरक्षण प्राप्त खनन माफिया रास्ता बनाकर महीनों से बालू का उठाव आसानी से कर रहे हैं।

पूर्व विधायक ने कहा बालू के अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन को अधिक सख्ती और सक्रियता बढ़ाने की जरूरत है। ताकि खनन माफियाओं द्वारा बालू घाट पर अवैध बालू उठाव को समय पर पूर्ण रूप से नियंत्रित किया जा सके।

## नुवोको सीमेंट व टाटा पावर के बिना ट्रीटमेंट पानी को नाले में छोड़ने के मामले को विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में रखा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में जनता से जुड़े प्रश्न रखा। विधायक ने सत्र में बताया जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर एवं गदड़ा मौजा के नौ पंचायतों के लगभग 45,000 हजार लोग टाटा पावर एवं नुवोको सीमेंट प्लांट के द्वारा उत्सार्जित वायु प्रदूषण के वाटवरण में जीने को मजबूर है। बिना ट्रीटमेंट किये गये पानी को नाले में छोड़ने के कारण जलीय जीव जंतु एवं खेती के साथ लोगों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विधायक मंगल कालिंदी ने आसन के माध्यम से जनहित एवं लोकहित में जांच कमेटी गठित कर उक्त दो दोषी कंपनियों के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने की सरकार से मांग की।


## राष्ट्रीय जल नीति के अनुसार नदी के जल पर पीने का पहला अधिकार : सरयू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में मोहरदा जलापूर्ति परियोजना में सुवर्णरेखा नदी के पानी कम होने से परिचालन में हो रही कठिनाई की मामला विधान सभा मे उठाया। विधायक ने राज्य सरकार को जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के जनता से जुड़े पियेजल की समस्या पर चांडिल डैम से पानी छोड़ने का निर्देश देने के लिए अपील की। विधायक सरयू राय ने सदन से कहा पूर्वी विधानसभा में चांडिल डैम से मोहरदा पेयजल परियोजना के लिए पानी छोड़ने के संबंध में दो दिन पूर्व सवाल किया गया था। लेकिन सरकार ने इंकार कर दिया। उन्होंने कहा किसान डैम को पूरा भरने नहीं देते। इसलिए पानी छोड़ना संभव नहीं है। विधायक ने कहा राष्ट्रीय जल नीति 2002 के अनुसार नदी के जल पर पहला अधिकार पीने के पानी के लिए है। प्राथमिकता में नदी के जल का औद्योगिक उपयोग चौथे नम्बर पर है। यदि डैम में पानी कम है तो उद्योगों के लिये नदी से जल देने में सरकार कटौती करे, न कि पेयजल के हिस्सा में रोक लगे। श्री राय ने सभा अध्यक्ष से कहा वे जल संसाधन विभाग से आँकड़ा माँगे चांडिल डैम का डेड स्टोरेज लेन्स क्या है और पूरा लेने वाले कितना है। मानसून से पूर्व विभाग डैम का कितना पानी खाली करना चाहती है। ताकि बरसात के समय यहाँ ज्यादा पानी संग्रह हो सके। साथ ही निचले इलाके में रहने वाले बाढ़ से बच सके। इस आधार पर सरकार मोहरदा जलापूर्ति के लिए पानी छोड़ने का विवरण प्रस्तुत करे। मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने संसदीय कार्य मंत्री को विषय का संज्ञान में लेने व सरकार से सदन की मंशा को क्रियान्वित करने का नियमन दिया। वही श्री राय ने संसदीय कार्य मंत्री से भी वार्ता की। उन्होंने कहा इस मुद्दे पर में बुधवार को बैठक कर मामले का निपटारा करेंगे।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में टेलीकॉम जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में बोकारो महिला कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में कंज्यूमर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया गया। ट्राई की ओर से चलाये जाने वाले विशेष अभियान के तहत यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैंपस कार्यक्रम आयोजन में झारखंड में ट्राई के कंज्यूमर अवेयरनेस ग्रुप (सीएजी) के सदस्य व महिला कल्याण समिति, बोकारो के महासचिव और कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर श्याम कुंवर भारती रहे. कार्यक्रम में बीएसएनएल के एजीएम विनोद कुमार मुख्य अतिथि एवं जियो के दीपांकर दास रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि विनोद कुमार ने बीएसएनएल के पूरे कोल्हान प्रमंडल में विकास के कार्यों की रूप रेखा सामने रखी। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की योजना को पूरा करते हुए प्रमंडल के तीन जिलों, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला के 350 गांवों में बीएसएनएल 4जी टावर का काम शीघ्र पूरा कर लेगा। उन्होंने साइबर फ्रॉड की चर्चा करते हुए उपभोक्ताओं को ओटीपी किसी से भी साझा न करने की हिदायत दी। श्याम कुंवर भारती ने बताया कि किसी भी टीएसपी को ट्राई के नियमों का ही पालन करना पड़ता है। उन्होंने छात्राओं को स्मार्टफोन के स्मार्ट यूजर बनने की सलाह देते हुए सजग रहने की व सोशल मीडिया के बेहतर उपयोग की सलाह दी। संसाधन सेवी दीपांकर दास ने भी सभी की बातों में और उदाहरण बताते हुए सबको सजग रहने को कहा। किसी भी समस्या के समाधान के लिए 1991, 199198 और जीओचैट के द्वारा 70007 पर बात करने की सलाह दी। उन्होंने जमशेदपुर में जियो के 4जी से 5जी के परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि शीघ्र ही पूरे शहर को 5जी से जोड़ दिया जायेगा।

## गढ़वा के आलोक झारखंड स्टेट कैरम चैंपियनशिप के बने विजेता



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दुमका में आयोजित झारखंड स्टेट कैरम चैंपियनशिप के फाइनल में गढ़वा के स्टार खिलाड़ी आलोक कुमार कश्यप ने रांची के सोनू पांडेय को 2–1 से पराजित कर झारखंड स्टेट कैरम चैंपियन बनने का गौरव हाशिल किया। इसके पूर्व भी दो बार आलोक ने इस खिताब को अपने नाम किया था। जानकारी देते हुए गढ़वा जिला कैरम संघ के सचिव कमलेश सिन्हा ने बताया कि दुमका जिला कैरम संघ के द्वारा दुमका के सिदो कान्हो मुर्मु इंडोर स्टेडियम में राज्य कैरम संघ के तत्वावधान में 11 से 13 मार्च तक यह प्रतियोगिता आयोजित थी। इस प्रतियोगिता में गढ़वा से आलोक कुमार कश्यप तथा चंदन कुमार ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में चंदन कुमार हालांकि तीसरे राउंड में हार गये। किंतु आलोक कुमार कश्यप ने अपने नर्व को कंट्रोल में रखते हुए तथा अपने अनुभव का लाभ उठाते हुए फाईनल मैच में रांची के सोनू पांडेय को 2–1 से पराजित किया। पुरुषों के इस एकल फाइनल के कड़े मुकाबले में पहला गेम सोनू पांडेय ने 24–23 अंको पर जीता। वहीं दूसरे गेम में पलटवार करते हुए आलोक ने कड़े मुकाबले में 17–16 पर मैच जीत कर स्कोर को 1–1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायिक गेम में आलोक ने 25–08 पर एकतरफा मैच जीत चौम्पियन बना। इसके पूर्व आलोक ने सेमी फाइनल में दुमका के अजीत को क्वार्टर फाइनल में, दुमका के अभिषेक झा को, प्री क्वाटर फाईनल में पश्चिमी सिंहभूम के राजा तांती को हराया था। इसके पूर्व आलोक ने गोडडा में वर्ष 2007 तथा रांची में वर्ष 2008 में आयोजित झारखंड स्टेट कैरम चैंपियन में भी विजेता बनने का गौरव हाशिल किया था।

## बकाया मानदेय भुगतान की मांग को ले मनरेगा कर्मियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में मनरेगा कर्मी लगभग 10 वर्षों से डीआरडीए कार्यालय में कार्य कर रहे थे, जिन्हें बीते वर्ष 2022 में कार्य से मुक्त कर दिया गया किंतु सभी मनरेगा कर्मियों ने अपने बकाया 12 माह के मानदेय भुगतान को लेकर गढ़वा डीसी शेखर जमुआर से मुलाकात कर अपने मानदेय भुगतान कराने को लेकर आवेदन सौंपा उन्होंने कहा कि विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मियों का लंबित दैनिक प्राथमिक भुगतान करने की कृपा करें। मौके पर रंजन कुमार दुबे, मुकेश कुमार, ममता कुमारी, जय मंती देवी, खुर्शीद अंसारी, राजकुमार टोप्पो उपस्थित थे।

## शाह कमिटी का गठन, मो. सरवर शाह बने अध्यक्ष

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के साईं मोहल्ला में शाह कमेटी का बैठक हुआ सम्पन्न बैठक में शाह समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से शाह कमिटी का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अशरू दीन शाह के अध्यक्षता में किया गया जिसमें मोहम्मद सरवर शाह को अध्यक्ष बनाया गया वही मोतीम शाह को सेक्रेटरी, मोहम्मद सोनाहुल को युवा जिला अध्यक्ष बनाया गया। बैठक में 16 मार्च को रांची के अंजुमन इस्लामिया हॉल में आयोजित सम्मेलन में शामिल होने के लिए लोगों से आग्रह किया गया साथ ही बैठक में अधिक से अधिक उपस्थिति हो इसके लिए सभी लोग से एक दूसरे से समंवय स्थापित कर अधिक से अधिक लोगों को रांची ले जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मोहम्मद जाउद्दीन शाह, मोहम्मद अनवर शाह, मोहम्मद अजहर अली, मोहम्मद सलीम जाफर, मोहम्मद मिसबाहुल शाह, मोहम्मद फैयाज उद्दीन शाह, मोहम्मद अरशद शाह, मोहम्मद फिरोज शाह, मोहम्मद मनन शाह मौजूद थे।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। जमा दो उच्च विद्यालय कांडी सेंटर पर प्रथम पाली में मैट्रिक की वोकेशनल विषय की परीक्षा में कुल 62 में 61 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। इंटर की वोकेशनल विषय की परीक्षा में एक परीक्षार्थी परीक्षा लिखा। उधर लमारी कला परीक्षा केंद्र पर इंटर की परीक्षा में 73 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि एक अनुपस्थित रहा। शोणभद्र आदर्श इंटर महाविद्यालय परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के 89 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल मौजूद थी।

## प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की करायी शादी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड़ कर मंदिर में शादी करा दी ।मामला भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कुवंरटीका टोला गांव का है ।बताया जा रहा है कि बालिग प्रेमी युगल थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत के रहने वाले है। जिनकी शादी पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी एवं परिजनो की सहमति से कराकर लड़की की विदाई कर दी गई। भवनाथपुर प्रखंड के अरसली दक्षिणी पंचायत चेरवाडीह टोला निवासी नागेश्वर सिंह के पुत्र दिनेश सिंह को मकरी पंचायत के कुवंरटीका टोला के राजेश्वर सिंह कि पुत्री कुनी कुमारी से से प्यार हो गया और पिछले तीन वर्षों से दोनों एक दूसरे से छिप–छिपकर मिलते रहे। वही इस दौरान वो प्रेमिका से मिलने सोमवार कि रात सात बजे कुंवर टीका टोला पहुंचा था,कि इसी दौरान ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। फिर ग्रामीणों ने दोनों के परिजनों के रजामंदी से कुंवरटीका शिव स्थल मंदिर पर विधि–विधान से दोनों प्रेमी युगल की शादी करा दी। शादी के समय वहां मौजूद महिलाओ ने मांगलिक गीत गा कर दोनों को आशीर्वाद दिया, फिर कुनी को प्रेमी से पति बने दिनेश कुमार सिंह के साथ ग्रामीणों ने विदा कर दिया। इस मौके पर समाजसेवी बबलू यादव, मकरी पंचायत के मुखिया पति धनंजय साह, जगदीश सिंह, हीरालाल सिंह, दया सिंह, रविंद्र राम, विनोद सिंह, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन

# सड़क सुरक्षा अधिनियम के तहत थाना क्षेत्र में करें संघन वाहन चेकिंग: एसपी

**एसपी ने कहा, अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात के लिए प्रस्ताव अविलंब समर्पित करें। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाएं एवं विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन माह के अंत तक सुनिश्चित करायें।**



**मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश भी थाना प्रभारी को दिया**

**साइबर ठगी महिला अत्याचार अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामले प्रतिवेदित होने पर पीड़ित के पक्ष में अविलंब आवश्यक कानूनी करवाई करवाए। न्यायालय से निर्गत वारंट कुर्की सूचनाधिकार से संबंधित मामले चरित्र सत्यापन पासपोर्ट सत्यापन एवं पीजी पोर्टल से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश भी थाना प्रभारी को दिया गया। अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस सभा का आयोजन किया गया, जिसमे सभी पुलिस कर्मियों की समस्या को सुनकर उसके निदान का भरोसा दिया गया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढवा।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश दिये गये की आगामी सरहुल एवं रामनवमी पर्व को ध्यान में रख कर सभी आवश्यक तैयारी सभी थाना प्रभारी करें एवं विशेष रूप से जुलूस के मार्गों का भौतिक सत्यापन करने ससमय जुलूस का लाइसेंस निर्गत करने के लिए शांति समिति की बैठक करें असामाजिक तत्वों के विरुद्ध धारा 107 सीआरपीसी के अन्तर्गत करवायी करने एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने पर बल दिया गया। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में संघन अभियान चलाते हुए मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करें। विशेष रूप से शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले, बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले ओवर स्पीड़ इत्यादि के मामलों में न्यायालय में प्रोसेकुट रिपोर्ट जमा करना सुनिश्चित करें। वही राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रति दिन जगह बदल कर वाहन चेकिंग अभियान चलायें। विगत माह घटित सभी महत्वपूर्ण आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए कांडों में आवश्यक कारवाई करते हुए त्वरित निष्पादन करें। अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी ज़िला खनन पदाधिकारी से समंवय स्थापित कर झारखंड मिनरल्स प्रिवेंशन ऑफ इलगल ट्रांसपोर्ट एंड स्टोरेज रूल्स 2017 के अन्तर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

अवैध खनन में संलिप्त वाहनों को राजसात के लिए प्रस्ताव अविलंब समर्पित करें। सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाएं एवं विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन माह के अंत तक सुनिश्चित करायें।

## मैट्रिक के पहले दिन की परीक्षा कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण संपन्न




**केतार (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड के इकलौता परीक्षा केंद्र मध्य विद्यालय केतार में प्रथम दिन की परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंगलवार को वोकेशनल पेपर की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें 62 विद्यार्थी उपस्थित एवं 1 अनुपस्थित पाया गया। परीक्षा केंद्र में नियुक्त मजिस्ट्रेट प्रखंड विकास पदाधिकारी सीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि परीक्षा को कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के पांच सौ गज कि परिधि में धारा 144 लागू है। परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के तहत नकल करना, नकल कराना और परीक्षा केंद्र के इर्द-गिर्द नकल कराने के उद्देश्य से घूमते हुए पाये जाना गैर जमानती अपराध घोषित है। केंद्र अधीक्षक घनश्याम गुप्ता ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों एवं वीक्षकों द्वारा मोबाइल फोन एवं कैल्कुलेटर वर्जित है। साथ ही कदारमुक्त परीक्षा को लेकर सभी बच्चों को जांच पड़ताल कर के वर्ग में प्रवेश कराया जाता है ।इस दौरान ईएसआई उस्मान शेख व कृष्णा उरांव पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से मौजूद थे। मौके पर दंडाधिकारी दीपक सिंह, महिला प्रवेक्षिका जागृति कुमारी, देवेंद्र कुमार, राजनाथ राम ,संतोष कुमार, राजकुमार पाठक, राजू सिंह, अजय कुमार दिलीप जायसवाल, सुधा कुमारी बृजेश सिंह शंकर मेहता, मनोरंजन कुमार, प्रेम कुमार गुप्ता, धनंजय कुमार सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## अवैध चिमनी भट्ठों पर की कार्रवाई

**गढ़वा आजाद सिपाही)।** जिले में संचालित अवैध चिमनी भट्ठो पर कार्रवाई की कड़ी में आज गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के द्वारा गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत अवैध रूप से संचालित लोहे की चिमनी के ईट भट्ठे पर कार्रवाई करते हुए उपयोग में लाये जा रहे चिमनी को ध्वस्त किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को सूचना प्राप्त हुई की मेराल प्रखंड अंतर्गत परसही ग्राम में खुर्शीद आलम, मदन कमलापुरी एवं दो अन्य द्वारा अवैध रूप से लोहे के चादर से निर्मित चार चिमनी भट्ठा चलाये जा रहे है। प्राप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच अवैध चिमनी भट्टा को ध्वस्त कर दिया गया। साथ हीं अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा की दोषी पाये जाने वालों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।

## बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह रेस



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह से रेस हो गयी है। वही आम लोगो मे भी महोत्सव के समय निर्धारित होने के बाद उत्साह देखा जा रहा है। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीओ आलोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महोत्सव को भव्य बनाने के लिए उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। एसडीओ ने कहा कि गौरव की बात है कि बंशीधर महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में सबकी सहभागिता जरूरी है। इस आयोजन को जिले और प्रदेश ही नही बल्कि देश स्तर का सबसे सफल आयोजन बनाना है। एसडीओ ने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम को लेकर तैयारी जारी है। लेकिन स्थानीय लोग भी इसमें अपनी तरफ से सहयोग कर इसे भव्य बनाने में योगदान दें। उन्होंने लोगो से महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सबसे सुझाव मांगा। मौजूद लोगों ने शहर की साफ-सफाई, मंदिर जाने वाले सभी सड़को की सफाई, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट की दुरूस्त व्यवस्था करने, शहर को जाम से मुक्ति दिलाने सहित अन्य सुझाव दिए। वही इस दौरान स्थानीय स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया गया। महोत्सव के पहले दिन शोभायात्रा निकालने की बात कही गयी। शहर के सभी जर्जर बिजली पोल-तार को दुरुस्त करने की बात भी लोगो ने कहा। इसके अलावे स्टेशन रोड, मेन शहर, आयोजन स्थल, मंदिर जाने वाले सड़क के दोनों ओर आकर्षक लाइट से सजावट करने की बात कही गयी। एसडीओ ने शहरवासियों से अपने-अपने घरों को एक समान पेंटिंग करने का अपील किया। वही महोत्सव के दौरान शाम में दीवाली की तरह सभी घरों को लाइट से स्थानीय लोग सजायेंगे। एसडीओ ने स्थानीय लोगो से एक कमिटी बनाकर काम करने की बात कही। बैठक में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, कार्यपालक दंडाधिकारी अजय तिर्की, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी, उपाध्यक्ष लता देवी, प्रमुख उर्मिला देवी, सांसद प्रतिनिधि बिजय ओझा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, भाजपा नेता लक्ष्मण राम, मुकेश चौबे, अमरनाथ पांडेय, ईश्वरी पांडेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ब्रजेश चौबे, ईश्वरी चौधरी, भोलू कुमार, अनुप निराला सहित कई लोग मौजूद थे।


**राज्य आपदा मोचन बल, राँची**

**-: अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नवगठित राज्य आपदा मोचन बल, राँची के लिए महत्वपुर्ण आवश्यक सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु समादेष्टा, राज्य आपदा मोचन बल, राँची की ओर से GST में निबंधित फार्म/आपूर्तिकर्त्ता से नमूना के साथ मुहरबन्द निविदा दिनांक 22.03.2023 को पूर्वा० 11:00 बजें तक आमंत्रित की जाती है।

**नियम एवं शर्तें** :–

1. सभी मदों के लिये निविदा दो भागों में तकनिकी तथा वित्तीय भाग में देनी होगी। वित्तीय भागों में केवल मद का मूल्य सभी कर सहित देना होगा। अंकित दर में कोई कटिंग अथवा ओभर राईटिंग मान्य नहीं होगी, ऐसी निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा। तकनिकी भाग में सभी कागजात जैसे–सभी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति देनी होगी। गन्दे प्रति का अमान्य कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेवारी विभाग की नहीं होगी।
2. निविदा के दोनों भाग (तकनिकी एवं वित्तीय) को अलग–अलग लिफाफा में सील कर एक अन्य लिफाफा में डालकर उसे भी सील कर अधोहस्ताक्षरी के नाम से भेजना होगा।
3. निविदा दिनांक 22.03.2023 को अप० 17:00 बजें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। जिस निविदा का तकनिकी भाग एवं नमूना सही पाया जायेगा, केवल उन्हीं के वित्तीय भाग की निविदा क्रय समिति के समक्ष निर्धारित तिथि को खोली जायेगी। निविदा खुलने के समय निविदादाता या उनके प्रतिनिधि अपने सामान के नमूने के साथ उपस्थित होगें।
4. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में रू० 10,000/–(दस हजार रूपयें) बैंक ड्राफ्ट/नेशनल सेविंग, Cheque अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधित कर जमा करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. प्रत्येंक निविदाकृत मद के लिये एक ही दर सभी कर सहित दिया जाना होगा। शर्तो के साथ छूट मान्य नही होगा।
6. निविदा के साथ पैन नम्बर एवं अद्यतन वाणिज्यकर निबंधन GST प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करेगें।
7. निविदा खुलने के पश्चात् निविदा से संबंधित किसी प्रकार का कागजात या नमूना स्वीकार नही किया जायेगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये एक या एक से अधिक या सभी निविदाओं को आंशिक या पूर्ण रूप से अस्वीकृत कर दें, निर्धारित मद को आवश्यकतानुसार वर्णित मात्रा को घटा या बढ़ा दें।
9. सामाग्रियों की जानकारी हेतु संबंधित कार्यालय में कार्यालय अवधि के अन्तर्गत सम्पर्क कर सकते है।

ह०/–
(वाई०एस० रमेश)
समादेष्टा
राज्य आपदा मोचन बल, राँची।

PR 292508 (Police) 22-23 (D)



**कार्यालय: जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला**

**कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड रांची के राज्यादेश संख्या 23 रा0 (वि0) दिनांक 07.11.2022 में वित्तीय वर्ष 2022–23 में स्वीकृत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर पुरुशों/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/ लाभुक अशंदान (स्वंय या बैंक ऋण) पर संचालित पशुपालन प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से गुमला जिला के ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक कृषकों को लाभान्वित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना लागत प्रति इकाई | लाभुक श्रेणी | शेष लक्ष्य: 90% अनुदान एवं 10% लाभुक अंशदान | शेष लक्ष्य: 75% अनुदान एवं 25% लाभुक अंशदान | कुल लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| 1 | 400 बैकयार्ड लेयर(लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) की योजना | 118200/- | अनुसूचित जाति के आवेदक के लिए | 1 | 2 | 3 | 90% अनुदान राशि – 106300.00<br>10% लाभुक अंशदान राशि – 11900.00<br>75% अनुदान राशि – 88650.00<br>25% लाभुक अंशदान राशि – 29550.00 |
| 2 | ब्रायलर कुक्कुट पालन 500 ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना | 67500/- | अनुसूचित जाति के आवेदक के लिए | – | 3 | 3 | 90% अनुदान राशि – 60750.00<br>10% लाभुक अंशदान राशि – 6750.00<br>75% अनुदान राशि – 50625.00<br>25% लाभुक अंशदान राशि – 16875.00 |
| 3 | बतख चूजा वितरण की योजना (अण्डा उत्पादन हेतु) | 1700/- | अनुसूचित जाति के आवेदक के लिए | 17 | 119 | 136 | 90% अनुदान राशि – 1530.00<br>10% लाभुक अंशदान राशि – 170.00<br>75% अनुदान राशि – 1275.00<br>25% लाभुक अंशदान राशि – 425.00 |

चयन हेतु अहर्ता एवं प्रकिया:–

- जिला के लाभुकों का चयन ग्राम सभा के द्वारा किया जाना है।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ–साथ प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन (अंतिम चयन) प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन (अंतिम चयन) उपरांत लाभुक को योजनानुसार लाभुक अंशदान की निर्धारित राशि संबंधित लाभुक का Escrow Account में जमा करना अनिवार्य होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी।

नोट :– 1. उपरोक्त योजनाओं के लिए आवेदन करने एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।
2. संबंधित योजनाओं का आवेदन पत्र अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय से कार्य अवधि में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
3. पूर्ण आवेदन पत्र अनुलग्नक (आधार कार्ड की स्पष्ट छायाप्रति, ग्राम सभा की बैठक में किये गए अनुशंसा की छाया प्रति) सहित दिनांक 20.03.2023 के अपराह्न तक अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
गुमला

PR 292550 Animal Husbandry (22-23)_D


# वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन सह सम्मान समारोह संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में सीनियर वर्ग का वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशित किया गया साथ ही पूरे वर्ष में विभिन्न क्रियाकलापों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मेडल एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केसरी उप प्राचार्य वसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित हो दीप प्रज्वलित एवं विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया गया। विद्यालय के नये सभागार में उपस्थित गणमान्य अभिभावकों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि हमें निरंतर परीक्षाओं के दौर से गुजारना पड़ता है, जिसके माध्यम से हमें स्व. मूल्यांकन का अवसर मिलता है इसी के आधार पर हम अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर होते हैं। यह एक मापदंड है, जिसके आधार पर भविष्य का रोड मैप प्यार करते हैं वे सभी अभिभावक धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय बच्चों के लिए निकालकर आज इस सभागार में उपस्थित हुए हैं। पहले की शिक्षा और वर्तमान शिक्षा प्रणाली में बहुत बदलाव हो चुका है। ऐसी स्थिति में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों को भी अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए मनन और चिंतन करने की जरूरत है ताकि हम मिलकर उनके उज्जवल भविष्य का निर्माण करने में सहायक बन सके जहां दैनिक शिक्षा के साथ-साथ अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते रहें। वार्षिक परीक्षा सत्र 2022 23 मैं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### इन्हें किया सम्मानित

क्लास सिक्स में फर्स्ट प्रतीक कुमार एवं शौर्यकुमार रहे। द्वितीय स्थान पर रक्षित भुवन, भास्कर तिवारी जबकि तृतीय स्थान पर अमित कुमार रहे। क्लास सेवन में आयुष कश्यप प्रथम, जीनत परवीन द्वितीय,सन्ध्या केशरी तृतीय स्थान प्राप्त की। क्लास एट में आदित्य प्रकाश प्रथम, आराध्या कुमारी द्वितीय, अनुपम कुमार तृतीय स्थान प्राप्त क्लास नाइन में रौनक कुमार प्रथम, शिवम कुमार द्वितीय और मोहम्मद इरफान अख्तर तृतीय स्थान पर रहे। विशेष क्रियाकलापों के लिए बेस्ट डिसिप्लिन के लिए अंशी दुबे,बेस्ट सॉन्ग के लिए रिया कुमारी, बेस्ट डांस के लिए तान्या,बेस्ट यूनिफॉर्म में दीपिका दुबे, शुभम तिवारी, बेस्ट पीटी में प्रिंस चौधरी सुभाषितानि के लिए रौशन दुबे, बेस्ट इंग्लिश राइटिंग में आदर्श गुप्ता और मोहम्मद फैज को बेस्ट हिंदी राइटिंग में सोनू कुमार बेस्ट इन अटेंडेंस और बेस्ट असेम्बली एक्टिविटी के लिए आदित्य प्रकाश को सम्मानित किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 15 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


## युवक ने आत्महत्या की जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेरेंगहातू ग्राम में एक युवक ने सोमवार देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मंगलवार सुबह मिलते ही पुलिस जांच में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू निवासी सरफुल अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र शाहिद अंसारी फांसी के फंदा से झूलकर आत्महत्या कर लिया। घटना का कारण दिमागी हालत ठीक नही होने की बात बताई जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि शाहिद अंसारी गांव में पूर्व से ही मिलनसार युवक था। लेकिन बीते एक डेढ़ माह से आसपास के लोगों से या घर के सदस्यों से सही से बातचीत नही करता था। इसी दरमियान सोमवार देर शाम में अपने ही घर में फंसी के फंदा से झूल कर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि परिवार के लोग जब खाना खाने के लिए शाहिद अंसारी को उठाने गये, तो कमरा अंदर से बन्द पाया जिसे आवाज देने के बाबजूद कोई जबाब नहीं मिला तो किसी तरह दरवाजा खोल कर कमरा के अंदर देखा तो फंदे से झूलता हुआ पाया तब तक काफी देर हो चुका था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना पुलिस मृतक के घर मंगलवार को पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई में जुट गई। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा आत्महत्या की सूचना पर मृतक के घर पहुंच घटना का जायजा लिया गया।

# नेतरहाट में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात, एक को मारा, घर किया ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** महुआडांड़ में हाथियों का आतंक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है कल रात नेतरहाट में हाथी का आतंक देखने को मिला इस दौरान जंगली हाथियों ने एक ग्रामीण को कुचल कर मार डाला और कई घरों को भी ध्वस्त कर डाला है। महुआडाड प्रखंड के नेतरहाट इलाके में जंगली हाथी ने आतंक मचा रखा है नेतरहाट इलाके के कोरगी बटुआ टोली में बीती रात जंगली हाथी ने हमला कर रितु किसान पिता स्वर्गीय चमरू किसान 70 वर्ष ग्राम कोरगी बटुआ टोली को कुचल कर मार डाला एवं घर को भी ध्वस्त कर अनाजों पर भी हमला बोला। वहीं बबलू किसान के घर को भी जंगली हाथी के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। इस दौरान कई ग्रामीण इधर उधर भाग कर अपनी जान बचाए और हल्ला मचा कर व आग जला कर हाथी को भगाने का प्रयास किया गया। जिसके बाद



ग्रामीण जंगली हाथि को भगाने में सफल हुए। जिसके बाद सुबह मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना नेतरहाट थाना पुलिस तथा वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद नेतरहाट थाना प्रभारी बन्धन भगत ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। जिसके के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। वहीं वन विभाग की टीम भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली और वहां जंगली हाथी के द्वारा नुकसान का जायजा लिया। वहीं मृतक के परिजनों को बारेसांढ़ रेंजर तरुण कुमार प्रभारी वनपाल सलमान कुल्लू के द्वारा तत्काल सहायता राशि के रुपये में 25000 की राशि उपलब्ध करायी गयी। आगे रेंजर तरुण कुमार ने बताया कि जंगली हाथी के द्वारा जो नुकसान किया गया है उसकी क्षतिपूर्ति की जायेगी और जो मृतक है उसके परिजनों को प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सरकारी प्रधान के तहत चार लाख की राशि वन विभाग की ओर से मोआवजा दी जायेगी। मौके पर बिरसा उरांव, मिथिलेश ठाकुर, सुनील उरांव, पलक पाठक, श्याम राम, हरकेश कोरवा, नसरुल, अशोक, चंद्रदेव बड़ाईक, राजेश किसान, इन्द्रजीत, नेतरहाट थाना पुलिस वन विभाग की टीम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## वन विभाग से मुआवजा की मांग



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में आजकल जंगली हाथियों द्वारा उत्पाद मचाया जा रहा है हाथियों के आतंग से ग्रामीण पूरी रात अपने गांव की पहरेदारी कर रहे हैं। माल्हन पंचायत अंतर्गत मरमर गांव में दर्जनों गजराजों का झुंड किसान धनेशर मुंडा, भोला मुंडा, राहुल मुंडा, नागु मुंडा, रामकिशुन मुंडा, जतरू लोहरा, करीमन मुंडा दशरथ मुंडा बीरबल मुंडा चरका मुंडा समेत दर्जनों किसानों का गेंहू, चना, मटर, टमाटर और आलू के फसल को खाया एवं फसल को नुकसान किया वहीं मरमर भोला मुंडा के घर को ध्वस्त किया। बताते चले कि पिछले कुछ दिनों से गजराजों ने इसी क्षेत्र के चकला पंचायत तुरीसूत में घटना को अंजाम दिए थे और अब माल्हन पंचायत में लगातार प्रवेश कर रहे है अगर समय रहते वन विभाग पदाधिकारी कोई उचित कदम नहीं उठाते हैं तो आने वाले दिन में गजराजों का प्रकोप देखा जा सकता है। इधर ग्रामीण वन विभाग से नुकसान के अनुसार उचित मुआवजा कि मांग कर रहे है। वन विभाग के फॉरेस्टर अलोक तिग्गा ने ग्रामीणों को भरपूर सहयोग करने की बात कहीं एवं सतर्क रहने का सलाह दिये मौके पर धनेसर मुंडा, जलेंद्र मुंडा राहुल मुंडा भोला मुंडा, दीनू मुंडा मनोज मुंडा प्रदीप मुंडा विजय मुंडा बालकिशुन मुंडा हुलासो देवी मीना कुमारी करीमन मुंडा लालो कुमारी व दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# बालूमाथ में सरहुल को लेकर बैठक हुई



आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** आगामी 24 मार्च को सरहुल महापर्व को धुमधाम से मनाने को लेकर सरना भवन बालूमाथ में सरहुल पर्व समिति की बैठक हुई। जिसमें बालूमाथ प्रखंड के सभी आदिवासी समाज के बुद्धि जीवी समाज सेवी नौजवानों एवं प्रतिनिधि मुखिया तमाम समाज के अगुवा समलित हुए। एवं सरहुल पर्व का समिति का विस्तार किया गया जिसमें अध्यक्ष ऐश्वर उरांव, उपाध्यक्ष बिमला देवी मुखिया, सचिव सुधू उरांव, उपसचिव संध्या देवी मुखिया, कोषाध्यक्ष रामलाल भगत, उपकोषाध्यक्ष प्रेम भोक्ता, तथा संरक्षक मंडल सदस्य के रुप में प्रभु दयाल उरांव, लालजी उरांव, राजेश उरांव दिलीप उरांव, धर्म प्रकाश उरांव, नरेश उरांव, प्रमेश्वर उरांव, सुरेन्द्र उरांव, शन्तु उरांव, शंकर उरांव, संतोष उरांव, सुरेश भोक्ता, प्रमेश्वर भोक्ता, रामकुमार उरांव, संदीप उरांव, कपिल उरांव,जागदेव उरांव, इत्यादि एवं सभी मुखिया बालूमाथ प्रखंड सर्वसम्मति मनोनित किया गया।

## बीडीओ ने आवास को लेकर समीक्षा बैठक की



**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में बीडीओ की अध्यक्षता में मंगलवार को संचालित योजनाओं को लेकर सप्ताहिक समिक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक में बीडीओ कुमारी ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना, 15वीं वित्त सहित विभिन्न योजनाओं की पंचायत वार बारी बारी से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वीर शहीद पोटो खेल मैदान व अमृत सरोवर योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात बीपीओ रवी कुमार यादव ने बारी-बारी से सभी पंचायतों में चल रहे मनरेगा के तहत विकास योजनाओं की जानकारी दी। जानकारी प्राप्त कर बीडीओ ने युद्ध स्तर पर कार्य में गति लाते हुए योजना को पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रखंड नाजिर महेंद्र कुमार बिंधिकर, आवास कोडिनेटर शशि कुजुर, अई इशांत कुमार, जई प्रदीप भगत, पंचायत सेवक प्रकाश कुमार, पंकज पांडेय, रामदेव नगेशिया, आलोक दुबे, अरविंद पांडेय, रोजगार सेवक नईम खान, आजाद वर्मा, संतोष यादव, शिव कुमार, राजदेव कुमार सिंह, रेखा कुमारी सहित कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## लोहरदगा में परीक्षा शांतिपूर्ण हुई



**लोहरदगा।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 की शुरूआत 14.03.2023 को हुई। जिला के कुल 09 परीक्षा केंद्रों पर आइआइटी/अन्य व्यावसायिक विषयों की परीक्षा संचालित की गयी जो पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रही। सभी केंद्रों पर परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ली गयी। परीक्षा पहली पाली में परीक्षा सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:05 बजे तक संचालित हुई। आज के विषय में कुल 555 परीक्षार्थियों में से 540 उपस्थित और 15 अनुपस्थित रहे। एसडीओ द्वारा परीक्षा केंद्र रा. कृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

## मुखिया ने अखड़ा का उद्घाटन किया



**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंर्तगत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत में 15वें वित्त योजना के माध्यम से लाखों की लागत से निर्माण कराया गया अखड़ा पंचायत मुखिया ने विधिवत फीता काट किया उद्घटन। बताया जाता है कि बुटी पंचायत ग्राम में 15वें वित्त योजना से दो लाख 80 हजार की लागत से अखड़ा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जो पूर्ण रूप से निर्माण के पश्चात उद्घाटन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत मुखिया पार्वती कुमारी एवं उपमुखिया सुनील उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट किया। इस अवसर पर मुखिया पार्वती कुमारी ने कहा गांव में अखड़ा निर्माण से सरन समाज को धार्मिक एवं ग्राम संबंधित बैठक के लिए लाभदायक होगा। साथ ही कहा कि निर्मित अखड़ा पंचायत गांव का एक धरोहर है। इसका देख भाल एवं रख रखाव सभी ग्रामीणों का जिम्मेबारी होनी चाहिए। बताते हुए कहा कि सरना समाज की मुख्य पर्व सरहुल बहुत ही नजदीक आ गया है। और सही समय पर अखाड़ा का निर्माण हुआ है। जिससे सरना समाज को कार्यक्रम आयोजन करने तथा एकत्रित होने के लिए चिन्हित स्थान के रूप में माना जाता है।

## कार्यालय परिसर में भर्ती कैंप आयोजित



**लोहरदगा।** जिला नियोजनालय, लोहरदगा कार्यालय परिसर में आयोजित भर्ती कैंप के दूसरे दिन मंगलवार को दो नियोजक कंपनियों द्वारा युवक-युवतियों का साक्षात्कार विभिन्न पदों के लिए लिया गया। इस कैंप में नियोजक कंपनी आमधानी प्रालि, पुणे और परम स्किल्स प्रालि, पुणे ने भाग लिया। वहीं परम स्किल्स प्रा.लि., पुणे की ओर से 26 युवक-युवतियों में से 14 का अंतिम रूप से चयन किया। आमधानी प्रालि, पुणे की ओर से प्रतिनिधि के रूप में राकेश सिंह और परम स्किल्स प्रालि, पुणे की ओर से सुनील द्वारा कैंडिडेट का साक्षात्कार लिया गया। इस कैंप में गुजरात की जय भारत मारुति लिमिटेड द्वारा इलेक्ट्रिशियन के 180, फिटर के 120, वेल्डर के 100, मशीनिष्ट के 110 पदों के लिए और पुणे की एके इंजीनियरिंग प्रा.लि. द्वारा अप्रेंटिसशिप और ट्रेनी के लिए साक्षात्कार लिया जायेगा। भर्ती कैम्प में नियोजन कार्यालय की ओर से यंग प्रोफेशनल प्रबीर गोप, रमित मिंज व अन्य उपस्थित थे।

## परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

**बारियातू।** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र आदर्श मध्य विधालय बारियातू में मंगलवार को प्रथम पाली में मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। आदर्श मध्य विधालय में मैट्रिक की परीक्षा ऑटोमोबाइल में 11 परीक्षार्थी मे सभी शामिल रहे। एग्रीकल्चर की परिक्षा में 38 परीक्षार्थी मे सभी उपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने औचक निरक्षण किया। जहां अनुशासनबद्ध तरीके से कदाचार मुक्त पाया। बनाए गए परीक्षा केंद्र मे दंडाधिकारी प्रभात उरांव, केंद्राधीक्षक अनिता देवी, वीक्षक संजिव कुमार, यमुनाधर मिश्र, जयप्रकाश प्रसाद, नागेन्दर प्रसाद सहित कई वीक्षक अहम भूमिका निभा रहे थे।

## तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने की आवश्यकता है। तंबाकू व्यक्तिगत स्वास्थ्य की दुर्गति के साथ-साथ परिवार के लिए भी तबाही लेकर आता है। स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू मनीष कुमार ने बताया कि तंबाकू का सेवन जानलेवा है। उन्होंने बताया कि नो तंबाकू डे 31 मई को मनाया जाता है। तंबाकू के दुष्प्रभाव को उन्होंने स्पष्ट कियो तंबाकू के खिलाफ भैया बहनों को जागरूक किया ताकि वे समाज में



जाकर इसका प्रसार करें। उन्होंने बताया कि केरल एक ऐसा राज्य है जो सबसे साक्षर है और यहां ऐसा कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जो तंबाकू या कोई नशीली पदार्थों का प्रयोग करता है। एमपीडब्ल्यू आलोक कुमार ने कहा कि तंबाकू के प्रति जानकारी सभी के लिए बहुत आवश्यक है क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की क्विज प्रतियोगिता में सुषमा अभिषेक लकड़ा ने प्रथम स्थान, निशा उरांव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सत्यम कुमार, अपूर्वा शाहदेव, आदित्य कुमार, अंकित कुमार साहू और आशुतोष कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर स्वास्थ विभाग के एमपीडब्ल्यू तनवीर जकी अशरफ, महाविद्यालय की आचार्य यशोदा कुमारी, रश्मि साहू, ऋद्धि मिश्रा और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जब्त वाहनों की 18 मार्च को होगी नीलामी

**लातेहार।** उपायुक्त सह दंडाधिकारी के निर्देश के आलोक में जिला खनन विभाग के द्वारा जब्त वाहनों की नीलामी 18 मार्च को समाहरणालय सभागार में 1:00 बजे गठित समिति के समक्ष की जाएगी। यह जानकारी जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले निविदादाता को सुरक्षित जमा का दस प्रतिशत राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक डाप्ट,आयकर रिटर्न की छायाप्रति,पासपोर्ट साईज फोटो की दो प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ मूल शपथ-पत्र जमा करना होगा वहीअवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण आदि में कही मामला दर्ज ना हो एवं किसी भी विभाग द्वारा उनका नाम संस्था का नाम काली सूची में दर्ज नहीं हो। उन्होंने कहा कि निविदादाता को निविदा की शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा।

## एनएच 22 पर नाली निर्माण की मांग



**चंदवा।** चंदवा रांची चतरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंदवा के इंदिरा गांधी चौक से गोनिया तक नए सड़क का निर्माण किया गया।वही चंदवा मुख्य बाजार में कहीं-कहीं नाली का निर्माण नहीं हो पाया जिसको लेकर राजद के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को पत्र के माध्यम से कहा है कि एनएच 22 पर अधूरा पड़े नाली के निर्माण कराई जाए नहीं तो आने वाले बरसात के दिनों में कई घरों में पानी घुस जाएगी दुकानों में भी घुस जाएगी जिससे स्थानीय लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी को देखते हुए जनहित में राष्ट्रीय जनता दल के लातेहार जिला अध्यक्ष लातेहार उपायुक्त से मांग किया है कि नाली निर्माण का कार्य जल्द से जल्द चंदवा शहर में पूरा कराया जाए। जिससे जनमानस को परेशानियों से निजात दिलाया जाए।

## मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण हुई

**सेन्हा-लोहतदगा।** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा मंगलवार से प्रारम्भ हुआ। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत मैट्रिक की परीक्षा के लिये नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय और कन्या मध्य विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया व्य है। जिसमें छात्र संखया कम होने कक वजह से प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मध्य विद्यालय में परीक्षा लिया गया। झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक परीक्षा का प्रथम दिन भोकेशनल कोर्स में एलेट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर तथा सिक्युरिटी कोर्स का परीक्षा क्लिय गया। सिक्टीरिटी कोर्स के लिए 3 और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के लिए 39 छात्र-छात्रओं ने फॉर्म भरा था। जिसमें सभी छात्र-छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हुए। वही परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त हो जिसके लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह दंडाधिकारी रघुनंदन वैद्य को नियुक्त किया गया। जो अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग से शांति व्यवस्था बहाल किया गया। वही केंद्राधीक्षक अभिषेक गौरव ने बताया कि आज का परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# महिला चोरी करते सीसीटीवी में कैद

**काफी कोशिशों के बावजूद महिला के बारे में कोई पता नहीं चल पा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में एक दुकानदार की ततपरता के कारण कई जेवरात दुकानदारों को चूना लगा चुकी एक महिला चोर पुलिस की हिरासत में आ गयी। दरअसल यह महिला चोर अबतक कई जेवर दुकानों पर ग्राहक बनकर पहुचती थी और आंख में धूल झोंककर जेवर उड़ा लेती थी। लेकिन इस बार महिला को उसकी चतुराई ही भारी पड़ गयी। महिला पहले जिस दुकानदार की नयी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दे चुकी थी, उसी दुकानदार के दूसरे दुकान में चोरी करने पहुंची थी, लेकिन सीसीटीवी फुटेज ने उसका भंडाफोड़ दिया। विगत 17 जून 2022 को चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद



मामले को लेकर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। पुलिस उस महिला को ढूंढ नहीं पा रही थी। काफी कोशिशों के बावजूद महिला के बारे में कोई पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच महिला उसी दुकानदार के सोबरन टोली स्थित घर में संचालित जेवरात की दुकान में फिर से जेवरात खरीदने के बहाने चोरी करने के लिए पहुंची, लेकिन सीसीटीवी लगे होने की वजह से घर में नहीं रहने के बावजूद दुकानदार ने महिला को अपने मोबाइल में वीडियो देखकर ही ठग महिला को पहचान लिया। उसने तुरंत घरवालों को सचेत कर दिया। साथ ही आस-पड़ोस के लोगों को भी सचेत करते हुए पुलिस को सूचना दी। महिला चोर ने दुकानदार को ऑफर दिया कि वह पैसे और जेवरात लाकर दे देगी, लेकिन उसे पुलिस के हवाले ना करे. दुकानदार ने एक जागरूक ने नागरिक का परिचय देते हुए, पुलिस को सूचना दे दी।

## दुमका ने सरायकेला खरसावां को 114 रन से हराया




**लातेहार।** रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का दूसरा मैच दुमका तथा सरायकेला खरसावां के बीच खेला गया। जहां दुमका ने सरायकेला खरसावां को 114 रन से हराया। दुमका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 342 रन बनाए । जिसमे अमन कुमार ने 97 गेंद पर 9 चौके तथा 5छक्के की मदद से 108 रन, सुभांशु 67 रन का योगदान दिया। सरायकेला खरसावां की ओर से रौशन कुमार 2 तथा नित्यानंद यादव ने दो विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी सरायकेला खरसावां अपने निर्धारित ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 228 रन ही बना सकी। जिसमे गौरव शर्मा 56, अजय सिंह 74 रन का योगदान दिया। दुमका की ओर से समीर कुमार पंडित 2, अमन कुमार ने 2 विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दुमका के अमन कुमार को संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह के द्वारा दिया गया। मैच के अंपायर रमेश कुमार सिंह तथा हेमंत कुमार ठाकुर थे जबकि स्कोरिंग गजेंद्र कुमार ने किया। मैच पर्यवेक्षक अनवर मुस्तफा समेत लाल आशीष नाथ शहदेव, मो कमानुल, शैलेश कुमार दिलीप कुमार, समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका में नामांकन जारी




**मनिका।** लातेहार जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित ग्राम हरिजन टोला निकट स्थित ब्लॉक कैंपस के पीछे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मे 31मार्च तक नामांकन फॉर्म भरा जायेगा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मनिका की शिक्षिका व वार्डन मैं पत्र जारी कर सूचित किया है कि विद्यालय ने कक्षा छः मे कुल 75 सीटों पर नव नामांकन होगा। नामांकन फार्म 15 मार्च से जमा होगा एवं जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित समय सीमा में अभिभावक एवं छात्र आवेदन जमा करें। विद्यालय के बाहर से लेकर भरे गए आवेदन पत्र पर अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। 31 मार्च के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। विद्यालय प्रबंधन समिति से अनुशंसा के उपरांत निम्न दस्तावेज के साथ 31/3/23 तक विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। दस्तावेज इस प्रकार है। एक भरा हुआ आवेदन पत्र, दो पासपोर्ट फोटो, 3 छात्रा के वर्तमान विद्यालय के प्रबंधन समिति की अनुशंसा प्रतिवेदन, 4 आधार कार्ड, 5 बैंक पासबुक, 6 अभिभावक का बीपीएल कार्ड, 7 छात्र का जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, 8 यदि छात्रा अनाथ अथवा एकल अभिभावक हो तो माता/पिता के मृत्यु प्रमाण पत्र यदि मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं हो ग्राम का मुखिया से प्रमाण पत्र की आवश्यकता है।

## छात्रवृत्ति योजना को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश

**लातेहार।** कल्याण विभाग के द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 के लिए नये शैक्षणिक संस्थान के द्वारा ई- कल्याण पोर्टल में पंजीकरण, झारखंड राज्य या राज्य के बाहर पढ़ने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन जमा करने तथा आवेदन के सत्यापन की अंतिम तिथि को संशोधित करते हुये निम्नवत विस्तारित किया गया है। संशोधन के उपरांत नये शैक्षणिक संस्थान के द्वारा ई-कल्याण पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि 20.03.2023 निर्धारित की गयी है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24.03.2023 निर्धारित की गयी है। शैक्षणिक संस्थान के द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन के सत्यापन की अंतिम तिथि 25.03.2023 निर्धारित की गयी है। जिले का कोई भी सुयोग्य लाभुक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से वंचित नहीं हो इसके लिए उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव ने जिले के सभी बीडीओ एवं सीओ को जाति/स्थानीय/आय प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

**बैठक :** किस्को में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न

# जनप्रतिनिधियों से समन्वय बना कर योजनाओं का करें निष्पादन: सुचित्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के सभाकक्ष में प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुआ। इधर पंचायत समिति की समीक्षात्मक बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मियों से बारी-बारी से विकास योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। इस दौरान प्रमुख सुचित्रा भगत ने सभी विभागीय पदाधिकारी



व कर्मियों से समीक्षा बैठक के उपरांत निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को ससमय निपटारा कराने में सभी कर्मी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुए जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर विकास योजनाओं का ससमय निपटारा करें। प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार के योजनाओं को पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत क्षेत्रों में विकास योजनाओं के गति में संबंधित पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव जनसेवक एवं रोजगार सेवक आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं के निपटारे में बेहतर कार्य कर नये योजनाओं का चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ करें। प्रमुख सुचित्रा भगत ने कहा कि सरकार की ओर से जनहित में उतारी जाने वाली सभी तरह के विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले इसे सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मी हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोग पलायन न करें इसे लेकर सभी पंचायत के कर्मी विशेष रुप से ध्यान देते हुए लोगों को जागरूक करें व ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य करें। इस दौरान समीक्षा बैठक में पीएम आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पशु चिकित्सा सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं के बारे में समीक्षा की गयी। मौके पर बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू, उप प्रमुख गीता देवी, पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत पाखर बीरेन्द्र उरांव, शाहनाज खातुन, बसंती उरांव, मुसर्रत नाज, नौशाद अहमद, नवाडीह मुखिया मीना कुमारी, प्रधान सहायक बिफई उरांव सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## अवैध रूप से चल रहे ईंट-भट्ठे पर जिला खनन पदाधिकारी ने की कार्रवाई



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेहल बरटोली गांव में अवैध रूप से चल रहे फिक्स चिमनी इंट भट्ठा पर मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी ने कार्रवाई किया। इस क्रम में जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय और अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, घाघरा सशस्त्र पुलिस बल के साथ उक्त इट भट्ठा पहुंचे। जहां देखा कि भट्ठा की चिमनी से धुआं निकल रहा था। प्राथमिक कार्रवाई करते हुए उक्त भट्ठा में लगे आग को जेसीबी के माध्यम से बुझाया गया। इस बाबत जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि बरटोली गांव में अवैध रूप से इट भट्ठा चला रहा है। जिसका सत्यापन के लिए उक्त गांव जाया गया। जहां पता चला कि उक्त अवैध भट्ठा का संचालन नितेश प्रजापति करता है जो उक्त सेहल बरटोली गांव का ही रहने वाला है। जिसके पास इट भट्ठा से संबंधित कोई भी दसतावेज प्रस्तुत नहीं हुआ है। इट भट्ठा पूर्णत अवैध है। जिसके खिलाफ माइनिंग एक्ट के तहत अवैध इंट भट्ठा के संचालक नितेश प्रजापति पर घाघरा थाने में माइनिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए घाघरा थाने में माइनिंग एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है और दो लाख 70 हजार कच्चा इंटा और पक्के इंट 1 लाख 30 हजार को जब्ति भी की गयी है।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षा शुरू आठ स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाये गये



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक और इंटर की परीक्षा की शुरूआत हो चुकी है। प्रखंड में कुल आठ स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें प्रखण्ड मुख्यालय हाई स्कूल, संत तुलसीदास उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय, माघी बालिका उच्च विद्यालय, आश्रम आवासीय उच्च विद्यालय, संत जेवियर हाई स्कूल रॉशनपुर व कार्तिक उच्च विद्यालय छारदा को बनाया गया है। इन्टर आईए की परीक्षा मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में 70 एवं संत जेवियर हाई स्कूल रोशनपुर में 63 सहित कुल 133 छात्र छात्राएं शामिल हुए। वार्षिक परीक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट तैनात कर दिया गया था। सभी केन्द्रों में निगरानी व सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे व पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। वहीं परीक्षा केंद्रों में बीडीओ सुनीला खलखो द्वारा निरीक्षण किया गया।

## मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक, गुमला की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन पुलिस केंद्र, गुमला में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), पुलिस उपाधीक्षक (अभियान), पुलिस उपाधीक्षक (परीक्ष्यमान) गुमला, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गुमला/ बसिया/ चैनपुर, पुलिस निरीक्षक, गुमला/ चैनपुर/ बसिया अंचल, प्रभारी एसआइपीयू, सभी थाना प्रभारी तथा शाखा प्रभारियों की उपस्थिति में किया गया। जिला में हत्या, अपराधिक मामलों में काफी कमी आई है। नक्सल गतिविधियों में कमी आयी है। पछिले 02 वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा यथाशीघ्र निष्पादित करने तथा आप्रकृतिक मृत्यु के मामलों को 24 घंटे के अंदर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को जगह-जगह पर शहरी एवं ग्रामीण संवेदनशील स्थानों पर क्यू आर कोड बेस्ड बीट पेट्रोलिंग प्रारंभ करने तथा सुचारू रूप से जारी रखने के लिए निर्देशित किया गया। जिससे कि जिले मे अपराध नियंत्रण में मदद मिल सके। आगामी रामनवमी तथा मंगला जुलूस तथा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडियट परीक्षाओं को लेकर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था तथा सड़क सुरक्षा/वाहन जांच से संबंधित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही अनुसंधान/विशेष छापामारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों को पुरस्कृत किया गया।

### अरमई के अधूरे पड़े विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पुनः किया जायेगा प्रारंभ

# डीसी ने दिया सभी अधूरे विद्यालयों के निर्माण कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मंगलवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरमाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त की नजर विद्यालय के पीछे बने अधूरे विद्यालय के स्ट्रक्चर पर पड़ी। विद्यालय का स्ट्रक्चर बन कर तैयार है जिसका कार्य पिछले 10 साल पहले प्रारंभ किया गया था। जानकारी के अनुसार विद्यालय निर्माण करने वाले कॉन्ट्रैक्टर की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण कार्य अधूरा रह गया है। उपायुक्त ने अमराई स्थित अधूरे स्ट्रक्चर वाले विद्यालय का निरीक्षण किया एवं प्रत्येक कमरों में बचे हुए कार्य का आंकलन किया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में विद्यालयों के ऐसे सभी भवध जिनका कार्य किसी कारणवश अधूरा रह गया है उन सभी अधूरे कार्य को पूर्ण किया जायेगा। जिसके लिए सभी अंचल अधिकारियों के साथ बैठक की जायेगी एवं इस प्रकार के स्ट्रक्चर के कार्य को अविलंब पूर्ण किया जायेगा। अरमाई स्थित अधूरे विद्यालय के निर्माण कार्य को अगले 10 दिनों में प्रारंभ करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही बाउंड्री मापी करते हुए अरमाइ उत्क्रमित उच्च विद्यालय एवं निमार्णाधीन विद्यालय का बाउंड्री निर्माण करने की भी बात कही। इससे पूर्व उपायुक्त ने अरमाई उत्क्रमित उच्च विद्यालय का दौरा किया एवं वहां की व्यवस्थाओं से प्रभावित हुए। विद्यालय में बने स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, साइंस लैब, कंप्यूटर लैब सहित बेहतरीन क्वालिटी के बेंच टेबल के उपयोगिता को देखते हुए उपायुक्त ने हर्ष प्रकट किया। विद्यालय में किचन गार्डन में फूल पौधे भी लगाए गए हैं जो विद्यालय को और अधिक सुंदर बनाने का कार्य कर रहे है।



### समस्याओं के निवारण और बदलाव करने के लिए निर्देशित किया

**उपायुक्त ने इस दौरान छोटी मोटी समस्याओं के निवारण एवं बदलाव करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।**

## अहीर यादव उत्थान समिति की बैठक आयोजित

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लकेया डुमरटोली गांव में अहीर यादव उत्थान समिति का बैठक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लोहरमैन गोप ने की। इस दौरान बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते लोहरमैन गोप ने कहा कि समाज को संगठित करने के लिए गांव पंचायत स्तर से कमेटी बनाकर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। इस बैठक मे ग्राम पंचायत लकेया के लिए एक समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनमोहन भगत, उपाध्यक्ष मनोज गोप, सचिव राजकिशोर भगत, कोषाध्यक्ष संतोष यादव, संरक्षक लोहरमईन गोप, सह संरक्षक घनश्याम गोप को चुना गया। बैठक में मौके पर अनिल कुमार यादव, नंदकिशोर भगत, विद्यासागर भगत, दिनेश गोप, कुलदीप भगत ,रामेश्वर भगत, सुरजबली गोप, सुरेश गोप, सचीन गोप, अमित कुमार भगत, दीपक यादव, नीरज कुमार, रवींद्र नाथ उपस्थित थे।

## विकास सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आज दिनाक 13 मार्च को प्रदान संस्था द्वारा संचालित ग्रीन ट्रांसफोरमेटिव पाथवेज वित्तीय सहायक इकेया फाउंडेशन के अधीन डीडीसी की अध्यक्षता में विकास सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुमला एवं रायडीह प्रखंड के कुल 8 गांव क्रमशः चिरोडिः, कोनातोली, पबेया, कोटेंग्सेरा, बोक्टा, महुआ टोली, तेलिया, तुरिडिः एवं पाकरटोली का समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन योजना क्रमशः डीडीसी, बीडीओ गुमला एवं रायडीह, जिला कृषि पदाधिकारी-गुमला, जिला उद्यान पदाधिकारी-गुमला, एई मिर्दा एवं भूमि संरक्षण विभाग को क्रमशः गांव के ग्राम प्रधान ने जमा किया। ज्ञात हो की ग्रीन ट्रांसफोरमेटिव पाथवेज वित्तीय सहायक इकेया फाउंडेशन के अधीन प्रदान संस्था जैविक खेती, समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं महिलाओं के भागीदारी एवं स्वस्थ पर कार्य कर रही है उसी क्रम में 8 गांव का मोडल विलेज प्लान ग्रामीणों के साथ तैयार किया गया, जिससे गांव में पानी के स्तर में सुधार, मिटटी कटाव एवं सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। प्रदान के मेराज ने बताया की क्रमश 8 गांव के योजना में कुल 691 कार्य लिया गया है जिसमें 193 परिवार आम बाघ्बानी, 108 डोभा तालाब, 101 कुआं, 70 टीसीबी, 117 जमीन समतलीकरण, 14 सोलर पंप, 22 चेक डैम, 6 स्टाग्गेर ट्रेच एवं 46 गाय एवं बकरी शेड आया है जिसका अभिशरण कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मनरेगा, भूमि संरक्षण विभाग, 15वें वित्तीय आयोग से किया जा सकेगा। इस मौके पे उप विकास आयुक्त ने इस कार्य की सराहना की और कहा की इसमें वो गांव का भरपूर सहयोग करेंगे एवं प्रदान के कार्यो की भी प्रशंशा की साथ ही किसानो को ड्रिप से जोड़ने, पंचायत सेवक एवं मुखिया को एक्सपोजर ले जाने, प्रखंड स्तर पे मीटिंग करने एवं फील्ड सत्यापन करने का निर्देश दिया एवं अधिक से अधिक किसानो को मडुआ खेती से जोड़ने के लिए निर्देश दिया। इस मौके पे डीडीसी हेमंत सती, बीडीओ गुमला एवं रायडीह सुकेशनी केरकेट्टा एवं अमित कुमार दोनों प्रखंड के मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी-अशोक कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी- नेहा निश्चल, भूमि संरक्षण के पदाधिकारी, 8 गांव के ग्राम प्रधान एवं 4 पंचायत के मुखिया सहित प्रदान के टीम समवयक मेराज के साथ, अर्पण, सुरभि, अजय, अम्मू, रूचि, स्वरोप्प उपस्थित थे।




## सिसई में सोलर प्लांट से बिजली तार की चोरी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के छारदा गांव स्थित मिलिंडा संसटेनेबल इनभरमएट प्राइवेट लिमिटेड के सोलर प्लांट से बिजली तार चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर कंपनी के इंजीनियर राजा हालदार ने मंगलवार को सिसई थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि छारदा गांव में सोलर प्लांट है। जहां से सोलर चालित बिजली आसपास के गांवों में सप्लाई की जाती है। रविवार की रात्रि को अज्ञात चोरों के द्वारा प्लांट का घेरा बंदी का तार जाली को काटकर प्लांट में रखे एक बंडल बिजली तार को चोरी कर ली गई। जिसकी कीमत एक लाख 98 हजार है। प्लांट से तार का बंडल गायब होने की जानकारी होने पर हमलोग अपने स्तर से काफी खोजबीन किए परंतु कहीं पता नहीं चल पाया।

## अंजुमन फ्लाहुल मुस्लमीन सिसई के चुनाव के लिए वोटिंग आज



**चुनाव में दो सदर और तीन सेकेट्री के उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसकी जानकारी देते हुए अंजुमन चुनाव मीडिया प्रभारी मो उमर फारुख अंसारी ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** अंजुमन फ्लाहुल मुस्लमीन सिसई का चुनाव के लिए वोटिंग आज (बुधवार) होगी। जिसमें 2500 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सदर एवं सेकेट्री का चुनाव करेंगे। चुनाव में दो सदर और तीन सेकेट्री के उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसकी जानकारी देते हुए अंजुमन चुनाव मीडिया प्रभारी मो उमर फारुख अंसारी ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। सात मतदान केंद्र (बूथ) बनाये गये हैं। बैलेट पेपर से मतदान होगा। मतदान केंद में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा, पुलिस बल एवं अंजुमन के 40 वोलेंटियर्स तैनात रहेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से 3 बजे तक होगा। वोटिंग के उपरांत मतगणना 5 बजे से होगा। उन्होंने सभी मतदाता से समय से बूथ पहुंचकर मतदान करने की अपील किया है।

## डायन से पीड़ित महिला को लेकर मिशन बदलाव की टीम पुलिस अधीक्षक से मिली




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव जिला सचिव सैयदा खातुन और नगर अध्यक्ष बिनय गोप के नेतृत्व में पीड़ित महिला को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला के नाम मांग पत्र दिया और बताया कि रमापति देवी पति जनकु साहू भुरसो लावगाई चेगरी सिसई को 18/3/2023 को गांव के ही बिक्की साहू, अबीर साहू, जतन साहू, पूजवंती देवी और ब्यूटी कुमारी के द्वारा दो दिनों तक बहुत मारपीट किया गया और जान मारने के नियत से टांगी से भी हमला किया गया एवं इंट-पत्थर से भी मारा गया और बहुत मुश्किल से जान बचाकर अपनी जान बचाई, पीड़ित के द्वारा भुरसो पुलिस थाना में आवेदन भी दिया गया, लेकिन कोई करवाई नहीं हुई। सैयदा खातुन एवं बिनय गोप ने बताया कि प्रसाशन पीड़ित महिला को मदद करें जिससे डायन कहकर मारने पीटने वालों में लगाम लगे और उनके मन में कानून का भी डर बने।

## स्वास्थ्य मेले में टीबी बीमारी के उन्मूलन का लिया गया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर प्रखंड में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस मेले मैं टीवी बीमारी से संबंधित जानकारी दी गई। टीबी बीमारी से कैसे बचाव हो सकता है उपचार किया है टीवी बीमारी के रोकथाम के लिए सरकार के द्वारा की जा रही प्रयास के बारे में इस मेले में बताया गया। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर टोंगो एवं बेंदोरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान विज्ञान समिति समता के अध्यक्ष दीप्ति कच्छप उपस्थित थे। उन्होंने कहां की स्वस्थ सुंदर समाज से ही सामाजिक उत्थान संभव है। स्वस्थ व्यक्ति ही किसी भी कार्य को सुचारू रूप से कर सकता है। स्वस्थ रहने से ही पढ़ाई लिखाई के अलावा कोई भी मेहनत के काम किया जा सकता है यदि व्यक्ति स्वस्थ नहीं हो तो कोई भी कार्य नहीं होगा। इसीलिए व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के लिए स्वस्थ समाज जरूरी है। इस स्वास्थ्य मेले में गुमला यक्ष्मा केंद्र के चिकित्सा पर्यवेक्षक रणधीर, टीवी चैंपियंस शंकर उरांव के द्वारा स्वास्थ्य मेले के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सेंटर के सीएचओ, एएमएम सहिया एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर समाज से टीवी बीमारी उन्मूलन का संकल्प लिया।

### चैनपुर में जेएसएलपीएस ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# महिलाएं अपनी गृहस्थी के साथ तमाम क्षेत्रों में पुरुषों से कंधे से कंधा मिला कर चल रही हैं: मेरी लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के लुथरन बगान में जेएसएलपीएस के द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस काफी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिला पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपने परिवार समाज और देश के विकास में सहयोग कर रही है। महिला आज हर क्षेत्र में राष्ट्र के महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान है। आज महिलाएं आजिविका महिला मंडल से जुड़ कर खुद को और अपने परीवार को स्वावलंबी बना रही है इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को अपने शुभकामनाओं के साथ उनमें उत्साह प्रदान किया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि आज के समय में महिलाओं ने खुद को बेहद सशक्त बना लिया है। महिलाएं अपने घर गृहस्थी के साथ तमाम क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। साथ ही घर और वर्कप्लेस दोनों की जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रही है। महिला ना सिर्फ घर बल्कि बाहर भी अपनी मौजूदगी से सब बेहतर बना देती है और समाज को जरूरत है कि वह उनके साथ होने वाले हर भेदभाव को दूर करें और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दें। महिलाएं चैनपुर प्रखंड में संचालित जेएसपीएस संस्था से जुड़कर गांव गांव में महिलाओं को जागरूक कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम कर रही है जो काफी सराहनीय है।



### इनकी रही मौजूदगी

वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर,उप प्रमुख प्रमोद खलखो चैनपूर मुखिया शोभा देवी पंचायत समिति सदस्य आशा लकड़ा एस आई राजेश कुमार जीसेलपीएस की अल्पना खलखो सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# हुसैनाबाद में निर्विघ्न शुरू हुई मैट्रिक-इंटर की परीक्षा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। हुसैनाबाद के केंद्रों पर मैट्रिक की आईटी व हेल्थ केयर और इंटर की वोकेशनल विषय की परीक्षा ली गयी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र पर आइटी के 38 व हेल्थ केयर के 30 परीक्षार्थि शामिल हुए। जबकि इंटर की वोकेशनल परीक्षा में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कामगारपुर, प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय एवं बक्शी उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर 82 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं, एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल के साथ ही मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गयी है। इसके अलावे उड़नदस्ता के लिए वरीय पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रत्येक केंद्र पर एक केंद्राधीक्षक नियुक्त किए गए हैं। बीइइओ राम नरेश राम ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर शांतिपूर्ण संचालन में जुटे परीक्षकों व केंद्राधीक्षको को जरूरी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हो रही है। उन्होंने अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की। इस दौरान केंद्राधीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह, विश्वजीत चौबे, आमोद प्रकाश, संतोष प्रसाद, वीक्षक शंकर राम, अनिल कुमार पासवान, रामप्रवेश राम, ममता कुमारी सिंह, संध्या कुमारी, रविशंकर विभूति, अखलेश यादव, वीरेंद्र कुमार चौधरी, संजय कुमार और अभिषेक कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

## गर्ल्स हाई स्कूल में इंटर की परीक्षा में एक अनुपस्थित

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** इंटर की परीक्षा में मंगलवार को हरिहरगंज नप क्षेत्र के बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर वोकेशनल विषय की परीक्षा में 25 परीक्षार्थियों में एक अनुपस्थित रहा। परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान दंडाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गर्ल हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर विधि व्यवस्था के बीच कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित हुई। कहा कि परीक्षा कदाचार मुक्त बनाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सहायक केंद्र अधीक्षक रंजीत कुमार सिंह, वीक्षक पूजा कुमारी, अनूप कुमार, अमित कुमार, एसआई रेणुका टुडू के अलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### 17 मार्च की बैठक में सभी पार्षदों को क्षेत्र की समस्याओं के साथ उपस्थित होने की सलाह

# पीएचडी पंप हाउस को रखें दुरुस्त लापरवाही बर्दाश्त नहीं : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने विरासत में मिले निगम क्षेत्र के पेयजल समस्या के तत्काल निदान को लेकर 17 मार्च को निगम कार्यालय में सभी पार्षदों, संबंधित पीएचडी व निगम के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगीं। महापौर ने कहा कि इस वर्ष जल की समस्या विशेष होने की संभावना है जिसके लिए निगम और पीएचडी को पहले से ही तैयार रहना होगा। उन्होंने पार्षदों से बैठक में अपने-अपने वार्ड क्षेत्र की निम्न जानकारी-समस्याओं के साथ आए, ताकि तत्काल उसका समाधान निकाला जा सके। मसलन वार्ड में कितने चांपानल है



महापौर अरुणा शंकर।

उसमें कितने चल रहे, कितने खराब है और कितने चलने योग्य नहीं है। वार्ड में कितने जीवित सरकारी कुए हैं जिसे सफाई कर पीने योग्य बनाया जा सकता है। वर्तमान में पानी का वैकल्पिक व्यवस्था और क्या-क्या किया जा सकता। वार्ड में प्रमुख लोगों की राय से पांच पॉइंट निर्धारित करें जहां टैंकर से पानी सुबह और शाम दिया जा सके। महापौर ने पार्षदों से वार्ड के पांच गणमान्य लोगों का भी नाम और मोबाइल नंबर बैठक में उपलब्ध कराने को कहा है जो अपने वार्ड में पार्षदों के साथ मिलकर पानी की व्यवस्था में निगम को सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर खुद उन सभी लोगों के साथ वार्ड में जाकर बैठक करेंगी। महापौर ने सभी सामाजिक संस्थानों से विशेष अनुरोध किया है कि इस वर्ष ज्यादा से ज्यादा निगम क्षेत्र में पनशाला खोलें। यह एक पुण्य कार्य है और समाज की जरूरत भी है। महापौर ने कहा कि पनशाला के लिए पानी की चिंता ना करें, निगम अलग से शुद्ध पेयजल का टैंकर चलाएगा और सभी पनसाल्ला जहां पानी उपलब्ध नहीं होगा वहां प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया जाएगा। महापौर ने पीएचडी को भी हिदायत दी कि निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अपने सभी पंप हाउस को पीएचडी दुरुस्त रखें। अगर कोई समस्या है तो बैठक में बताएं, ताकि उसका निदान निकाला जा सके। लेकिन लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।

## डीजे बजा रहे लोगों पर डीसी ने की कार्रवाई, छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, पिकअप-साउंड सिस्टम जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार की देर रात शहर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात में बज रहे डीजे का निरीक्षण करने पंहुचे। इस दौरान उन्होंने सदीक चौक और रेडमा दो नंबर टाउन के समीप देर रात डीजे बजा रहे साउंड संचालकों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में छह लोगों के विरुद्ध शहर थाना कांड संख्या 108/2023 में ध्वनि प्रदूषण अधिनियम अंतर्गत धारा 290, 291 भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमें दो वाहन मालिक, दो वाहन चालक और दो साउंड मालिक शामिल हैं। वहीं, मौके से पुलिस ने दो पिकउप वैन, दो साउंड सिस्टम, दो जनरेटर, लाइट सहित कई चीजें जब्त कर ली है। बतातें चलें कि डीसी ने रात 10 बजे के बाद सभी तरह के कार्यक्रमों में डीजे बजाने पर पूर्ण रोक निर्देश दिया है।

## भाजपा नेता ने किया मोबाइल शॉप का उद्घाटन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला-छतरपुर रोड में एलआईसी कार्यालय के समीप सोनी मोबाइल गैलरी नामक शॉप का उद्घाटन भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा और अजय गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि आज की जरूरत के लिहाज से इस शॉप का खोला जाना लोगों और प्रोप्राइटर के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने इस प्रतिष्ठान के प्रोप्राइटर से सबक लेते हुए अन्य युवाओं को भी व्यावसाय के क्षेत्र में उतरने की सलाह दी। वहीं, प्रतिष्ठान के प्रोप्राइटर राहुल कुमार और श्रवण मेहता ने बताया कि यहां सभी प्रकार के मोबाइल फोन और इससे जुड़े अन्य सामाग्रियों की बिक्री शुरू हो गई है।

## एनसीपी के वरिष्ठ नेता के निधन पर शोक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के खजुरिया गांव निवासी एनसीपी कार्यकर्त्ता रामपति भुइयां (60) का निधन मंगलवार को उनके पैतृक आवास पर हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक रामपति भुइयां शुगर की बीमारी से ग्रसित थे। इसी बीमारी ने उनकी जान ले ली। घटना की जानकारी मिलने पर हरिहरगंज-हुसैनाबाद के विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामपति भूईयां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। कहा कि रामपति भूईया के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। इस दुख की घड़ी में हुसैनाबाद विधानसभा एनसीपी परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ी है। अचानक निधन से वे मर्माहत है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में एनसीपी के प्रदेश सचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, युवा नेता सूर्या सोनल सिंह, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, पिपरा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, हरिहरगंज विधायक प्रतिनिधि सरोज कुशवाहा, पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष लालती देवी, कमलेश प्रजापति, हरि भूईया, कान्हा सिंह, सूबेदार भूईया, रंजन भुईयां, उपेंद्र भुईयां, विमल भुईयां, सत्येंद्र भुईयां, पिंटू भुईयां, कृष्णा भुइया, शंभू भुइया, उदेश भुइयां आदि का नाम शामिल है। उसका दाह संस्कार पैतृक स्थित श्मशान घाट पर किया गया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

आवश्यक सूचना।
(नोटिस)

नाम–1. विजय कुमार जयसवाल उर्फ बिजु जयसवाल, पिता–स्व0जगदीश जयसवाल, सा0–पुरानी हटरी, थाना+जिला–रायगढ, (छ0ग0) आपको सूचित किया जाता है कि आप नगरउंटारी थाना कांड सं0–122/2018 दिनांक–16.07.2018 धारा–420/406/385/387/511/323/504/506/भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त है, और उक्त कांड में अबतक फिरार है। माननीय न्यायालय श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अनुमण्डलीय न्यायालय, नगरउंटारी, गढ़वा के द्वारा आपके के विरुद्ध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थायी पता से भी फिरार हैं। आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय द्वारा निर्धारित अवधि के अंदर अविलंब आत्मसमर्पण करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।
PR 292488 (Police) 22-23 (D)

**कार्यालय : धनवार नगर पंचायत, धनवार**
ई0मेल- nagar.dhanwar@gmail.com / दूरभाष : 06554 299921

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी विज्ञापन ऐजेंसी/व्यावसायिक प्रतिश्ठानों/विज्ञापन कर्त्ता आदि को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम– 2011 की धारा 171 उपधारा (1) में प्रावधान है कि नगरपालिका के क्षेत्र के भीतर बिना अनुमति के कोई विज्ञापन किसी जमीन, भवन, दिवाल, फ्रेम, छतरी, गाड़ी आदि के ऊपर या पर न लगायेगा, न प्रदर्शित करेगा।

क्षेत्र भ्रमण में पाया गया कि विभिन्न कंपनियों/व्यावसायिक प्रतिश्ठानों के द्वारा धनवार नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विज्ञापन बिना अनुमति के लगा दी गई है, उनसे अनुरोध है कि धनवार नगर पंचायत कार्यालय से तीन दिनों के अंदर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अनुमति लेने के पश्चात् ही विज्ञापन लगाए, अन्यथा बिना अनुमति के लगाए गए विज्ञापन पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम– 2011 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए दण्ड शुल्क वसूली की जाएगी।

नोट : धनवार नगर पंचायत के सूचना पट्ट पर निम्न प्रकार का दर निर्धारित से संबंधित विवरणी उपलब्ध है।

ह0/–
उत्कर्श कुमार, (भा0 प्र0 से0),
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत
PR292577 (Rural Development)22-23*D

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीपरा में लगा स्वास्थ्य कैंप

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** अंतराष्ट्रीय महिंला दिवस पर पीपरा प्रखंड के पीपरा पंचायत सचिवालय में मंगलवार को हिलिंग फिल्डस फाउंडेशन ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर के माध्यम से महिंलाओं द्वारा स्वास्थ्य संबंधित सेवा एवं देखभाल पहुंच को लोगों तक पहुंचाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया गया। क्षेत्र से पहुंची 50 महिंलाओं को बीपी, ऑक्सीजन लेवल तथा बुखार जांच कर उन्हें दवा दी गई। वहीं गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को संस्था के बड़े डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही गई। इस मौके पर संस्था के प्रखंड प्रशिक्षक प्रितम कुमार सिन्हा, फिल्ड कॉऑर्डिनेटर रूबी कुमारी, ममता देवी, एएनएम सीएचओ सरस्वती कुमारी, स्वास्थ्य सामुदायिक प्रदाता (सीएचई) आरती देवी, इंदु देवी आदि थीं।

# जनता दरबार में पहुंची महिला की डीसी से अपील मुझे पति और ससुरालवालों के उत्पीड़न से बचाइये

- जनता दरबार में पहुंचे लोगों की डीसी ने सुनी फरियाद
- संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार आयोजित किया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की अपील की। वहीं, समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में उसका निष्पादन करने का निर्देश दिया।



डीसी आंजनेयुलू दोड्डे की फाइल फोटो।

जनता दरबार में हुसैनाबाद से आयी सुनैना कुमारी ने डीसी को बताया कि उसके ससुराल वाले एक गाड़ी और दहेज की मांग करते हैं। नहीं दे पाने पर उनके साथ पति और ससुराल वाले मारपीट करते है। उसे प्रताड़ित किया जाता है। इसी तरह पाटन से आए चंद्रदेव यादव ने डीसी को बताया कि उन्हें कैंसर हो गया है। पैसे के अभाव में इलाज कराने में असमर्थ है। उन्हें कुछ आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। वहीं डाल्टनगंज के डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज से आए छात्रों ने डीसी से कहा कि उनके प्रिंसिपल द्वारा छात्रवृत्ति का पूरा पैसा मांगा जा रहा हैं। नहीं देने पर कॉलेज से निकालने की धमकी दी जा रही है। इसी तरह चैनपुर से आये रविशंकर सिंह ने डीसी को बताया कि वह बेरोजगार है। इसलिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण लेकर व्यवसाय करना चाहते हैं, ताकि अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर सके। अतः उन्होंने अपने आवेदन के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभान्वित करने की स्वीकृति देने का अनुरोध किया। दूसरी ओर, चैनपुर की ही पूनम देवी ने अपनी बच्ची का नामांकन कस्तूरबा विद्यालय चैनपुर में कराने की डीसी से अपील की। इसी तरह लेस्लीगंज से आयी मनी देवी ने बताया कि वह बेहद गरीब परिवार से आती है। मजदूरी करके किसी तरह अपना गुजर बसर करती है। उसके पति भी हमेशा बीमार रहते है और रहने के लिए घर भी नहीं है। उसने डीसी से अनुरोध किया कि उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर आवास योजना से लाभावित किया जाए। इस दौरान जनता दरबार में जमीन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल-खारिज, जमीन हड़पने, पेंशन, राशन, फीस माफी आदि से सबंधित आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

**ए. के. सिंह कॉलेज**
जपला, पलामू (झारखंड)- 822116
नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय से संबद्ध इकाई
Website- https://akscollege.com, Email-akscollege84@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

1. विज्ञापन दाता का नाम :- प्राचार्य, ए. के. सिंह कॉलेज, जपला पलामू।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक 18.03.23, 11 बजे पूर्वाह्न से 20.03.23 अपराह्न 03 बजे तक।
3. निविदा जमा करने की तिथि :- 25.03.23 को 03 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि :- 03.04.23 को 11 बजे पूर्वाह्न में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- कम्प्यूटर कक्ष, ए. के. सिंह कॉलेज, जपला।
6. निविदा प्राप्त करने का स्थान :- कम्प्यूटर कक्ष, ए. के. सिंह कॉलेज, जपला।
7. निविदा खोलने का स्थान :- प्राचार्य कक्ष, ए. के. सिंह कॉलेज, जपला।
8. कार्यों का विस्तृत विवरण:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्यकाल |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ए. के. सिंह कॉलेज जपला में कैंटीन संचालन हेतु | 10,000/- | 1000/- | 11 माह |

नोट : निविदा की विस्तृत शर्त्तें–महाविद्यालय के वेबसाइट https://akscollege.com पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह./- (सूर्य मणि सिंह)
प्राचार्य
ए.के. सिंह कॉलेज, जपला, पलामू
पत्रांक : P/86/23, दिनांक : 13.03.2023





भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी 17 मार्च से तीन वन-डे की सीरीज शुरू होने जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार को मुंबई में होगा। ऑस्ट्रेलिया की कमान स्टीव स्मिथ ही संभालेंगें।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी 17 मार्च से शुरू होने जा रही तीन वन-डे की सीरीज

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर कप्तान कमिंस, स्मिथ होंगे कप्तान



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 मार्च से 3 वनडे की सीरीज शुरू होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस इस सीरीज से बाहर हो चुके हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। उनकी जगह उपकप्तान स्टीव स्मिथ टीम को लीड करेंगे। बतातें चलें कि कमिंस मां की तबियत खराब होने के कारण दिल्ली टेस्ट के बाद स्वदेश लौट गए थे। 10 मार्च को उनका निधन हो गया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ऑलराउंडर एश्टन एगर भी बीच दौरे में स्वदेश लौटे थे। वनडे सीरीज के लिए दोनों ही वापस भारत आएंगे।

## वनडे सीरीज के लिए दोनों टीमें इस प्रकार

**ऑस्ट्रेलिया टीम :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स केरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जंपा।

**भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल, इशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल और जयदेव उनादकट।

### 10 मार्च को हुआ कमिंस की मां का निधन

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस भारत के खिलाफ दिल्ली टेस्ट के बाद मां की तबियत बिगड़ने की वजह से ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। कमिंस की मां मारिया लंबे समय से बीमार थीं। उन्हें ब्रेस्ट कैंसर था। इसके बाद 10 मार्च यानी शुक्रवार को कमिंस की मां का निधन हो गया। इस वजह से कमिंस ने वनडे सीरीज से बाहर रहने का फैसला किया।

### भारत के खिलाफ 3 वनडे खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलिया से भारत ने टेस्ट सीरीज जीत ली है। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला शुक्रवार को मुंबई में होगा।

### मैक्सवेल और मार्श की वापसी

वनडे में ऑस्ट्रेलियाई टीम में ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल मार्श की लंबे समय बाद वापसी हुई है। मैक्सवेल नवंबर में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद चोटिल हो गए थे। वे एक बर्थडे पार्टी में फिसल गए थे, जिस कारण उनके पैर में चोट आई। वहीं, मार्श बाएं टखने की चोट के कारण काफी समय तक टीम से बाहर रहे थे। मैक्सवेल डोमेस्टिक क्रिकेट में वापसी कर चुके हैं। हालांकि, वापसी के बाद पहले ही मैच में उन्हें उंगली में चोट आई थी। लेकिन अब वह चोट से उभर चुके हैं और भारत के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं।

### रिचर्डसन की जगह एलिस शामिल

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन स्क्वॉड में शामिल थे, लेकिन चोट की वजह से वे भी बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने कुछ दिन पहले इसकी जानकारी दी थी। उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट आई है। 26 साल के रिचर्डसन की जगह टीम में मीडियम फास्ट बॉलर नाथन एलिस को शामिल किया गया है।

**न्यायालय अनुमंडल दण्डाधिकारी, गिरिडीह सदर**
**दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–144 के अन्तर्गत निशेधाज्ञा आदेश**

वाद सं0–131/न्या0 2023

झारखण्ड अधिविद्य परिशद्, राँची द्वारा आयोजित वार्शिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा–2023 दिनांक 14.03.2023 से 03.04.2023 तक विभिन्न तिथियों में गिरिडीह अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न केन्द्रों में आयोजित की जायेगी। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश एवं झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम–2001 के आलोक में उपरोक्त दोनों परीक्षाओं को स्वच्छ, शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार रहित परीक्षा संचालन किया जाना आवश्यक है। परीक्षा केन्द्रों के आस–पास विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निम्नालिखित परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की परिधि में दं0प्र0सं0 की धारा 144 के अन्तर्गत निशेधाज्ञा लागू करना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः मैं विशालदीप खलखो, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गिरिडीह उपरोक्त कारणों से संतुश्ट होकर दं0प्र0सं0 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वार्शिक माध्यमिक परीक्षा–2023 एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा–2023 गिरिडीह अनुमंडल क्षेत्र अन्तर्गत उपरोक्त परीक्षा केन्द्रों के निकट 500 गज की परिधि में निषेधाज्ञा जारी करता हूँ तथा आदेश देता हूँ कि :–

1. निशेधाज्ञा क्षेत्र के अन्तर्गत उक्त परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 500 गज की परिधि वाले क्षेत्र में पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने/लाठी भाला/पारम्परिक अस्त्र–शस्त्र के साथ एकत्रित होने पर रोक लगायी जाती है।
2. परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज–पत्र या अन्य सामग्री वितरित करना अथवा उसका प्रचार करने या करवाने पर रोक लगायी जाती है।
3. ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने पर पूर्ण रूपेन रोक लगाई जाती है।
4. यह आदेश कार्यावधि के दौरान पुलिस बल, अर्धसैनिक बल द्वारा शस्त्र लेकर चलने पर प्रभावी नहीं होगा।
5. ऐसे अन्य कार्यकलापों में संलग्न होना जिससे परीक्षा के संचालन या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो पर रोक लगायी जाती है।

परन्तु झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 की धारा 8(ग) में अन्तार्विष्ट कोई भी बात ऐसे परीक्षा केन्द्र में ली जा रही परीक्षा में शामीलहोने वाले परीक्षार्थियों के सद्भावी कार्यकलापों के संबंध में लागू नहीं होगी।

यह आदेश आज दिनांक 13.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया जो परीक्षा प्रारम्भ की तिथि से परीक्षा समाप्ति की तिथि तक प्रभावी रहेगा।

ह0/–
अनुमंडल दण्डाधिकारी,
गिरिडीह
PR292512 (Giridih)22-23*D

## मदनाडीह में बजरंग पनशाला का उद्घाटन



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। मदनाडीह स्थित एसबीआई शाखा के समीप मंगलवार को श्री बजरंग पनशाला का उद्गाटन राम रहीम के नाम से मशहुर कांग्रेस नेता असलम मंसुरी व राजकुमार महतो ने किया। यह पनशाला एक समाजिक कार्यकर्ता मंगरू महतो द्वारा खोला गया है। नेताद्वय ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों की प्यास बुझाना नेकी का काम है। गर्मी में बैंक आने जाने वाले खाताधारकों के साथ इधर से गुजरने वाले राहगीरों को इस पनशाला से काफी राहत मिलेगी। मंगरू ने बताया कि यहां शुद्ध और शीतल पेय जल की व्यवस्था है। इस मौके पर मो असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, शिबलू खान, राहुल गौतम आदि मौजूद थे।

## उत्पादन लक्ष्य के साथ विस्थापन समस्या व परियोजना विस्तारीकरण को लेकर हुई चर्चा




बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बरोरा क्षेत्रीय सभागार में बरोरा एवं ब्लॉक दो क्षेत्र के महाप्रबंधको एवं उनकी टीम के साथ निदेशक तकनीकी ने मंगलवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन एवं प्रेषण में गत वर्ष की तुलना में हुए बढ़ोतरी, आने वाले वित्तीय वर्ष में उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने का प्लान एवं निकट भविष्य में सामने आनेवाली बाधायें के ऊपर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से चर्चा की। आगामी मानसून को देखते हुए दोनों क्षेत्रों में किए गये तैयारियों का जायजा लेते हुए पॉज़िटिव ग्रोथ के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देने का काम किये। इसके बाद डिटी ने ब्लॉक दो क्षेत्रीय कार्यालय में केशरगगढ़ पुनर्वास योजनाको लेकर ग्रामीणों के साथ वार्ता की। इस दौरान निदेशक तकनीकी उदय अनंत कावले ने कंपनी की ओर से विस्थापन को लेकर दिए जाने वाले लाभ के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को भी अपना पक्ष रखने की बात कहा। निदेशक तकनीकी ने कहा कि ब्लॉक दो परियोजना के विस्तारीकरण में केशरगगढ़ बस्ती को खाली कराना अतिआवश्यक हो गया है। इस पर मौजूद विस्थापित ग्रामीणों ने अपना पक्ष अगली बैठक में रखने की बात कही। वार्ता में प्रबंधन की ओर से ब्लॉक दो जीएम चितरंज कुमार,अपर महाप्रबंधक एसबी कुमार,भु संपदा पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, परियोजना पदाधिकारी केके सिंह, टीएस चौहान और ग्रामीणों की ओर से शशि कुमार महथा, संजय महथा, दिवाकर महथा, प्रदीप महथा, अवधेश महथा, शिव शंकर महथा, शंभु कुमार महथा और विकास महथा शामिल थे।

## एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो स्टील प्लांट से मार्च 2023 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं और सेवानिवृति के उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से मंगलवार को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके आरंभ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-सेवाएं) नंदा प्रियदर्शिनी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। सीनियर डीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ केबी मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। वहीं, सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) शैलजा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। चीफ मैनेजर मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, दिल्ली, एस सुखडिया एवं प्रबंधक मैक्स लाइफ इंश्योरेंस, रांची विकाश झा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। वरीय प्रबंधक (कार्मिक-सेवाएं) नंदा प्रियदर्शिनी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल



बलियापुर (आजाद सिपाही)। सिंदरी के दिवंगत पत्रकार मिलींद सिंह के बड़े बेटे आयुष सिंह मंगलवार को सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। आनन-फानन में उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया। जहां से उपचार के बाद उसे घर ले जाया गया। फिलहाल उसकी स्थिति ठीक बताई जार ही है। जानकारी के मुताबिक आयुष सिंदरी स्थित अपने आवास से बाइक लेकर बलियापुर के पलानी स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के लिए निकला था। भिखराजपुर भुंइफोर हीरक रोड के पास ट्रक से टक्कर हो गई। वहीं से गुजर रहे बलियापुर के सीओ ने उसे उठाकर बलियापुर स्वास्थ्य केंद्र लाया।

### जमसं के बैनर तले मजदूरों ने किया शताब्दी परियोजना का चक्का जाम

# 5 घंटे उत्पादन प्रभावित

**सकारात्मक आश्वासन के बाद आंदोलन हुआ समाप्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



शताब्दी परियोजना का चक्का जाम कर प्रदर्शन करते जमसं समर्थित मजदूर।

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र की मुराईडीह कोलियरी अंतर्गत संचालित माइनप भूमिगत खदान के मजदूरों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) के बैनर तले मुराईडीह शताब्दी परियोजना सहित बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र का चक्का जाम कर दिया। इस कारण लगभग पांच घंटे तक उत्पादन और डिस्पैच पूरी तरह बाधित रहा। सैकड़ों माइनप के मजदूर मुराईडीह वर्कशाप एवं शताब्दी वर्कशाप पहुंच गए और दोनों वर्कशॉप को बंद कराकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। खबर पाकर दोपहर एक बजे महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने जमसं के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम से फोन पर बात की। जिसके बाद धरना स्थल पर मुराईडीह के परियोजना पदाधिकारी मजदूरों के बीच पहुंचे। पीओ ने बुधवार को मांगों पर सकारात्मक वार्ता करने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद मजदूरों ने आंदोलन तत्काल समाप्त कर दिया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जमसं (असंगठित) बरोरा एवं ब्लाक टू क्षेत्र के सचिव अमरेंद्र कुमार एवं दीपक चौहान ने कहा कि पूर्व में मजदूरों ने बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया था। जिसमें प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 10 मार्च को वार्ता में बुलाया जाएगा, लेकिन प्रबंधन अपने वादे से मुकर गयी। प्रबंधन की वादा खिलाफी के विरुद्ध बाध्य होकर आंदोलन पर उतरना पड़ा।

## नियोजन की मांग को लेकर जलेश्वर समर्थकों की बैठक

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबाद ईदगाह के समीप मंगलवार को जलेश्वर समर्थकों ने बैठक कर गोपालीचक में आई नई महालक्ष्मी आउटसोर्सिंग कंपनी से स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन देने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डब्ल्यू पासवान ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन को बेरोजगारों को नियोजन देना होगा। कंपनी के चलने से यहां के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधन को चेताते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो राम रहीम के नेतृत्व में कंपनी के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर कारु गुप्ता, मो आजाद, राजन अहमद, सुजीत चौहान, नागराज पासवान, नीतीश कुमार, सुरज भुइंया, किशोर बाउरी, संतोष पासवान आदि थे।

## धनबाद झामुमो की नयी कमेटी की घोषणा, लखी सोरेन अध्यक्ष, मुकेश सिंह बने जिला उपाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लंबे इंतेजार के बाद झामुमो जिला की नई कमेटी की घोषणा हो गई। मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर झामुमो के नए जिला अध्यक्ष समेत कमेटी के सभी मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलकर बधाई दी। बतातें चलें कि पुरानी कमेटी को भंग किये जाने के बाद जिला में कोऑर्डिनेशन कमेटी ही सभी कार्यों की देख-रेख कर रही थी। करीब तीन महीने बाद नई कमेटी की घोषणा के बाद कार्यकर्ता में जश्न का माहौल है। नव मनोनीत अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में विधानसभा,लोकसभा के चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी।

वहीं, नव गठित कमेटी में मुकेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए जाने पर उन्होंने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय एवं धनबाद के संयोजक मंडली के सदस्य अमितेश सहाय, डॉ निलम मिश्रा आदि का आभार व्यक्त किया। कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जिस भरोसे से उन्हें दायित्व दिया हैं उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगें। साथ ही 2024 में धनबाद जिला से अधिक से अधिक विधानसभा सीट पार्टी की झोली में डालने का प्रयास करेंगे। नई कमेटी में लखी सोरेन जिला अध्यक्ष, कालीचरण महतो, लखन प्रमाणिक, मुकेश सिंह, अजय रवानी उपाध्यक्ष, मन्नू आलम सचिव, संगठन सचिव का पद मदन महतो और बोदी लाल हांसदा, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू बनाये गये हैं। संयुक्त सचिव मनोज महतो, फूलचंद किस्कू,तपन तिवारी और एजाज अहमद मल्लिक है।

## महिला फुटपाथ दुकानदारों के लिए कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** नासवी और धनबाद शहर स्तरीय फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को विश्व महिला दिवस के अवसर पर एप्पल रेस्टोरेंट बेकारबांध धनबाद सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बचौर मुख्य अतिथि पूर्व महापौर इंदू देवी, आसनी सिंह, धनबाद महिला थाना प्रभारी विशाखा कुमारी और महिला समाजसेवी पुष्पा मेहता, अधिवक्ता जया कुमारी आदि उपस्थित थीं। सभा की अध्यक्षता धनबाद शहर स्तरीय पथ विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष भगवानदास शर्मा और नासवी के सिटी मैनेजर स्नेहम कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर संगठन के सभी क्षेत्र से महिला दुकानदार से सैकड़ों की तादाद में उपस्थित थी। महिला टीवीसी मेंबर प्रमिला देवी, सुनीता देवी लक्ष्मी देवी भारतीय रानी देवी आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व महापौर ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि दुकानदारों के साथ हमेशा सुख दुख में साथ रहेंगी। वहीं महिला थाना प्रभारी ने अपने स्तर से शहर में फुटपाथ महिला दुकानदारों की प्रशासनिक स्तर से सहायता का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि जो भी मेरे लायक सेवा दुकानदारों के लिए हो दुकानदार बेझिझक उनसें मिलें। उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, नासवी सिटी मैनेजर स्नेहम कुमार सिन्हा ने महिला दुकानदारों के संबोधन में कहा कि आज धनबाद शहर में फुटपाथ महिला दुकानदारों की स्थिति बहुत दयनीय है। दुकानदारों को सरकार की योजनाओं का लाभ सही ढंग से मिलना चाहिए।

### सीएसआइआर-सिंफर धनबाद में पूर्वी कमांड भारतीय सेना के अधिकारियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत

# सिंफर विज्ञान और उद्योग को एक साथ लानेवाला प्रतिष्ठित संस्थान : संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



कौशल विकास कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय सेना और सिंफर के पदाधिकारीगण।

**धनबाद।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान धनबाद में भारतीय सेना के पूर्वी कमांड के अधिकारियों के लिए सीएसआइआर एकीकृत कौशल पहल के तहत भूमिगत उत्खनन तकनीक विषय पर कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 13 से 28 मार्च तक आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में भारतीय सेना के पूर्वी कमांड के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को भूमिगत उत्खनन तकनीकों के बारे में गहन जानकारी दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह संस्थान के बरवा रोड स्थित सभागार में हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड धनबाद के निदेशक तकनीकी संजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा, मुख्य वैज्ञानिक डॉ जय कृष्ण पांडेय, डॉ सी सौम्लियाना एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आदित्य राणा द्वारा किया गया।

संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर अरविंद मिश्रा ने कहा कि यह संस्थान के लिए गौरव का विषय है कि हमें सेना के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अवसर मिला है। उन्होंने भारत के वृहद्तम अनुसंधान संस्थानों में से एक सीएसआइआर का जिक्र करते हुए सीएसआइआर-सिंफर के संबंध में अवगत कराया। साल 1946 में स्थापित और सीएसआइआर की 38 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में से एक सिंफर ने हाल ही में अपना प्लैटिनम जयंती मनाया। उन्होंने बताया कि सिंफर के दो परिसर हैं। बरवा रोड परिसर प्रमुख रूप से कोयला एवं धातु खनन, ईंधन, पर्यावरण प्रबंधन, परीक्षण, विश्लेषण एवं सिविल निर्माण के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास कार्य कर रहा है। संस्थान का डिगवाडीह परिसर कोयला कार्बनीकरण, कोक निर्माण प्रक्रिया, कोयला से मेथेनॉल, कोयला से हाईड्रोजन, कोयला से सिनगैस जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि यह संस्थान 1980 के दशक से ही सुरंग उद्योग को सहायता प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है और इसने औद्योगिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए देश के विभिन्न भागों में परिवहन प्रणालियों और जलविद्युत परियोजनाओं के लिए लगभग 100 सुरंगन परियोजनाओं में परामर्श प्रदान किया है। वर्ष 2018 से सिम्फर रणनीतिक अवसंरचनाओं के निर्माण में गति लाने के लिए बीआरओ को सक्रिय रूप से सेवाएं प्रदान कर रहा है। प्रोफेसर मिश्रा ने बताया कि यह संस्थान बीआरओ के साथ रणनीतिक परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है, जिससे भारतीय सेना सिंफर की विशेषज्ञता से परिचित हुआ। हिमालयी क्षेत्र विश्व के सबसे दुर्गम क्षेत्रों में से एक है। इसलिए यहां सुरंग निर्माण करना बेहद ही कठिन कार्य बन जाता है। जहां तक उत्खनन अभियांत्रिकी और पर्यावरण की बात है, यह कार्य कठिन के साथ-साथ काफी चुनौतीपूर्ण भी हो जाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम को तैयार किया गया है, जिसमें 15 वैज्ञानिक उत्खनन से संबंधित विविध विषयों पर प्रशिक्षण देंगें। इस दौरान माइन विज़िट और संस्थान के विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का दौरा भी कराया जाएगा। वहीं, मुख्य अतिथि संजय सिंह ने कहा कि यह धनबाद के लिए ही अत्यंत गौरव की बात है कि कोयलांचल में राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित भारतीय सेना जैसे सर्वश्रेष्ठ संगठन के अधिकारीगण प्रशिक्षण के लिए आए हुए हैं। उन्होंने बताया कि सिंफर विज्ञान और उद्योग को एक साथ लाने वाला एक अत्यंत ही प्रतिष्ठित संस्थान है, जो खनन एवं ईंधन क्षेत्र के अलावा सुरंग तैयार करने में अपनी विशेषज्ञता प्रदान करता है। भारतीय सेना पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों में कार्य करता है। इको-सिस्टम को प्रभावित किए बिना कैसे ये कार्य किए जाएं सिंफर इसके लिए बेहतरीन सहयोग प्रदान कर सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सुरंग बनाते समय कैसे विस्फोटकों का प्रयोग किया जाए, किन-किन बातों का ध्यान रखा जाए आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। वहीं, डॉ जय कृष्ण पांडेय ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय, जबकि डॉ आदित्य राणा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का विवरण पेश किया। कनिष्ठ सचिवालय सहायक संस्कृति कुमारी ने मंच संचालन किया। इसकी जानकारी साहाना चौधुरी और अनिमा कुमारी महातो ने दी।

## पूर्व वार्ड पार्षद सत्येंद्र सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। फुसरो नगर परिषद के पूर्व वार्ड पार्षद सत्येंद्र नारायण सिंह के निधन पर नप कार्यालय सभागार में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया आदि ने दिवंगत सत्येंद्र नारायण सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा का संचालन उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने की। नप अध्यक्ष ने कहा कि सत्येंद्र नारायण सिंह एक प्रसिद्ध समाजसेवी थे। फुसरो नगर परिषद के पहले कार्यकाल 2008 में पार्षद बने थे। पार्षद बनकर लोगों की सेवा कर एक मिसाल कायम की थी जो अनुकरणीय है।

**जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग**

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को हजारीबाग जिला में अवस्थित बालूघाटों के संचालन हेतु तैयार Draft DSR (बालू खनिज) को जिले के बेवसाईट NIC Portal-htts://hazaribag.nic.in पर 21 दिनों के लिए आम जनता के आपत्ति अथवा सुझाव हेतु Upload किया गया है।

इस संदर्भ में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा सुझाव देना हो, तो जिला खनन कार्यालय, हजारीबाग में किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित कर लिखित रूप में या कार्यालय ई–मेल dmo-hazaribagh@jharkhandmail.gov.in पर आपत्ति अथवा सुझाव दिया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR.NO.292583 Mines and Geology(22-23):D

**झारखण्ड सरकार**
**आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स, मोराबादी, राँची**

**सूचना**
**मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना**

झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष–2023–24 हेतु मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना, 2020 (संशोधित, 2022) अन्तर्गत आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एण्ड नॉर्थन आयरलैण्ड के लिए चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा यथा Masters/M.Phil हेतु चयनित छात्र–छात्राओं (अधिकतम 25) को छात्रवृति प्रदान की जाएगी।
ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि–15 मार्च, 2023
आवेदन की अंतिम तिथि–31 मई, 2023
आवेदन ऑनलाईन निम्न लिंक पर किया जा सकता है :–
www.mgos.jharkhand.gov.in

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति की विशेष जानकारी हेतु उपर्युक्त विभागीय साईट का अवलोकन किया जा सकता है।

आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड, राँची

PR 292519 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(22-23).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-01/RDSD/RAMGARH/05/2022-23(2nd Call)*
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DUF/DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DUF /01/2022-23 | Dulmi | Constrction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Beyang | 16.48500 | 33000.00 | 5000.00 | 31.05.2023 तक होगी। |
| 2 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DUF /29/2022-23 | Chitarpur | Construction of Boundry wall with Gate for Upgraded High School Sukrigarha | 14.77104 | 30000.00 | 2500.00 | 3 माह (तीन माह) |
| 3 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /35/2022-23 | Gola | Construction of Boundry wall with Gate for UPG H.S Nawadih | 17.09706 | 35000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 4 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /37/2022-23 | Mandu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG P.S Lakri gate Kujju | 17.00896 | 35000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 5 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /38/2022-23 | Patratu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Dudagi | 17.96124 | 36000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 6 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /41/2022-23 | Patratu | Construction of Boundry wall with Gate for Middle School Riverside Saunda | 87.57235 | 176000.00 | 10000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 7 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /45/2022-23 | Gola | Construction of Boundry wall with Gate for UMS Serenghatu | 30.09119 | 61000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 8 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /47/2022-23 | Gola | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Sarangdih | 22.84510 | 46000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 9 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /49/2022-23 | Mandu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Dumerbera | 36.06065 | 73000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 10 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /50/2022-23 | Mandu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Gargali | 24.79892 | 50000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 11 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /51/2022-23 | Mandu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Sarangdih | 38.73930 | 78000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 12 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /57/2022-23 | Patratu | Construction of Boundry wall with Gate for P.S Nichedhora Bhurkunda | 76.98919 | 154000.00 | 10000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |
| 13 | RE-01/RDSD/RAMGARH/DMFT /58/2022-23 | Patratu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Lem | 40.37892 | 81000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 17.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 24.03.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 25.03.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.03.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9. अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :– 50 (लाख) से ऊपर की निविदा के लिए दो लिफाफा पद्धति में लागु होगा।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 292492 Rural Work Department(22-23).D

## पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन संबलपुर ने 14 महिला रेलवे कर्मचारियों को किया सम्मानित



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह ने रेलवे में उत्कृष्ट योगदान के लिए संबलपुर मंडल की 14 मेधावी महिला रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया। श्रीमती सिंह ने कहा कि महिलाएं समाज की संरचनात्मक नींव हैं। उन्होंने महिलाओं को घर से लेकर समाज या किसी अन्य संस्थान तक प्रत्येक क्षेत्र में अपना अच्छा काम जारी रखने की सलाह दी। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष रुचिका सिंह, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्या और बड़ी संख्या में महिला रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया।

## नकली बंदूक की फैक्ट्री पर छापा, बंदूकों के साथ बनाने का सामान जब्त, एक गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गंजाम जिले के जगन्नाथ प्रसाद थाना पुलिस ने ब्रह्मपुर नयागड जिले के उडगांव थाना क्षेत्र के डीमिरीपल्ली गांव के मोहन मलिक नामक बंदूक बनाने वाले को गिरफ्तार कर चार बंदूकें और बंदूक बनाने के उपकरण जब्त किये हैं। जगन्नाथप्रसाद पुलिस ने विशेष सूत्र से सूचना मिलने पर गत 26 फरवरी को खईरपुट गांव के सुशांत कुमार नायक के घर पर छापेमारी की। इसी बीच एक देशी बंदूक जब्त की गयी और जब सुशांत से पूछताछ की गयी, तो उसने खुलासा किया कि उक्त बंदूक उसने मोहन मलिक से नौ हजार रुपये में खरीदी थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने मोहन मलिक के घर पर छापा मारा और बंदूक एवं उपकरण जब्त कर मोहन के खिलाफ धारा 25/1ए, केस नंबर 126/23 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बंदूक प्रस्तुतकारी मोहन से पूछताछ में पता चला कि 30 साल से यह फैक्ट्री चला रहा था और उसने खुलासा किया है कि अब तक तीन हजार से ज्यादा बंदूकें बनायी हैं।

# आइएमएस और सम अस्पताल में चिकित्सा शिक्षा पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवादताता



**भुवनेश्वर।** चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने वाले फैकल्टी सदस्यों को अधिक ज्ञान प्राप्त करने और बेहतर शिक्षक कैसे बनें इस पर प्रशिक्षित करने के लिए सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू की गयी। राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के दिशा-निर्देशों के तहत और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र डीन आईएमएस एंड सम हॉस्पिटल ने किया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इस बात पर चर्चा करना है कि यदि चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने वाले संकायों को बेहतर प्रशिक्षित किया जाए तो वे मेडिकल छात्रों को अधिक सक्षम और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण डाक्टर बनने में मदद कर सकते हैं और समाज की जरूरतों के अनुसार बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकता हे इस कर्मशाला का मुख्य उद्देश्य था।

राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद के पर्यवेक्षक प्रो (डॉ) श्रीकांत पंडा, आइएमएस एवं सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंघार, चिकित्सा शिक्षा प्रमुख प्रो (डॉ) प्रकाश कुमार साहू, अतिरिक्त डीन प्रो (डॉ) अजय जैना, सुपरिटेंड प्रो (डॉ) राजेश लेंका, प्रो (डॉ) रचिता षडंगी और प्रो (डॉ) देबाहुति महापात्र ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में आइएमएस और सम अस्पताल के विभिन्न विभागों के लगभग 30 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

## दसवीं (मैट्रिक) के हिंदी और संस्कृत के परीक्षा प्रश्नपत्र वायरल होने की खबर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** नबरंगपुर जिले में दसवीं (मैट्रिक) के प्रश्नपत्र वायरल हो गये। मंगलवार को जब मैट्रिक की परीक्षा के लिए हिंदी और संस्कृत की तीसरी भाषा की परीक्षा हो रही थी, तब पहले हिंदी का प्रश्न पत्र लीक हुआ और संस्कृत की परीक्षा का उत्तर लीक हो गया। परीक्षा शुरू होने के कुछ देर बाद ही मोबाइल से मोबाइल हिंदी का प्रश्न पत्र वायरल हो गया। प्राथमिक स्तर पर जानकारी मिली कि नबरंगपुर सदर प्रखंड बिक्रमपुर उच्च विद्यालय से प्रश्न पत्र लीक हुई है। सच्चाई का पता लगाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर जांच की। परीक्षा खत्म होने के बाद जिला शिक्ष अधिकारी ने कहा कि वायरल हो रहे हिंदी के प्रश्नपत्र सही है, लेकिन ये विक्रमपुर उच्च विद्यालय का नहीं है। उधर, उन्होंने कहा कि संस्कृत उत्तर खाते को लेकर जांच चल रही है। अब भी जांच चल रही है। स्कूल शिक्षकों के मोबाइल चेक किए जा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आगे की जांच के बाद सब कुछ पता चलेगा। हालांकि, स्कूल के प्रधानाध्यापक ने प्रश्न पत्र लीक को लेकर पूरी तरह इनकार किया और कहा कि वह सभी जांचों के लिए तैयार हैं।

### नाम परिवर्तन



शपथ पत्र संख्या 98384 दिनांक 14.03.2023 के अनुसार **मैं अभय कुमार सिंह पिता स्व. रघुनाथ सिंह,** उम्र लगभग 43 वर्ष, धर्म हिन्दु, राष्ट्रीयता भारतीय पेशा व्यापार, ग्राम तीनतारा, पोस्ट लोकाई, थाना वो जिला कोडरमा, राज्य झारखंड शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पता का स्थायी निवासी हूं एवं मेरा आधार सं. 3389 6786 3881 हैं।
2. यह कि पलक सिंह मेरी पुत्री है। घर का पुकारू नाम मानसी सिंह है। मेरी पुत्री का आधार सं. 2429 0551 6015 है।
3. यह कि मेरी पुत्री की उम्र लगभग 15 वर्ष है।
4. यह कि मेरी पुत्री का स्कूल में पलक सिंह के नाम से नामांकन दर्ज है और वर्ष 2024 में दसवीं (मैट्रिक) की परीक्षा में बैठेगी, जिसके लिए पंजीयन हो चुका है और पंजीयन पलक सिंह के नाम से हो चुका है, परंतु आधार कार्ड पुकारू नाम मानसी सिंह का नाम दर्ज हो गया है जिसके स्थान पर पलक सिंह का नाम दर्ज कराना है।
5. यह कि आज के बाद से मेरी पुत्री पलक सिंह के नाम से ही जानी जायेगी तथा सभी तरह के कार्य पलक सिंह के नाम से होगा।

# वेदांता एल्युमिनियम और डालमिया सीमेंट लो कार्बन सीमेंट का उत्पादन करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने कम कार्बन सीमेंट के उत्पादन के लिए फ्लाई ऐश और लाइनिंग जैसे औद्योगिक कच्चे माल की आपूर्ति के लिए डालमिया सीमेंट के साथ लंबे समय से सहयोग किया है। इस साझेदारी के तहत, झारसुगुडा वेली में वेदांता का बड़ा एल्युमीनियम स्मेल्टर सीमेंट उत्पादन के लिए ओड़िशा, छत्तीसगड, मेघालय और असम में पांच साल के लिए प्रति माह लगभग 20 फ्लाई ऐश का परिवहन करेगा और तीन साल के लिए राजगांगपुर में संयंत्र को एसपीएल की आपूर्ति करेगा।

वेदांता लिमिटेड सीमेंट उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता वाली फ्लाई ऐश की पसंदीदा आपूर्तिकर्ता है। यह कोयले का उपयोग करके उच्च मात्रा वाले फ्लाई ऐश और थर्मल पावर जनरेशन के वेदांता एल्यूमिनियम स्केल्टर से उत्पन्न होता है। फ्लाई ऐश सीमेंट उद्योग में एक कच्चा माल है, यह सीमेंट की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और कार्बन सामग्री को कम कर सकता है। प्रमुख औद्योगिक अपशिष्ट के रूप में फ्लाई ऐश की भूमिका महत्वपूर्ण है।

सीमेंट उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली हर टन फ्लाई ऐश लगभग 700-800 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 4.2 मिलियन किलोग्राम ऊर्जा और 341 लीटर पानी बचाने में मदद करती है। तदनुसार, एसपीएल सीमेंट के कच्चे माल को ऊर्जा के स्रोत के रूप में संसाधित किया जा सकता है। इससे उत्सर्जन कम होगा, ईंधन की कम खपत होगी और प्राकृतिक संसाधनों का कम इस्तेमाल होगा।

डालमिया सीमेंट के साथ साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए सुनील गुप्ता सीइओ, वेदांता ली ने कहा कि उद्योग की प्रकृति को देखते हुए, वेदांता जैसा एक बड़ा एल्यूमिनियम उत्पादक सीमेंट उद्योग के लिए दीर्घकालिक भागीदार है।

सीमेंट निर्माण जैसे रणनीतिक सहयोग बेहतर गुणवत्ता, स्थिरता और लागत के मामले में कई लाभ प्रदान करेंगे और इसके लिए हम कचरे का उचित उपयोग चाहते हैं। संबंधित उद्योगों के उत्पादन और सतत विकास के लिए यह हमारी महत्वपूर्ण पहल है।

डालमिया सीमेंट के प्रवक्ता ने कहा कि डालमिया सीमेंट भारत की प्रमुख घरेलू सीमेंट कंपनियों में से एक है। भारत में डालमिया सीमेंट अपने सभी हितधारकों के लिए स्थायी तरीके से कीमतें बढ़ाने में रुचि रही है।

वेदांता एल्युमिनियम के साथ हमारी साझेदारी सीमेंट और एल्युमिनियम दोनों के टिकाऊ एजेंडे का समर्थन करने के प्रति दोनों कंपनियों की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। हम वेदांत के साथ सहयोग करके खुश हैं।

# सोआ ने फिलिप्स एजुकेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी ने फिलिप्स एजुकेशन, फिलिप्स मशीन टूल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। नवी मुंबई अपने संकाय और छात्रों को उद्योग के लिए तैयार समस्याओं और लाइव प्रशिक्षण कार्यक्रमों से परिचित कराने में सक्षम बनायेगा। हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार फिलिप्स एजुकेशन, फिलिप्स मशीन टूल्स इंडिया प्रा लिमिटेड हर साल लघु और दीर्घकालिक प्रशिक्षण और 100 प्रतिशत प्लेसमेंट कार्यक्रम के लिए छात्र और संकाय के समर्थन के लिए सोआ के साथ सहयोग की तलाश करेगा। इस उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सेमिनारों और कार्यशालाओं जैसी सहायक गतिविधियों के साथ-साथ परियोजनाओं के साथ कई प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यक्रमों की पहचान स्पष्ट लक्ष्यों, दृष्टिकोणों, डिलिवरेबल्स और समयरेखा के साथ दोनों पक्षों के बीच संयुक्त रूप से की जायेगी। सोआ के प्रो वाइस चांसलर प्रो प्रदीप्त कुमार नंद और फिलिप्स एजुकेशन के हेड सेल्स स्ट्रेटेजी कमल बत्रा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in






























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**